


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण

पटना और रांची से एक साथ प्रकाशित

वर्ष 8 अंक : 650 पटना (झारखंड), गुरुवार 19 दिसंबर 2024 पेज - 12 मूल्य: 1 R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168

## एक नजर

### एके47 बरामदगी के बाद अब मुजफ्फरपुर-वैशाली में पांच जगहों पर एनआईए का धावा

संवाददाता द्वारा

पटना :मुजफ्फरपुर में दो और वैशाली जिले में तीन स्थानों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (ठक्अ) ने धावा बोला है। वैशाली मुख्यालय हाजीपुर में दो जगह पर ठक्अ की टीम छापेमारी कर रही है। इसके अलावा महुआ थाना क्षेत्र में भी टीम ने धावा बोला है। कई गाड़ियों से ठक्अ की टीम के पहुंचते ही हड़कंप मच गया है। हाजीपुर के रउ्ड रोड स्थित एक अधिवक्ता मकान में छापेमारी कर रही है। बागमाली में कृष्णापुरी मोहल्ला में भी जांच चल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक-47 और जमीन से जुड़े मामले में यह जांच चल रही है। वैशाली पुलिस को भी इसकी जानकारी नहीं मिली थी। एनआईए के अधिकारियों ने दोनों जगहों कई सुरक्षाकर्मियों को तैनात कर दिया है। किसी को अंदर आने की मनाही है।

बुधवार की सुबह लगभग चार बजे ठक्अ टीम पहुंची थी। इसके बाद वैशाली एसपी के निर्देश पर पुलिस की तीन टीम बनाई गई थी। एनआईए की टीम के साथ पुलिस ने भी मौके पर पहुंच कर लगभग चार घंटे तक जांच-पड़ताल की। अधिवक्ता के परिवार वालों के मुताबिक घर से कुछ भी नहीं बरामद हुआ है। जांच टीम मीडिया से बिना बात किए वापस लौट गई। अधिवक्ता संदीप कुमार सिन्हा के भाई की हत्या हुई थी। बताया गया कि अधिवक्ता संदीप कुमार सिन्हा की जमीन से जुड़े मामले को लेकर छापेमारी की गई है। उधर, हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के बाघ मली में सत्यम कुमार के घर पर एक-47 से जुड़े मामले में जांच-पड़ताल की गई।

### बिहार में भी बनेगा फिल्म सिटी, केंद्र से 200 करोड़ की डिमांड, लोकेशन को लेकर सस्पेंस

संवाददाता द्वारा

पटनाः बिहार सरकार प्रदेश में फिल्म सिटी बनाने को लेकर प्रयासरत है। इसके लिए सरकार ने केंद्र से सहयोग मांगने का निर्णय लिया है। बिहार सरकार इस परियोजना के लिए केंद्र से 200 करोड़ रुपए की सहायता लेने का प्रस्ताव भेजने जा रही है। कला संस्कृति और युवा विभाग कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि सूबे में फिल्म सहित रचनात्मक उद्यम के विकास के लिए विभाग की ओर से बहुसूत्रीय प्रयास किए जा रहे हैं। कला, संस्कृति और युवा विभाग के मंत्री विजय सिन्हा ने कहा, 'हम बिहार में फिल्म उद्योग को स्थायी आधार देने के लिए 'फिल्म सिटी' विकसित करने जा रहे हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनुमति से स्थान का चयन किया जाएगा। फिल्म सिटी में विश्व स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास में हम केंद्र सरकार से भी सहयोग लेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 200 करोड़ रुपए की सहायता का प्रस्ताव भेजने जा रहे हैं।'उन्होंने बताया, 'फिल्म निर्माण से जुड़ी बारीकियों के अध्ययन के लिए पुणे का फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान एक विश्व स्तरीय केंद्र रहा है। इस संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र पश्चिम बंगाल, केरल, अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में रहे हैं। बिहार जैसे युवा राज्य में आज इसकी व्यापक उपयोगिता है। हम लोगों ने राज्य में एफटीआईआई के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना की पहल की है।'विजय सिन्हा ने कहा कि हम नाट्य विधा को संरक्षित और सुरक्षित करते हुए उससे जुड़ी पढ़ाई और प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की तर्ज पर बिहार नाट्य विद्यालय शुरू करने जा रहे हैं। इस नाट्य विद्यालय के गठन की प्रक्रिया कैबिनेट के अनुमोदन के तत्काल बाद शुरू कर दी जाएगी।

# लालू इफेक्ट से अछूता नहीं नीतीश का 'प्रगति पथ', यात्रा का नाम बदलते ही तेजस्वी का डबल अटैक

संवाददाता द्वारा

पटनाः नीतीश कुमार की बहुचर्चित महिला संवाद यात्रा की जगह प्रगति यात्रा के आधिकारिक ऐलान ने सबको सकते में डाल दिया है। सभी इस पर माथापच्ची कर रहे हैं कि यात्रा का नाम क्यों बदल गया। उनकी प्रगति यात्रा में जब सिर्फ समीक्षा ही होनी है तो इसके लिए 225 करोड़ के भारी भरकम खर्च के प्रावधान की क्या जरूरत है। तेजस्वी यादव ने खर्च पर नीतीश कुमार से जवाब मांगा है। उन्होंने नीतीश से 10 सवाल पूछे हैं। उनमें यात्रा खर्च के साथ एक सवाल यह भी है कि नीतीश कुमार ने अब तक अलग-अलग नामों से जो यात्राएं अब तक की हैं, उसका फलाफल क्या रहा।



तेजस्वी के सवालों का जवाब तो नीतीश कुमार देने से रहे। अलबत्ता भाजपा और जेडीयू के नेता-प्रवक्ता जरूर अपने-अपने तरीके से यात्रा के औचित्य बता रहे हैं। पर, तेजस्वी के एक सवाल का जवाब कोई नहीं दे पा रहा कि यात्रा शुरू होने से पहले ही तीन बार नाम क्यों बदलने की नौबत आई। तेजस्वी सवाल भले पूछ रहे हैं, लेकिन इस सवाल का जवाब भी है उनके पास। वे कहते हैं कि नीतीश मानसिक रूप से अशांत और अस्थिर हो चुके हैं। इसलिए वे अपनी यात्रा का नाम कभी महिला संवाद यात्रा तो कभी समाज सुधार रखते हैं और अब इसे प्रगति यात्रा नाम दिया गया है।

राजनीतिक जानकार इसे लालू यादव के बयान से भी जोड़ कर देख रहे हैं। लालू ने कहा था कि नीतीश महिला संवाद यात्रा पर आंख सेंकने जा रहे हैं। नीतीश कुमार ने देश में सबसे पहले महिलाओं की चिंता की। उन्हें नौकरियों में 35 प्रतिशत तो पंचायत और निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। कई और तरह के लाभ वे महिलाओं को देते रहे हैं। वे महिलाओं की बातों पर अमल भी करते हैं। बिहार में शराबबंदी का फैसला भी उन्होंने महिलाओं के कहने पर ही लिया। इसके बावजूद वे महिलाओं के मुद्दे पर उलझते रहे हैं।

एक बार सारण जिले में महिलाओं से संवाद के क्रम में उन्होंने ऐसी बात कह दी, जिसे लेकर उनकी खूब किरकिरी हुई थी। उसके कुछ ही समय बाद उन्होंने विधानसभा में वही बात दोहरा दी, जिसे लेकर भारी बवाल मचा। भाजपा की एक महिला विधायक तो रो पड़ी थीं। बाद में नीतीश को अपने वक्तव्य के लिए माफी मांगनी पड़ी। अब महिला संवाद यात्रा पर लालू यादव ने ऐसी टिप्पणी कर दी कि यात्रा का नाम ही बदलना पड़ गया।

तेजस्वी यादव नीतीश कुमार पर लगातार हमलावर बने हुए हैं। अपराध और भ्रष्टाचार पर वे उन्हें अक्सर घेरते हैं। अब उनकी यात्रा पर खर्च को लेकर सवाल उठा रहे हैं। नीतीश के अगले कदम को भांप कर तेजस्वी ने 200 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को 2500 रुपए मासिक की सम्मान राशि और सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि की घोषणा कर तेजस्वी उनसे आगे निकल गए हैं। अब नीतीश कुमार को उनसे बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करने की मजबूरी होगी।

# अमित शाह के बयान पर विवाद के बाद बोलीं मायावती- दलितों के लिए बस एक ही भगवान आंबेडकर

लखनऊ

गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में भीम राव आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर अब राजनीति गर्मा गयी है। अब इस विवाद पर बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की भी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व सीएम मायावती ने इस पूरे मामले को लेकर बीजेपी और कांग्रेस पर हमला बोला है। पूर्व सीएम मायावती ने एक्स पर लिखा-ह्यकांग्रेस व बीजेपी एण्ड कम्पनी के लोगों को बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की आड़ में अपनी राजनैतिक रोटी सेंकने की बजाय, इनका पूरा आदर-सम्मान करना चाहिये। इन पार्टियों के लिए इनके जो भी भगवान हैं उनसे पार्टी को कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन दलितों व अन्य उपेक्षितों के लिए एकमात्र इनके भगवान केवल बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर




हैं, जिनकी वजह से ही इन वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले हैं, तो उसी दिन इन वर्गों को सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल गया था।ह्ल

बसपा सुप्रीमो ने आगे लिखा-ह्यअतः कांग्रेस, बीजेपी आदि पार्टियों का दलित व अन्य उपेक्षितों के प्रति प्रेम विशुद्ध छलावा. इनसे इन वर्गों का सही हित व कल्याण असंभव. इनके कार्य दिखावटी ज्यादा, ठोस जनहितैषी कम. बहुजन समाज व इनके महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को समुचित आदर-सम्मान बीएसपी सरकार में ही मिल पाया।ह्ल गौरतलब है कि राज्यसभा में मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर..अंबेडकरकृअंबेडकर कहना। इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्म तक स्वर्ग मिलता। अमित शाह के इस बयान पर विपक्ष बीजेपी पर निशाना साध रहा है और अमित शाह से माफी मांगने और इस्तीफे की मांग कर रहा है।

# गृहमंत्री के आबेंडकर पर दिए बयान पर हंगामा

संवाददाता द्वारा

-गया :गृहमंत्री अमित शाह की ओर से लोकसभा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। इस बयान के खिलाफ जहानाबाद में राजद कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रतिशोध मार्च निकाला और अरवल में अमित शाह का पुतला फूंका।विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे स्थानीय विधायक सुदय यादव ने गृह मंत्री के बयान को ह्यअत्यंत निंदनीयह्ल करार दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने भारत के संविधान का निर्माण कर देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया। गरीब, पिछड़े और दलित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए उनके प्रयासों को दुनिया सलाम करती है। ऐसे महान व्यक्ति के खिलाफ बयान देकर गृहमंत्री ने देश के 90% लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।सुदय यादव ने चेतावनी दी कि अगर गृह मंत्री अमित शाह अपने बयान के लिए माफी नहीं मांगते, तो राजद एक बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि यह पुतला दहन सिर्फ एक संदेश है कि बाबा साहेब आंबेडकर गरीबों और दलितों के मसीहा हैं।

हालांकि, अमित शाह ने लोकसभा में कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर...। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इस बयान को लेकर राजद ने आरोप लगाया है कि इस बयान से बाबा साहेब के योगदान और उनके आदर्शों पर सवाल उठाए गए हैं।

विधायक सुदय यादव ने बाबा साहेब के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने संविधान निर्माण के जरिए गरीब, दलित और पिछड़े वर्गों को समानता और न्याय का अधिकार दिलाया। समाज के दबे-कुचले वर्ग को आरक्षण देकर मुख्यधारा में लाने का काम किया। अंबेडकर ने भारत को एक ऐसा मार्गदर्शन दिया, जिससे देश आज भी विकास कर रहा है।राजद कार्यकताओं ने अपने प्रदर्शन के जरिए यह संदेश दिया कि बाबा साहेब आंबेडकर के खिलाफ किसी भी तरह की टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते हुए उन्होंने कहा कि जो आंबेडकर का अपमान करेगा, वो देशद्रोही कहलाएगा।

# अधिकारियों को खुश करने में जुटी नीतीश सरकार!

संवाददाता द्वारा

पटनाः सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। 1980 बैच के आईपीएस और बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के महानिदेशक-सह-सह-प्रबंध निदेशक आलोक राज को बिहार कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।

अपने कार्यों के साथ-साथ आलोक राज बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। उपर्युक्त व्यवस्था के आलोक में मो. सोहैल, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव अतिरिक्त प्रभार-सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग एवं अध्यक्ष, बिहार कर्मचारी चयन आयोग) बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष के अतिरिक्त प्रभार से मो. सोहैल मुक्त हो जायेंगे। यह आदेश ताकाल प्रभाव से लागू होगा।



सामान्य प्रशासन विभाग ने इसे लेकर अधिसूचना जारी की है।

अभी हाल ही में 13 दिसंबर को राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी विनय कुमार को राज्य का नया डीजीपी बनाया गया। विनय कुमार अब तक पुलिस भवन निर्माण निगम के डीजी के पद पर तैनात थे. सरकार की अधिसूचना में कहा गया है कि विनय कुमार अगले दो साल तक बिहार के डीजीपी पद पर बने रहेंगे। राज्य सरकार ने पूर्व डीजीपी आलोक राज को पुलिस भवन निर्माण निगम में भेजा। वे निगम के डीजी के साथ-साथ सीएमडी बनाये गये हैं। अब वो अपने कार्यों के साथ-साथ बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। बता दें कि आलोक राज को इसी साल 30 अगस्त को बिहार का डीजीपी बनाया गया था। तत्कालीन डीजीपी रजबिंदर सिंह भट्टी के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के कारण ये पद खाली हुआ था। उस समय भी विनय कुमार का नाम डीजीपी पद के लिए सबसे आगे माना जा रहा था लेकिन सरकार ने आलोक राज को कमान सौंपी थी। अब साढे तीन महीने में ही उनकी छुट्टी कर दी गयी।

## सृजन घोटाला में सीबीआई कोर्ट ने सतीश झा को 14 दिनों की जेल हिरासत में भेजा

क्राइम संवाददाता द्वारा

पटना : बिहार के बहुचर्चित सृजन घोटाला के गिरफ्तार आरोपी सतीश चंद्र झा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. दरअसल, आरोपी सतीश को बुधवार को सीबीआई (द्वितीय) के विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह की अदालत में पेश किया गया. सीबीआई ने कोर्ट से 14 दिनों की रिमांड का आग्रह किया. इसके बाद अदालत ने आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बेउर जेल भेज दिया.

गाजियाबाद से सतीश कुमार झा की गिरफ्तारी : बता दें कि, सृजन घोटाले की जांच सीबीआई के पास है और जांच अभी जारी है. सीबीआई इस मामले में लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी कड़ी में सीबीआई ने मंगलवार को गाजियाबाद से कॉपरेटिव सोसाइटी के ऑडिटर सतीश कुमार झा को गिरफ्तार किया. सतीश झा वर्ष 2022 से फरार था. उसे पकड़ने के लिए सीबीआई कई दिनों से छापेमारी भी कर रही थी.

कौन है सतीश झा ? : सतीश झा कॉपरेटिव सोसायटी, बांका के ऑडिटर था. इस घोटाले में उसकी संलिप्तता को देखते हुए सीबीआई ने चार्जशीट भी कर दिया था. इसके बाद सतीश झा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ, लेकिन वह सीबीआई की गिरफ्त में नहीं आ रहा था.

कैसे पहुंची उ्रक ? : इसके बाद सहरसा के बनगांव स्थित सतीश झा के पैतृक गांव में घर पर पुलिस ने इश्तिहार भी चश्पा किया. किसी तरह पुलिस को जानकारी मिली कि वह अपने एक पुराने केस में जमानत के लिए दो लोगों के संपर्क में है. इन दो लोगों को पुलिस ने संपर्क किया और उसके बाद सीबीआई को सतीश के वर्तमान ठिकाने की जानकारी हाथ लगी.वित्तीय परामर्श देता था सतीश : सतीश झा पहले अनुमंडल अंकेक्षण पदाधिकारी था और ऑडिट के दौरान ही मनोरमा देवी के करीब आया था. अनुमंडल अंकेक्षण पदाधिकारी से सेवानिवृत्ति होते ही मनोरमा देवी ने उसे अपनी संस्था में रख लिया. ऐसा कहा जाता है कि सृजन संस्था में वित्तीय कामकाज में सतीश झा की सलाह को सृजन प्रमुख मनोरमा देवी अहम मानती थी.रजनी प्रिया को साहिबाबाद से पकड़ा गया : कहा जाता है कि सतीश झा राशि बंटवारे का हिसाब-किताब भी रखता था. सतीश झा मुख्य अभियुक्त मनोरमा देवी का वित्तीय परामर्शी था. मनोरमा देवी का निधन हो गया है लेकिन सतीश की गिरफ्तारी से पहले मनोरमा देवी की बहू रजनी प्रिया को भी दिल्ली से सटे साहिबाबाद से गिरफ्तार किया गया था.

2100 करोड़ का है घोटाला : बता दें कि सृजन संस्था के द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों के सरकारी खाते से वर्षों तक घोटाला किया जाता रहा. इसका खुलासा वर्ष 2017 में तब हुआ, जब तत्कालीन डीएम आदेश तितरमारे ने चेक काटा और वह बाउंस कर गया.

# लालू परिवार बिहार को लूटने में लगा है'- सम्राट का तेजस्वी के बयान पर पलटवार

संवाददाता द्वारा

पटनाः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 15 दिसंबर से महिला संवाद यात्रा पर जानेवाले थे, मगर इसे रद्द कर दिया गया. अब 23 दिसंबर से प्रगति यात्रा पर निकलने वाले हैं. इसकी शुरूआत पश्चिम चंपारण से होगी. तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर मुख्यमंत्री पर मानसिक रूप से अशांत होने का आरोप लगाया. कहा, इसलिए वो यात्रा का नाम बदल रहे हैं.

तेजस्वी के आरोपः तेजस्वी यादव के इस बयान के बाद राजनीति तेज हो गयी. इससे पहले भी तेजस्वी यादव ने नीतीश की महिला संवाद यात्रा पर पैसे की लूट का आरोप लगाया था. कहा था कि सरकार के खजाने से अलट-पलट




वाली छवि को सुधारने में खर्च किया जा रहा है. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव के इन आरोपों पर पलटवार किया है.

₹नीतीश कुमार पिछले 20 सालों में कई यात्राओं पर निकले हैं. यह नया नहीं है. लालू प्रसाद यादव का परिवार सिर्फ बिहार को लूटने में लगा है. उनक जीवनकाल ही लूटने का प्रमाण हो गया हो. पूरे परिवार ने बिहार को लूटा और अब देश को लूटने का काम कर रहे हैं.₹- सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री

अमित शाह के बयान पर बवालः राज्यसभा में अमित शाह ने बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर को लेकर एक बयान दिया था. जिस पर काफी बवाल मचा हुआ है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर डॉ भीम राव अंबेडकर के अपमान करने का आरोप लगाया. सम्राट चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मानसिकता गड़बड़ा गयी है.

कांग्रेस पर हमलाः सम्राट चौधरी का कहना था कि सदन में कांग्रेस का कोई नेता नहीं बचा है, जो किसी सवाल का सही से जवाब दे सके. अमित शाह को लेकर कांग्रेस के नेता जयराम रमेश जो बोल रहे हैं, वह गलत है. जनता देख रही है कि सदन के अंदर क्या बिल पास हो रहा है और कांग्रेस क्या बोल रही है. इन लोगों को कुछ समझ में नहीं आता.

# छगन भुजबल ने येवला में दिखाई ताकत, महायुति को लेकर बड़ा फैसला

**छगन भुजबल ने इशारों में अजित पवार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि क्या मैं आपके हाथों का खिलौना हूं? क्या आपको लगता है कि जब भी आप मुझे कहेंगे, मैं खड़ा हो जाऊंगा और चुनाव लड़ूंगा, जब भी आप मुझे कहेंगे मैं बैठ जाऊंगा? छगन भुजबल ने दावा किया है कि देवेंद्र फडणवीस उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करना चाहते थे। उनका नाम भी मंत्रिमंडल की लिस्ट में था। अचानक अंतिम क्षण में उनका नाम हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल से मेरा नाम किसने हटाया, मैं यह पता कर रहा हूं। छगन भुजबल की नाराजगी इतनी ज्यादा है कि वह नागपुर का शीतकालीन सत्र छोड़कर नासिक पहुंच गए हैं। अजित पवार ने शरद पवार से बगावत कर एनसीपी तोड़ी थी, तब छगल भुजबल अजित पवार के सबसे बड़े समर्थक बनकर सामने आए थे। छगन भुजबल ने कहा कि वह मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज या निराश नहीं हैं, लेकिन उनके साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, उससे वह अपमानित महसूस कर रहे हैं।**

शशि मिश्रा

**मुंबई :** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल न किए जाने से एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल बेहद नाराज हैं। छगन भुजबल ने बुधवार को अपने चुनाव क्षेत्र नासिक के येवला में समर्थकों की बैठक बुलाई। इस बैठक को बहुत अहम माना जा रहा है। इसमें उन्होंने समता परिषद के कार्यकर्ता और ओबीसी समाज के लोगों को भी बुलाया। छगन भुजबल ने बैठक में साफ किया कि वह मंत्री पद के लिए लड़ेंगे। उनके इस फैसले से महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मच सकती है। मीटिंग में छगन भुजबल ने कहा कि हम वे लोग हैं जो शून्य से लड़कर निर्माण करते हैं। इसलिए, हम फिर से लड़ेंगे, यह लड़ाई मंत्री पद के लिए नहीं बल्कि पहचान के लिए है। आपने कई मंत्रालयों में काम किया है। हम 40 से अधिक वर्षों से काम कर रहे हैं। इसलिए यह कोई मुद्दा नहीं है। यह लड़ाई हमारी है। इसलिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए। हम लोगों को विश्वास में लिए बिना कोई निर्णय नहीं लेंगे। येवला-लासलगांव विधानसभा क्षेत्र के सभी लोगों ने बहुत मेहनत की और मुझे पांचवीं बार मौका दिया। इसके लिए धन्यवाद। हमें क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करना होगा। छगन भुजबल ने इशारों में अजित पवार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि क्या मैं आपके हाथों का खिलौना हूं? क्या आपको लगता है कि जब भी आप मुझे कहेंगे, मैं खड़ा हो जाऊंगा और चुनाव लड़ूंगा, जब भी आप मुझे कहेंगे मैं बैठ जाऊंगा? छगन भुजबल ने दावा किया है कि देवेंद्र फडणवीस उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करना चाहते थे। उनका नाम



भी मंत्रिमंडल की लिस्ट में था। अचानक अंतिम क्षण में उनका नाम हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल से मेरा नाम किसने हटाया, मैं यह पता कर रहा हूं। छगन भुजबल की नाराजगी इतनी ज्यादा है कि वह नागपुर का शीतकालीन सत्र छोड़कर नासिक पहुंच गए हैं। अजित पवार ने शरद पवार से बगावत कर एनसीपी तोड़ी थी, तब छगल भुजबल अजित पवार के सबसे बड़े समर्थक बनकर सामने आए थे। छगन भुजबल ने कहा कि वह मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज या निराश नहीं हैं, लेकिन उनके साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, उससे वह अपमानित महसूस कर रहे हैं। जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि महाराष्ट्र मंत्रिपरिषद में छगन भुजबल को शामिल न करना उनके राजनीतिक करियर को खत्म करने के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा कि लेकिन वह (छगन भुजबल) ऐसे व्यक्ति हैं, जो आसानी से झुकने वाले नहीं हैं। उनके साथ अन्याय हुआ है। उनकी उम्र, स्वभाव और संघर्ष को देखते हुए उन्हें न्याय मिलना चाहिए था। आव्हाड ने कहा कि भुजबल को एहसास हो गया होगा कि उनके खिलाफ साजिश किसने रची। खास बात है कि छगन भुजबल को शरद पवार का विश्वासपात्र माना जाता था लेकिन वह बगावत होने के बाद अजित पवार संग चले गए। यह शरद पवार के लिए बड़ा झटका था। ओबीसी समुदाय के मजबूत नेता माने जाने वाले भुजबल, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में मंत्री थे। संजय राउत ने कहा कि जब मनोज जरांगे ने ओबीसी श्रेणी के तहत मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग के लिए प्रदर्शन किया तो भुजबल ने अतिवादी कदम उठाया। भुजबल के पीछे की अदृश्य शक्ति ने अब उन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भुजबल पर उसी अदृश्य शक्ति ने हमला किया है, जिसने अविभाजित शिवसेना को विभाजित करने में एकनाथ शिंदे का समर्थन किया था। संजय राउत ने कहा कि भले ही भुजबल नखरे दिखाएं, लेकिन यह देखना होगा कि उनमें मानसिक और शारीरिक शक्ति कितनी बची है। उन्होंने कहा कि कुछ विधायक मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने के कारण आंसू बहा रहे हैं लेकिन उन्हें शांत कर दिया जाएगा। वे रोएंगे, लेकिन अंत में चुप हो जाएंगे, क्योंकि एक या दो विधायकों के नाराज होने से राज्य सरकार को कोई खतरा होने की संभावना नहीं है। वे कुछ समय तक रोएंगे, लेकिन उन्हें शांत कर दिया जाएगा।

# मंत्री ने अपने चहेते को बनाया मंडल अध्यक्ष, फूट-फूट कर रोने लगा 20 साल पुराना कार्यकर्ता



जय प्रकाश

**छतरपुर :** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से भाजपा के एक कार्यकर्ता का फूट-फूट कर रोते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो चंदला विधानसभा के पड़रिया का बताया जा रहा है। वीडियो में भाजपा कार्यकर्ता मांगू रैकवार रोते हुए बताते हैं कि वह 2004 से भाजपा में है और लगातार सालों साल भाजपा के लिए काम करते आ रहे हैं लेकिन मंडल अध्यक्ष की घोषणा के दौरान उन्हें मंडल अध्यक्ष ना बना कर किसी दूसरे व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष बना दिया गया। जबकि राय शुमारी में उन्हें 11 वोट मिले थे और दूसरे व्यक्ति को मात्र 9 वोट ही मिले हैं। इसी बात से परेशान होकर मांगू रैकवार बात करते-करते फूट फूट कर रोने लगा। मांगू का कहना है कि वह बीजेपी का एक सच्चा सिपाही है। उसे इस बात का गम नहीं है कि उसे मंडल अध्यक्ष नहीं बनाया गया बल्कि उसे इस बात का गम है कि एक ऐसे व्यक्ति को उसकी जगह पर मंडल अध्यक्ष बना दिया गया है, जिसे किसी की सिफारिश मिली है। लोगों ने मुझे चुना था लेकिन घोषणा किसी दूसरे व्यक्ति की ही हो गई। मांगू रैकवार यहीं नहीं रुके। उसने वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को मेरी जगह पर मंडल अध्यक्ष बनाया गया है, वह वन एवं पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार का नजदीकी है। यही वजह है कि उसे मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। आपको बता दें कि इन दोनों भाजपा कि संगठन में बदलाव का दौर चल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों को बदला जाना है। इसी सिलसिले में छतरपुर जिले में कई मंडल अध्यक्षों को बदलकर नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है

# पीएम मोदी की रैली में वसुंधरा राजे की दमदार एंट्री

सम्ब्रत चतुर्वेदी

**जयपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जयपुर में आयोजित रैली में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की मौजूदगी चर्चा का विषय बन गई। मंगलवार को हुई इस रैली में राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा, एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव और कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद थे। राजे के आने पर मंच पर प्रमुख नेताओं ने उनका अभिवादन किया। इस घटना का एक छोटा सा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे राजे के राजनीतिक रसूख पर चर्चा छिड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जयपुर रैली में कई बड़े नेता शामिल हुए। इसमें राजस्थान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के अलावा केंद्रीय मंत्री और राजस्थान कैबिनेट के कुछ मंत्री भी थे। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के मंच पर पहुंचते ही सभी नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस घटना का एक आधे मिनट का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब घूम रहा है। लोग राजे के राजनीतिक कद और उनके सम्मान को लेकर विभिन्न राय दे रहे हैं। कुछ लोग राजे के राजनीतिक रसूख की तारीफ कर रहे हैं, तो कुछ उनकी राजनीतिक चाल पर सवाल उठा रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं, 'रुतबा बरकरार है मैडम का...'। राजे को सिंधिया परिवार



की बेटी और धौलपुर की बहू भी बताया जा रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'ये देख कर ही दुख होता है लेकिन इनके राजनीतिक जीवन को गहलोत की कमियों पर पर्दा डालना ले डूबा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'गहलोत पर पर्दा डालना तो नहीं कह सकते हैं लेकिन राजनीति में एक दूसरे का मान या लिहाज कह सकते हैं लेकिन अब केन्द्र सरकार के पैर मजबूत हो गये है और उन्हें रिमोट से आपरेटिंग कर सके ऐसे लोगों को मुख्यमंत्री बनाना पसंद था, लेकिन वसुंधराजी उनके लिए रिमोट नहीं बन पाना ही किनारा बन गया'। एक यूजर ने जनाधार और विधायकों के समर्थन को रुतबे के लिए ज़रूरी बताया। लिखा, 'रुतबा उन्हीं का बरकरार रहता है जिनके पास जनाधार होता है और विधायक का सपोर्ट'। एक यूजर ने लिखा, 'इतनी कल्डावण सही नहीं है वसुंधरा जी आगे मोदी जी है भजन लाल जी को सीएम बनाने वाले'। कुछ लोगों ने राजे के पुराने नेता होने का हवाला देते हुए उनके रुतबे को स्वाभाविक बताया। एक यूजर ने लिखा, 'होना भी चाहिए रुतबा, पुराने लीडर तो हैं ही'। एक यूजर ने राजे की कम सक्रियता पर टिप्पणी की, 'ये गायब ही रहती है सिर्फ चुनाव के समय दिखाई देती है में तो भूल ही गया था कि महारानी भी पूर्व उट है'। वायरल वीडियो में मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्री नजर आ रहे हैं। इसे वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्रियों के बीच रुतबे की तरह पेश किया जा रहा है। लेकिन इतना तय है कि वसुंधरा राजे अभी भी राजस्थान की राजनीति में एक अहम किरदार हैं।

# 'आंख' या 2500 रुपया, लालू या तेजस्वी! किसके चलते बदला नीतीश की यात्रा का नाम !



**महिला संवाद यात्रा पर तो ग्रहण उसी दिन लग गया था, जब पत्रकारों को जवाब देते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि वो आंख सेंकने जा रहे हैं। लगे हाथ जब पत्रकारों ने कहा कि नीतीश कुमार ने तो कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भी जीत एनडीए की ही होगी। तो लालू ने कह दिया कि 'पहले आंख सेंकें न अपना। जा रहे है आंख सेंकने। और इसके बाद पक्ष-विपक्ष के बयानवीरों का हमला चालू हो गया। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा को विराम मिला है और प्रगति यात्रा को हरी झंडी। सो,बिहार के मुख्यमंत्री अब 'प्रगति यात्रा' पर निकलेंगे। जानकारी के मुताबिक, सीएम नीतीश की प्रगति यात्रा के प्रथम चरण की शुरुआत 23 दिसम्बर को होगी। वे पश्चिम चंपारण के चनपटिया से इसकी शुरुआत करेंगे। प्रथम चरण में 23 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक यात्रा होगी। इस प्रगति यात्रा की शुरुआत वाल्मीकि नगर, पश्चिम चंपारण से होगी। इस दौरान नीतीश कुमार विभिन्न जिलों में विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे और जनता से संवाद करेंगे।**

रमाकांत चंदन

**पटना :** राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर बैकफुट पर है। महिला संवाद यात्रा पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की टिप्पणी के बाद राजनीतिक माहौल तो गर्म हो ही गया। साथ इसके राजद नेता एक मुहिम चला कर नीतीश कुमार की छवि पर हमलावर हो गए। इसके बाद विपक्ष ने कहीं का ईंट कहीं का रोड़ा की तर्ज पर विधानमंडल की उस घटना का जिक्र कर दिया, जब सीएम नीतीश ने जनसंख्या नियंत्रण पर सदन में बयान दिया था। लांकि यह वह वक्त था जब राजद के साथ नीतीश कुमार की सरकार थी और तब तेजस्वी यादव ने यौन शिक्षा कह कर काम चलाया था। मगर आज वही राजद नेता तब के गड़े मुर्दे उखाड़ कर नीतीश कुमार की छवि पर हमला कर रहे हैं।

**लालू की टिप्पणी का असर, बदला यात्रा का नाम ?:** महिला संवाद यात्रा पर तो ग्रहण उसी दिन लग गया था, जब पत्रकारों को जवाब देते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि वो आंख सेंकने जा रहे हैं। लगे हाथ जब पत्रकारों ने कहा कि नीतीश कुमार ने तो कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भी जीत एनडीए की ही होगी। तो लालू ने कह दिया कि 'पहले आंख सेंकें न अपना। जा रहे है आंख सेंकने। और इसके बाद पक्ष-विपक्ष के बयानवीरों का हमला चालू हो गया।

**नीतीश जाएंगे प्रगति यात्रा पर:** पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा को विराम मिला है और प्रगति यात्रा को हरी झंडी। सो,बिहार के मुख्यमंत्री अब 'प्रगति यात्रा' पर निकलेंगे। जानकारी के मुताबिक, सीएम नीतीश की प्रगति यात्रा के प्रथम चरण की शुरुआत 23 दिसम्बर को होगी। वे पश्चिम चंपारण के चनपटिया से इसकी शुरुआत करेंगे। प्रथम चरण में 23 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक यात्रा होगी।

**प्रगति यात्रा की शुरुआत वाल्मीकि नगर से :** इस प्रगति यात्रा की शुरुआत वाल्मीकि नगर, पश्चिम चंपारण से होगी। इस दौरान नीतीश कुमार विभिन्न जिलों में विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे और जनता से संवाद करेंगे ।23 दिसंबर को वाल्मीकि नगर (बेतिया) से शुरुआत, 24 दिसंबर को पूर्वी चंपारण, 25 दिसंबर को क्रिसमस के कारण यात्रा स्थगित, 26 दिसंबर को शिवहर और सीतामढ़ी, 27 दिसंबर को मुजफ्फरपुर और 28 दिसंबर को वैशाली. वैशाली के बाद नीतीश कुमार पटना लौट आएंगे।

**नीतीश की प्रगति यात्रा क्यों :** हालांकि जदयू सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला संवाद यात्रा टली नहीं है। इस यात्रा को फिलहाल विराम दिया गया है। इसकी कुछ खास वजहें भी हैं। लालू यादव की टिप्पणी के बाद जिस तरह विपक्ष हमलावर हुआ, उससे राजनीतिक जगत में किरकिरी हो रही थी। जेंडर बोध हो रहा था तो वहां संतुष्टीकरण की बात उठने लगी थी। साथ ही साथ महिलाओं की तरफदारी की गंध भी महसूस हो रही थी। संभव हो पार्टी के भीतर लालू यादव की टिप्पणी को ले कर चर्चा हुई होगी। फिर किसी ने इस यात्रा को टालने कर नई यात्रा का नाम प्रस्तावित किया होगा। लालू यादव की टिप्पणी से ज्यादा महत्व तेजस्वी यादव के उस बयान का जिसमें उन्होंने महिलाओं को 2500 देने की घोषणा कर डाली। जदयू के रणनीतिकारों ने समग्रता में विकास को जनता के बीच रखने का सुझाव दिया होगा। विकास के कई कार्यों को गिना कर नीतीश कुमार प्रगति की बात कर एनडीए की सरकार को जनता की नजरों में महत्वपूर्ण बनाने को प्राथमिकता दी होगी। इससे जेंडर बोध को विराम मिलेगा। ये भी हो सकता है कि नीतीश सरकार एक बड़ी प्लानिंग के दौर से गुजर रही हो। जिस तरह से तेजस्वी यादव ने महिलाओं को 2500 रुपए देने की घोषणा की है, उसके जवाब की तैयारी भी हो रही होगी। उम्मीद तो यह भी की जा रही है कि नीतीश कुमार महिलाओं के लिए कुछ नया करने पर विचार कर रहे हैं। संभव है कि बजट सत्र में महिलाओं के प्रति समर्पित योजना को स्वीकृति दें। फिर बजट के बाद महिला संवाद यात्रा की शुरुआत करेंगे और इस दौरान नीतीश कुमार उस योजना के बारे में विस्तार से बताएं और तेजस्वी यादव की घोषणा को प्रभावहीन करने की मुहिम ही चला दे सकते हैं

## संक्षिप्त समाचार

### युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष तबरेज अंसारी बिनोद बिहारी महतो दी श्रद्धांजलि

**धनबाद** झारखंड आंदोलन के शिक्षा पुरोधा के महानायक एवम् पूर्व सांसद बिनोद बिहारी महतो के 33वी पुण्यतिथि पर श्रंद्धाजलि देने सिंदरी विधानसभा उपाध्यक्ष तबरेज अंसारी युवा कांग्रेस विशाल जुलूस एवं बाजे गाजे के साथ विनोद बाबू के समाधि स्थल विनोद धाम पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किये ! शत शत नमन, विनम्र श्रद्धांजलि विनोद बाबू अमर रहे ! झारखंड के वीर शहीदों को हुल जोहार



### भागलपुरः महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज की जयंती समारोह 20 को, तैयारी शुरू

**भागलपुर/निबराज आलम**

भागलपुर। महर्षि संतसेवी परमहंस जी महाराज की 105 वीं जयंती समारोह कुप्पाघाट आश्रम में 20 दिसम्बर को मनेगा। अखिल भारतीय संतमत सत्संग महासभा की ओर से जयंती की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसमें देश के विभिन्न जगहों से साधु-महात्मा के साथ अनुयायी आयेंगे। संत संजय बाबा ने भीषण ठंड से राहत के लिए महासभा के अधिकारी द्वारा गर्म कपड़ों का वितरण होगा।

### पार्षदों पर केस दर्ज करा मुंह बंद करा रहा निगम : अमृता

**भागलपुर/निबराज आलम**

भागलपुर लोकतंत्र में जनहित की बात पर आवाज बुलंद करने वाले पार्षदों पर निगम प्रशासन द्वारा मुकदमा दर्ज होना दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाने पर केस दर्ज कराना निगम में अफसरशाही और तानाशाही को दशार्ता है। यह बातें वार्ड 16 की पार्षद अमृता राज ने पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा, जब क्षेत्र में किसी भी तरह की समस्या होती है तो आम जनता सबसे पहले निचले स्तर के जनप्रतिनिधि (पार्षद) से ही उम्मीद रखते हैं। चाहे बिजली, पानी, सफाई या सड़क-नाला की समस्या हो। जब इन्हीं कार्यों में कुछ पदाधिकारी द्वारा मनमानी का विरोध जनप्रतिनिधि करते हैं तो बदले में केस दर्ज करा मुंह बंद करवाने की साजिश रची जाती है। पार्षदों को आपस में तोड़ने की साजिश रची जाती है। इसलिए हम सभी पार्षदों को आपातकालीन बैठक कर इस लड़ाई को पार्षद संघ के बैनर तले मजबूती से लड़नी चाहिए।

### भिखारी ठाकुर का जयंती मनाया गया

**पटना** , 18 दिसंबर (आरएनएस)। भिखारी ठाकुर का जयंती उनके गाँव मे मनाया गया जिसमे कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए संस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घघाटन एमएलसी वीरेंद्र नारयण यादव सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह सदर एसडीओ लक्ष्मण तिवारी ने दीप प्रज्वालित कर के किया इस अवसर पर हरेश सिंह मुखिया सत्येंदर सिंह उनके परपोता सुशील ठाकुर सहित अनेक लोग शामिल हुए और उनके जीवनी और उनके द्वारा किये गए सरहानीय कार्य की सराहना की और कहा की भोजपुरी के छेत्र मे उन्होंने बहुत कार्य किये है उन्हें भोजपुरी का सेक्सपियर कहा जाता था भोजपुरी मे उन्होंने बहुत मुकाम हासिल किया आज अगर पूरे विशव मे लोग भोजपुरी जानते है तो उसमें भिखारी ठाकुर जी का ही देन है ।



### भागलपुर महोत्सव में आज होगी सारेगामापा के स्टार जय झा की प्रस्तुति

**भागलपुर/निबराज आलम**

भागलपुर महोत्सव के चौथे दिन सारेगामापा के स्टार जय झा की प्रस्तुति होगी। जय के भागलपुर आने से यहां के लोग उत्साहित है। अध्यक्ष रमन कर्ण ने बताया कि बुधवार शाम 6.30 बजे से सारेगामापा के स्टार जय झा की प्रस्तुति होगी। इससे पूर्व महोत्सव में क्लासिकल नृत्य जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता सुबह 11:30 बजे से होगी। जबकि 12 बजे से पेंटिंग प्रतियोगिता ग्रुप एबीसी, जबकि 12:30 बजे से क्लासिकल नृत्य सीनियर की प्रतियोगिता होगी। उसके बाद दोपहर दो बजे से ग्रुप डांस प्रतियोगिता सीनियर, शाम चार बजे से मॉडलिंग पुरुष व शाम पांच बजे से मॉडलिंग महिला का कार्यक्रम होगा।

### विभिन्न समस्याओं के शिकायत हेतु रांची जिला द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर में मांडर के उत्कर्ष तिवारी ने सड़क में गड्ढों एवं छात्राओं से छेड़खानी के विषय पर की शिकायत दिया सुझाव

**मांडर** - जिला उपायुक्त के द्वारा विभिन्न समस्याओं के शिकायत एवं सुझाव के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया था अभी तक हजारों की संख्या में शिकायत दर्ज कर दी गई है और समस्या का समाधान भी हुआ है किसी कड़ी में मांडर के उत्कर्ष तिवारी ने अखबार में प्रकाशित खबर कॉलेज से लौट रही छात्रा के साथ छेड़खानी एवं रांची डाल्टनगंज मार्ग में दर्जनों गड्ढों को लेकर शिकायत की है। उन्होंने सुझाव भी दिया है कि पीसीआर वैन की गश्ती एवं संख्या को बढ़ाया जाए।प्रमुख स्थानों पर पावरफुल सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। जिला प्रशासन द्वारा शिकायत दर्ज करके उचित कारवाई करने करने की बात कही गई है शिकायत नंबर इस प्रकार हैCOMPLAIN NO. 1058



### बिजली ट्रांसफार्मर की समस्या से बिजली उपभोक्ताओं को हुई परेशानी

**साहिबगंज** : सदर प्रखंड के हाजीपुर राजगांव भीठा में स्थित बिजली ट्रांसफार्मर में खराबी होने से बिजली उपभोक्ताओं को हुई परेशानी। मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर से कभी बिजली ज्यादा वोल्टेज निकल रही है और कभी कम जिसके चलते गांव के कई लोगों का लाइट, मोबाइल चार्ज इत्यादि खराब हो चुका है । जबकि बिजली व्यवस्था पर सुध लेने वाला और बिजली संकट को दूर करने के लिए क्षेत्र में कोई बिजली मिस्त्री बहाल नहीं किया गया है। हालांकि क्षेत्र में अखिलेश मंडल करके एक लोकल मिस्त्री क्षेत्र के बिजली व्यवस्था में लगा रहता है लेकिन इस मिस्त्री का भी हाल बदतर है कई बार फोन करने के बावजूद भी फोन रिसीव नहीं करना समय पर बिजली खराब होने वाले स्थान पर नहीं पहुंचाना जैसी बात है । ऐसे बदहाल ग्रामीण बिजली व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। बिजली उपभोक्ताओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अधिकारी से ग्रामीणों ने अनुरोध किया है की बिजली समस्या को दूर किया जाय।



# कथा में शरीर से बैठना बैठना नहीं बल्कि मन बुद्धि चित को कथा में लगाना बैठना होता है : स्वामी श्री राम प्रपन्नाचार्य जी

**गया से अमरेंद्र कुमार दिव्य दिनकर के लिए**

भागवत कथा ब्यास से श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कथा में सिर्फ शरीर से उपस्थित होना सिर्फ फलदाई नहीं होता बल्कि कथा में मन बुद्धि चित से ध्यान लगाना ही पूर्ण बैठना होता है। कथा व्यास से श्रोताओं को संबोधित करते हुए बताया कि अहंकार वश कोई कार्य नहीं करना चाहिए जैसे अहंकार बश राजा दशरथ ने श्रवण कुमार को वाण मारे उसका फल उन्हें अपने पुत्र वियोग के रूप में मिला। हनुमान जी को अहंकार हुआ कि लक्ष्मण के लिए मेरे अलावे कोई संजीवनी लेकर नहीं आएगा। हनुमान जी को अपने बल की अभिमान हो गया था जिसके कारण उन्हें भरत जी के वाण से नीचे गिरना पड़ा। भगवान के कृपा का अवलंबन लेकर ही मनुष्य महान बनता है। भागवत को मुंह से नहीं कान से पियो, वार वार पियो ये आपका कल्याण कर देगा। जिस सुकदेव जी को माया खींच नहीं सका उस सुकदेव जी जैसे निवृति पारायण संत को भागवत की श्लोक ने वेद व्यास के आश्रम में भागवत सीखने के लिए खींच लिया इतनी शक्ति है भागवत के अश्लोकों में। यही सुकदेव जी ने आगे चलकर भागवत कथा राजा परीक्षित को सुनाया जिससे उन्हें तक्षक काटने के बाद मुक्ति मिली। पद , पैसा, प्रतिष्ठा और परिवार झगड़ा के ये चार मुख्य कारण है। स्वामी जी ने बताया कि मन अगर रोगी है तो तन कभी स्वस्थ नहीं रहेगा जैसे दुर्योधन का मन रोगी हो चुका था। दुर्योधन ने कुटिलता वश युधिष्ठिर को जुआ खेलने के लिए आमंत्रित किया जो वैदिक कर्म के विरुद्ध था, और जिसका परिणाम कुल विध्वंश के रूप में हुआ। इसलिए मानव को सदैव अधम कार्यों से बचना चाहिए। कथा के आयोजक एवं बिट्रीज बायो रेमेडीज के मैनेजिंग डायरेक्टर निखिल कुमार ने श्रद्धालुओं से प्रतिदिन की कथा में तन मन धन से शामिल होने का आह्वान किया। कथा व्यवस्था से जुड़े शिक्षक नीरज कुमार, सेशांक खिलौशकर, रणवीर सिंह,कुंवर सिंह रोहित सिंह लोगों ने भी कथा की सफलता पूर्वक संचालन पर खुशी व्यक्त किया और श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होने का आग्रह किया।



# अंडरपास नहीं बनाने से ग्रामीण आक्रोशित, काम बंद कराया

**भागलपुर/निबराज आलम**

सुलतानगंज मिजाचौकी-मुंगेर फोरलेन सड़क निर्माण कार्य कई माह से बंद था. एसडीओ के निर्देश पर पुनः काम शुरू करने के लिए निर्माण कंपनी में कार्यरत कर्मी सड़क निर्माण कार्य शुरू करने मिरहट्टी गांव पहुंचे. कार्यस्थल पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गयी. सड़क निर्माण कार्य शुरू होने की सूचना मिलते सैकड़ों नाराज ग्रामीण एकत्रित होकर मिरहट्टी गांव के समीप फोरलेन पर अंडरपास का निर्माण नहीं होने से निमार्णाधीन फोरलेन कार्य को बंद करा दिया. आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ में नारेबाजी की. ग्रामीणों ने एकजुट होकर कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक कार्य बाधित रहेगा. सूचना पर पहुंचे अधिकारी समझाने का किया प्रयास सूचना मिलते ही एएनएचआई इंजीनियर मनीष कुमार, सड़क निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर आशीष पांडे, सीओ रवि कुमार व थानाध्यक्ष प्रियरंजन मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया. कई घंटे बीतने के बाद भी ग्रामीण नहीं माने. अंडरपास पुल बनाने की ग्रामीण की है मांग विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि मिरहट्टी गांव के सामने अंडरपास पुल बनाने की मांग की गयी है. ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, एनएचएआई अधिकारी, परियोजना पदाधिकारी समेत कई पदाधिकारी को पूर्व में अवगत कराया था. बावजूद अंडरपास का निर्माण नहीं किया जा रहा है. मुखिया अशोक यादव ने बताया कि गांव से बहियार आने-जाने का एकमात्र रास्ता है. पूर्व में भी अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि अंडरपास दिया जायेगा. निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है, मगर अंडरपास नहीं दिया जा रहा है. कई बार विभागीय पदाधिकारी को आवेदन दे चुके हैं. अब तक सुनवाई नहीं हुई है. अंडर पास नहीं बनाने पर ग्रामीण व किसानों को खेती करने के लिए करीब एक से डेढ़ किलोमीटर घूम कर जाना होगा, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. मौके पर मौजूद तैनात दंडाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि एजेंसी की ओर से प्रस्ताव रखा गया है, लेकिन स्वीकृति नहीं मिली है. क्योंकि सर्विस रोड और जंक्शन यहां पर दिया गया है. जिस जगह ग्रामीण अंडरपास की मांग कर रहे हैं वहां से 1200 मीटर की दूरी पर अंडर पास है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी नहीं होगी.



# 19 से 23 दिसंबर 2024 तक प्रशासन गांव की ओर अभियान

## प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी गांव गांव जाकर सुनेंगे आमजनों की समस्याएं

**दिव्य दिनकरः संवाददाता**

चतरा। जिले भर में 19 दिसंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक चलेगा प्रशासन गांव की ओर महा अभियान। उक्त अभियान के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय के अधिकारी गांव गांव जाकर आमजनों के समस्याओं का निष्पादन करेंगे। साथ ही वैसे मामले जो लंबे समय से लंबित है उसका भी निष्पादन किया जाएगा। प्रशासन गांव की ओर महा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत आदिम जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर के माध्यम से जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उसका नियमसंगत शत प्रतिशत निष्पादन करें। जिससे सभी पात्रता रखने वाले आदिम जनजाति परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल सके। सभी प्रकार के सर्टिफिकेट व प्रमाणपत्र से संबंधित मामले का निष्पादन करते हुए ऑनलाइन सभी को अपडेट करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने कहा भारत माला परियोजना से संबंधित समस्याओं के निष्पादन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जो भी शिविर लगाए जा रहे है उसमें जमीन अधिग्रहण व प्रभावित रैयतों को राशि भुगतान समेत अन्य मामलों में निष्पादन से संबंधित सूची भी उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही कहा प्रशासन गांव की ओर अभियान के माध्यम से आमजनों से प्राप्त शिकायत व निष्पादित मामलों को गहन समीक्षा की जाएगी।




# भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को लेकर नगर मंडल में कार्यशाला आयोजित, हरेक को मिला सदस्य बनाने का लक्ष्य

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

देवघर भाजपा नगर के अग्रहरि आश्रम में नगर अध्यक्ष धनंजय खवाड़े की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर बुधवार को कार्यशाल किया गया। इसमें नगर प्रभारी विजया सिंह ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।नगर अध्यक्ष धनंजय खवाड़े ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान जोर शोर से चलाने के लिए आज नगर मंडल स्तरीय कार्यशाला हुआ जिसमें जिला से नियुक्त प्रभारी विजया सिंह शामिल हुए 22 दिसंबर से शक्ति केन्द्रो पर सदस्यता अभियान की शुरूआत हो जाएगी। 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर बूथ स्तरीय सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा जो 14 जनवरी 2025 तक चलेगा। सक्रिय सदस्यता लेने के लिए 50 लोगों को पार्टी का प्राथमिक सदस्य बनाना अनिवार्य होगा। और कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान देश स्तर पर सितंबर से ही प्रारंभ हो गया था, लेकिन झारखंड में चुनाव के कारण यह अब शुरू हो गया है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ होते हैं नई चुनौतियों के साथ कार्यकर्ता संकल्पित समर्पण भावना के साथ सदस्यता अभियान में नई पीढ़ी के साथ जुड़ जाए बड़ी-बड़ी जीत के लिए कभी-कभी छोटी-छोटी हार का सामना तो करना ही पड़ता है, सदस्यता अभियान का यही मुख्य उद्देश है। राष्ट्रवाद से प्रेरित भाजपा के कार्यकर्ता सदस्यता का लक्ष्य पूरा करें और संगठन को और मजबूत करें। भाजपा एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं विचार है जो सत्ता के लिए ही नहीं समाज और राष्ट्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही कार्यशाला में नए सदस्य बनाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रत्येक मंडल पदाधिकारी मंडल मोर्चा के पदाधिकारी250, बूथ अध्यक्ष को 200 जिला पदाधिकारी मोर्चा के जिला पदाधिकारी कार्यसमिति को 500

**नए सदस्य बनाने का लक्ष्य भी दिया गया।**

मौके पर जिला सहसंयोजक सह नगर प्रभारी विजया सिंह ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान को संगठन के महापर्व के रूप में मनाना है। पार्टी ने लोगों को सदस्य बनाने के लिए चार तरह की व्यवस्थाएं की हैं। इसमें ऑनलाइन, नमो एप, क्यूआर कोड और एवं मिस कॉल से मिलने वाला लिंक का फार्म भरकर सदस्य बनाया जा सकता है। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपने बूथ से 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। कार्यशाला में वक्ताओं का कहना था कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसमें हरेक कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित एवं लोक कल्याणकारी कार्यों की बदौलत आज संगठन विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है। इस गौरव में जमीनी स्तर के हरेक कार्यकर्ता की अहम भूमिका है। कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व जिला महामंत्री पंकज सिंह भदोरिया,सोशल मीडिया प्रभारी अमृत मिश्रा, जिला कार्यालय प्रभारी धनंजय तिवारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष संतोष पासवान ,बलवीर राय, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल सिंह,आशीष दुबे,संजय गुप्ता,मीना झा, संध्या कुमारी,अलका सोनी , विट्ठू पांडे सोनू पांडे ,अजीत सिंह, विराट सिंह,शुभम कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार पंडित आशिष कुमार आदि नगर कार्यशाला में मौजूद थे



# पहाड़िया जाति का बंध्याकरण पर रोक

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

पहाड़िया जाति का बंध्याकरण पर रोक के कारण देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धोवाना पंचायत से बंध्याकरण के लिए आए हुए दो व्यक्ति को वापस लौटाया। इस संबंध में सीएचसी अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा प्राधिकारी डॉक्टर कुमार अभय प्रसाद ने बताया कि पहाड़िया जातियों के लिए नसबंदी पर रोक है। क्योंकि उनकी घटती जनसंख्या को देखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा उसके बंध्याकरण पर रोक लगा दी गई है। जानकारी हो कि बुधवार को सीएचसी अस्पताल में बंध्याकरण को लेकर शिविर आयोजित की गई थी। जिसमें उक्त दो व्यक्ति बंध्याकरण के लिए सीएचसी अस्पताल पहुंचे थे। जिसका नसबंदी नहीं कराया गया और नियम की जानकारी देकर वापस लौटा दिया।

# सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा पूर्वी मण्डल की बैठक संपन्न

## भाजपा की नीति को जन जन तक पहुंचाएं, सबका साथ सबका विकास ही पार्टी का लक्ष्यः मनोज यादव



**दिव्य दिनकर चौपारण राजेश सहाय**

चौपारण प्रखंड के पंचायत सचिवालय सेलहारा में संगठन महापर्व के अवसर पर सदस्यता अभियान के लिए बुधवार को पूर्वी मंडल की बैठक हुई।अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने की। बैठक में मुख्यरुप से बरही विधायक मनोज कुमार यादव व प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि भाजपा जन जन से जुड़ी पार्टी है। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए युवाओं, महिलाओं को पार्टी से जोड़ें। भाजपा के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचायें। पार्टी सबका साथ, सबका विकास चाहती है और ये तभी संभव है, जब अधिक से अधिक लोग पार्टी की विचारधारा से जुड़ें। बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, जीप सदस्या आरती कौशल, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चनद्रवंशी, महामंत्री बालेश्वर साव, अरविंद सिंह, भाजपा नेता गजाधर प्रसाद, सुनील सिंह, आशीष सिंह, नरेन्द्र पांडेय, विजय यादव, संजय सिन्हा, बिनोद यादव, युवा अध्यक्ष रंजन सिंह, अरविंद साव, महिला मोर्चा अध्यक्ष बसंती देवी, मुखिया मंटू सिंह, अनिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव, प्रवीण सिंह, सुदेव यादव, मनोज कुमार, पिन्टू सोनी, रविन्द्र कुमार, ब्रहमदेव रवीदास, रंजीत भुइँया आदि मौजूद रहे।

### जाम की समस्या के निदान को लेकर युवा वर्ग आए आगे, दुकानदारों से की बात



**मंडरोः**- मंडरो प्रखंड क्षेत्र के मिजाचौकी हाट बाजार सड़क में आए दिन जाम के समस्या को देखते हुए बाजार क्षेत्र के युवा वर्ग के द्वारा बाजार भ्रमण कर जाम से निजात हेतु बाजार के दुकानदार बंधु से उनके दुकान तक पहुंच कर बुधवार को वार्ता किया।तथा जाम नहीं लगे इसका पहल किया गया।साथ ही सड़क पर लगने वाले सब्जी फल के दुकानदार जो क्षेत्र के किसान बंधु हैं वो बाजार के सड़क पर अपनी दुकान लगाते है है जिससे की बाजार करने आए ग्राहक को जाम जाम सड़क से जूझना पड़ता है।इसे में सब्जी दुकानदार बंधु से आग्रह किया गया की सभी सब्जी की दुकान को हाट बाजार के प्रांगण में लगाएं ताकि जाम से निजात भी मिल जाय एवं और रोजाना हाट बाजार की रौनक बनी रहे।चुकी मिजाचौकी बाजार का सोमवार तथा गुरुवार को हाट लगता है इन दो दिन को छोड़ कर रोजाना अपनी सब्जी की दुकान हाट बाजार में लगा सकते हैं।चुकी इस समस्या को लेकर बाजार के दुकानदार भी आए दिन लगने वाले जाम से परेशान रहते हैं ऐसे में अपनी सहमति जताते हुए इस निदान का समर्थन किया इस जाम से निजात हेतु बाजार के युवा शक्ति में विष्णु भगत , मुनींद्र भगत ,कपीलमुनि भगत ,विष्णु वर्मा ,सुगंध वर्णवाल ,रवी सोनी , रिशु भगत,महेश पंडित समेत अन्य मौजूद थे।

### बोआरीजोर प्रखंड सभागार में झामुमो विधायक का किया गया भव्य स्वागत



**साहिबगंजः** बोरियो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोआरीजोर प्रखंड के सभागार में झामुमो विधायक धनंजय सोरेन के स्वागत समारोह आयोजन रखा गया । झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता द्वारा विधायक को फुल का माला गुलदस्ता बुके देकर स्वागत किया गया ।विधायक द्वारा बताया गया क्षेत्र में हर समस्या को दूर किया जाएगा क्षेत्र का जनता अपनी समस्या को लेकर अवगत करा सकते हैं। हर समस्या का सामाधान किया जाएगा मौके पर बोआरीजोर प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील मरांडी , प्रखंड सचिव सा मीडिया प्रभारी निसार अहमद, उपाध्यक्ष सुभान अंसारी, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष वॉल्सन सोरेन, सचिन रफीक अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अकमल अंसारी, सचिव करीम अंसारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष वॉलेट मेरी मुर्मू , जिला कार्यकारिणी सदस्य मानस दत्त, जिला महिला मोर्चा सचिव मेरी सोरेन, प्रखंड उपाध्यक्ष महिला अनीता सोरेन, सचिव सुनीता मुर्मू, जिला कार्यकारिणी सदस्य दिलदार अंसारी, युवा नेता मुन्ना मरांडी, वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र हंसदा ,प्रखंड प्रमुख जसिता हेंब्रम, धनीराम सोरेन, विनोद मुर्मू, मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार ठाकुर,गोपीनाथ मरांडी, जाकिर अंसारी, बिहारी किसकु, विष्णु सा, रहीम अंसारी , अहमद अंसारी ताहिर अंसारी, सोनेलाल मुर्मू, अख्तर अंसारी जाकिर अंसारी, नितलाल सोरेन, मकबूल अंसारी, संतोष ठाकुर, शाबान अंसारी, सज्जाद अंसारी, उत्तम चौड़े , सूरज मराठी, गणेश टुटू , शिवनंदन हंसदा, खालिद अंसारी, अनुशील हेंब्रम , नुद्दीन अंसारी, मुजफ्फर अंसारी, अली हुसैन अंसारी, जियाउल अंसारी, मिस्त्री सोरेन, आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

### आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का असमाजिक तत्वों ने ताला तोड़ सामान किया तितरबितर

## इसी मंदिर का पूर्व में हो चुका है मोटर की चोरी

**मंडरोः**- मिजाचौकी थाना क्षेत्र के तेतरिया पंचायत के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के मुख्य दरवाजा का ताला तोड़ कर अंदर स्वास्थ उपकरण के तिरारबितर करने का मामला प्रकाश में आया है ।जहां घटना के बारे में उक्त स्वास्थ केंद्र में कार्यरत नर्स पूनम के द्वारा मिजाचौकी थाना को जानकारी दी है ।जहां घटना के जांच हेतु मिजाचौकी थाना के एएसआई अरुंजय के द्वारा घटना स्थल की जांच की गई ।चुकी दरवाजा का ताला तोड़ दिया गया था , स्वास्थ उपकरण को फेंक दिया गया था किंतु किसी समान के चोरी होने की बात सामने नहीं आया था जिसके बाद जांच टीम वापस आ गई ।ज्ञात हो की कुछ महीने पूर्व में उसी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के पास से सरकारी मोटर की चोरी कर ली गई थी और अब पुनः इस घटना का अंजाम देना कहीं न कहीं असामाजिक तत्वों का मनोबल के बढ़ावे का इशारा कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग तथा उद्योग विभाग झारखंड की अध्यक्षता में विभागीय बैठक संपन्न



**साहिबगंज** : संजय कुमार प्रसाद यादव मंत्री, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग तथा उद्योग विभाग,झारखंड की अध्यक्षता में साहेबगंज के नये परिसदन भवन में विभागीय बैठक आहूत की गई। बैठक में मंत्री श्री यादव के द्वारा श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग तथा उद्योग विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मंत्री श्री यादव द्वारा संथाल परगना क्षेत्र साहेबगंज जिला में स्थित फैक्ट्री एवं क्रेसर की जानकारी ली । जहां मजदूर के लिए नो स्कोप को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।वहीं जिला के दूर शहरों में साहेबगंज के प्रवासी मजदूरों के नियोजन हेतु प्रखंडो में कैंप लगाने हेतु निर्देशित किया गया।साथ ही विभाग की योजनाओं के सफल संचालन हेतु निर्देश दिए।मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, फैक्ट्री इंस्पेक्टर विनीत कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### जैतपुर पैक्स के छह कार्यकारणी के सदस्यों ने इस्तीफा दिया

**हसपुरा निशांत कुमार की रिपोर्ट**

हसपुरा (औरंगाबाद) : -प्रखंड के जैतपुर पैक्स के छह कार्यकारिणी सदस्यों ने पैक्स अध्यक्ष पर मानमानी करने और दबंगई करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को जिला सहकारिता पदाधिकारी औरंगाबाद के पास इस्तीफा के लिए आवेदन सौंप दिया है। पैक्स अध्यक्ष के नाम से लिखित आवेदन के साथ इस्तीफा के लिए शपथ पत्र भी दिया है।यह आवेदन पैक्स अध्यक्ष ,डीएम,एस-डीओ,बीडीओ,जेआर,मगध प्रमंडल गया,रजिस्ट्रार पटना को भी रजिस्ट्री के माध्यम से दिया है।बताया कि वे सभी पैक्स अध्यक्ष इस्तीफा दिया था।लेकिन वे आवेदन लेने से इनकार कर गए।इस्तीफा देने वालों में बंसी बिगहा गांव की लालती देवी, बिमला देवी,बिहटा की सविता देवी,जैतपुर के राम प्रवेश राम,नान्हू बिगहा के कृष्णा सिंह,बख्तियारपुर के राम नरेश सिंह का नाम शामिल है।बताया कि 30 नवम्बर को हमलोग कार्यकारणी के पद पर नव निर्वाचित हुए थे।लेकिन अध्यक्ष के मनमानी व दबंगई से हमलोग परेशान हो गए।अंत मे हमलोगों ने स्वेच्छा से इस्तीफा देने के लिए सहमति बनाई।कहा कि हमलोग ऐसे व्यवहार वाले अध्यक्ष के साथ कार्य नही कर सकते।

### अभद्र टिप्पणी करने के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह का ,संविधान विरोधी ब्यान व अम्बेडकर पर अभद्र टिप्पणी करने के खिलाफ राजद अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के सदस्यों ने पुतला दहन किया

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद :- जिले में शहर के रमेश चौक पर राजद अनुसूचित जाति प्र-कोष्ठ के जिला अध्यक्ष सारुण पासवान के अध्यक्षता में संविधान विरोधी ब्यान व अम्बेडकर पर अभद्र टिप्पणी करने के खिलाफ देश के गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया,आगे अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष सरुण पास-वान ने कहां की अमित शाह जैसे व्यक्ति से देश को खतरा है यह व्यक्ति केवल संविधान विरोधी नहीं बल्कि हिंदू ,मुसलमान भी करवाने का काम देश में करते रहा है, अमित शाह के ब्यान पर चुपी साधने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी मौन समर्थन है, दोनों मिल कर देश ने संम्प्रदायिक माहौल पैदा करना चाहते है, यह अपमान राजद व देश के दलित पिछड़ा बर्दास्त कभी नहीं करेंगे, राजद नेताओं ने दोनों के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाये और दोनों का पुतला दहन किया। इस पुतला दहन कार्यक्रम मे कई पार्टी के सदस्यों के साथ साथ कई पदाधिकारी गण के अलावा प्रदेश महासचिव, इं.सुबोध सिंह, आपदा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष,उदय उज्जवल , जिला पार्षद, शंकर यादवेंदु , राजद प्रधान महासचिव अनिल टाइगर,अनिल यादव,आसिफ शाह, युसूफ आजाद अंसारी, छात्र जिलाध्यक्ष प्रभारी चन्दन कुमार राजू यादव, सुशील कुमार, पंकज यादव आदि लोग मौजूद थे।

### देवघर में स्वास्थ्य सेवाओं के मूल्यांकन व एक्शन प्लान बनाने हेतु रेज टूल पर आधारित बैठक का आयोजन

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवघर, स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी निगरानी और मूल्यांकन के उद्देश्य से जिला सिविल सर्जन के निदेर्शानुसार, फ्अक्रए टूल की बैठक का आयोजन देवघर के सदर अस्पताल सभागार में अउटड डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य फ्अक्रए टूल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा वितरण का सटीक मूल्यांकन और सुधार की रणनीति तैयार करना था। उपरोक्त के अलावे बैठक में डॉ प्रभात रंजन उपाधीक्षक सदर अस्पताल, समरेश सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रवीन सिंह DPC, अनिमेष कुमार - HM सदर अस्पताल , MOIC डॉ शब्दकांत मिश्रा, MOIC डॉ हुजैफा, चेतना भारती, राजीव रंजन - NUHM और पीएसआई इंडिया के राज्य प्रतिनिधि सुनील कुमार, जिला प्रबंधक शैलेंद्र पांडेय और प्रशांत सिंह, सहित अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य केंद्रों पर सेवाओं की गुणवत्ता और निगरानी के लिए फ्अक्रए टूल के प्रयोग को लेकर विशेष चर्चा हुई। इसके माध्यम से स्वास्थ्य योजनाओं की सटीक स्थिति का आकलन कर सेवाओं में पारदर्शिता और सुधार लाने पर जोर दिया गया। डॉ. शर्मा ने कहा, "RAISE टूल के उपयोग से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निगरानी अधिक सटीक होगी और इसके परिणामस्वरूप सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आएगा। बैठक के समापन पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री समरेश ने स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की सराहना की और भविष्य में सहयोग की अपेक्षा की।

# जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन के द्वारा सूर्य मंदिर प्रांगण तट टंडवा में पुनपुन महोत्सव- 2024 कार्यक्रम का उद्घाटन किया

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद :- कला संस्कृति एवं युवा विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मंत्री सूचना एवं प्रावैधिकी, लघु जल संसाधन एवं आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार सह-प्रभारी मंत्री औरंगाबाद, श्री संतोष कुमार सुमन के द्वारा सूर्य मंदिर प्रांगण तट टंडवा में पुनपुन महोत्सव- 2024 कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस-ाकार्यक्रम स्थल पर आए हुए सभी विशिष्ट अतिथियों को स्कूली छात्राओं द्वारा चंदन का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया गया। समारोह का उद्घाटन सर्वप्रथम बिहार गीत गायन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री, विधायक कुटुंबा श्री राजेश कुमार एवं पूर्व विधायक कुटुंबा श्री ललन राम एवं अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया गया । विभिन्न स्कूल के छात्र-ाओं द्वारा उपस्थित विशिष्ट अतिथियों एवं पदाधिकारीयों को स्वागत गान गाकर स्वागत किया गया। जिले के पदाधिकारीयों द्वारा प्रभारी मंत्री एवं सभी विशिष्ट अतिथियों को पौधा, मेमेंटों एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न स्कूलों का छात्र एवं छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य एवं अन्य प्रतियोगिता कार्यक्रम कराया गया। इसके अतिरिक्त स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों द्वारा स-ांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुनपुन महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विधायक कुटुंबा श्री राजेश कुमार एवं पूर्व विधायक कुटुंबा श्री ललन राम, अपर समाहर्त्ता श्री ललित भूषण रंजन, पुलिस उपाधीक्षक सदर, सदर एसड-ीओ श्री संतन कुमार सिंह, वरीय उपसमाहर्ता श्रीमती रत्ना प्रिदर्शनी एवं श्रीमती श्वेता प्रियदर्शी, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नबीनगर, जिला परिषद सदस्य श्री हरि-राम, मुखिया श्री राम प्रसाद राम अन्य प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## कोर्ट में आत्मसमर्पण कर, अभियुक्त न्यायालय से ,फरार हो गया



**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद/ व्यवहार न्यायालय में उत्पाद कोर्ट द्वितीय नीतीश कुमार के कोर्ट में एक अभियुक्त आत्मसमर्पण कर फरार हो गया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि माली थाना कांड संख्या - 48/17 में गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद अभियुक्त विजय राम पिता रामधनी राम नवाडीह माली आज व्यवहार न्यायालय में अपने अधिवक्ता के साथ आत्मसमर्पण किया और मौका मिलते ही न्यायालय कर्मियों को चकमा देकर दोपहर में भाग गया,जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला अभियुक्त के अधिवक्ता ने भी खोजबीन किया मगर वह न्यायालय से फरार हो गया था, अधिवक्ता ने बताया कि अभियुक्त को 2017 में 06 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया था अधिवक्ता ने कहा कि 2019 से अभियुक्त गैरहाजिर रहा जिस कारण उससे कहा गया कि दो दिन जेल में रहने के पश्चात 21/12/24 को आरोप गठन कर बंधपत्र पर छोड़ा जाएगा किंतु अभियुक्त न्यायालय कर्मियों को चकमा देकर भाग गया।

## श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के तत्वाधान में जिला नियोजनालय के द्वारा रोजगार मेला का आयोजन करेगा

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**




औरंगाबाद :- श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के तत्वाधान में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के मार्गदर्शन में जिला नियोजनालय, औरंगाबाद द्वारा 19.12.2024 को अनुग्रह इंटर विद्यालय के मैदान में एक दिवसीय नियोजन-सह- व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्य एवं राज्य के बाहर की लगभग 20 से 25 निजी कम्पनीयों के भाग लेने की संभावना है। मेला में नन-मैट्रीक से लेकर ग्रेजुएट, आई०टी०आई० एवं अन्य योगयताधारी बेरोजगार युवक / युवतीयों अपना बायोडाटा, फोटो, पहचान पत्र एवं योग्यता तथा अनुभव से संबंधित प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी के साथ इस मेले में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इस मेले में विभिन्न सरकारी विभाग जैसे उद्योग, आर०सेटी, आत्मा, श्रम संसाधन, डी०आर०सी०सी० इत्यादि अपने विभाग से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य लाभकारी योजनाओं के सबंध में मार्गदर्शन देगें। मेले में प्रवेश निःशुल्क है। अभ्यर्थी का नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। निबंधन की प्रक्रिया ऑन लाईन है. मेला में भी निबंधन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला में निजी क्षेत्र की 2000 से 2500 रिक्तियों रहेगी। रिक्ति, नियुक्ति एवं चयन के मापदंड के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार होगें। नियोजनालय एक सुविधा प्रदाता के रूप में कार्यरत रहेगा। इस मेले में भाग लेने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## सौर भारती अखिल विश्व कल्याण संस्थान के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर / मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**




औरंगाबाद :- जिले के सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था सौर भारती अखिल विश्व कल्याण संस्थान के द्वारा 18 दिसम्बर 2024 को बद्रि नारायण स्कूल, बतवां, औरंगाबाद में स्वास्थ्य जांच शिविर / मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया । कैंप में निःशुल्क संपूर्ण शरीर का चेकप (जॉच) जैसे- ब्लड शुगर , इढ , बा-ॅडी ऑक्सीजन , फेफडे का ळढ्ढ , हदय जॉच, नाक-कान-गला ,किडनी जॉच, मलेरिया , ब्रेन स्केनिंग , एउङ्कृ , टाइफाइड तथा लीवर आदि की जॉच के साथ - साथ निःशुल्क दवा भी प्रदान की गई ,जिसमें लगभग 237 से अधिक लोगों ने अपना मेडीकल चेकप करवाया । इस शिविर में संस्थान के चेयरमैन डॉ.आनन्द मिश्र तथा डॉ. विकाश कु . मिश्रा ( आकाश क्लीनीक , दाउदनगर ) का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा . संस्थान के चेयरमैन डॉ. आनन्द मिश्र ने बताया की संस्थान को किसी भी प्रकार से केन्द्र सरकार ,राज्य सरकार अथवा जिला से कोई भी सरकारी फण्ड से अथवा आर्थिक रूप से सहायता प्रदान नहीं की जाती , समस्त खर्च स्वयंभू सौर भारतीय अखिल विश्व कल्याण संस्थान के द्वारा ही वहन किया जाता है। उक्त अवसर पर संस्थान के जिला पी.आर.ओ धर्मेन्द्र कुमार सिंह, विद्यालय प्रबन्धक धनन्जय कु.सिंह, 'सौर भारती मे-डिकल ट्रेनिंग कॉलेज' श्रीकृष्णा नगर औरंगाबाद के ठटउ एवं ऋछ्ळ्अ के विद्यार्थी चान्दनी कुमारी, अंकिता कुमारी, पुष्पा कुमारी, शुशीला देवी, प्रीति कुमारी , श्वेता कुमारी, निरमा कुमारी, शोभा कुमारी, चंचल कुमारी, नीलम कुमारी, अंशु कुमारी, अंजली कुमारी व विद्यालय प्रबन्धन से पिंकि सिंह, मालती सिंह, अमोली सिंह, अंजली पाण्डेय, पूनम कुमारी, मनीषा, प्रीति, रानी, काजल कुमारी आदि ने एक सफल सहायक के रूप में योगदान किया।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रशासन गाँव की ओर अभियान कार्यक्रम आयोजन किया गया

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद :- जिले के मदनपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत-दक्षिणी उमगा में मध्य विद्यालय, जुड़ाही परिसर में जिला पदाधिकारी, श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में ₹प्रशासन गाँव की ओर अभियान₹ कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी उप विकास आयुक्त एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कई महत्वपुर्ण बातों को जनता के साथ साझा किया गया। साथ ही आम जनता द्वारा स-रकार द्वारा क्रियान्वित किये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से किस प्र-कार उन्हें लाभ पहुँच रहा है, इसके बारे में विस्तार से बताया गया। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा ₹प्रश-ासन गाँव की ओर अभियान₹ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए सरकार के महत्वपुर्ण योजनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी जनता के समक्ष रखा गया। उन्होंने बताया कि यह सुदूरवर्ती इलाका हमारा जिला का है जो एक तरफ से पलामू एवं दूसरे तरफ से गया जिला के सीमा से लगता है। कभी यहां आना कठिन हुआ करता था खासकर सरकारी पदाधिकारी यहां काम ही पहुंच पाए थे। हम लोग को यह महसूस हुआ कि पूरा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन इस सुदूरवर्ती इलाके में पहुंचकर समझे कि यहां के लोगों को क्या-क्या समस्या है। इसी कड़ी में पूरा जिला प्रशासन टीम सभी विभाग के पदाधिकारी पूरा टीम के साथ पहुंचकर आप लोगों का समस्या सुनने के लिए पहुंचे हैं। सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। सरकार इसके लिए ढ़ढ संकल्पित है कि प्रत्येक व्यक्ति को सरकार के सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए सभी विभाग के योजनाओं को लाभ पहुंचाने के लिए स्टॉल के लगाए गए हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किये की स्टाल पर जाकर सारी योजनाओं का जानकारी एवं लाभ प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि यहां स्वास्थ्य संबंधी चश्मा आंख जांच डायबिटीज इत्यादि का जांच करायें इसी प्रकार सभी विभाग का समस्या को स्टॉल पर जाकर लाभ उठाएं। कार्यक्रम में शिविर के माध्यम से सरकार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्टॉल के माध्यम से जानकारी एवं उनकी समस्या / प्रतिक्रिया प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किया गया। इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता-सह-लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री जयप्रकाश नारायण, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार, डियर डीआरडीओ श्री अनुपम कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी श्रीमती नीलम मिश्रा, इस-ाके अतिरिक्त जिलास्तर के अन्य पदाधिकारी के साथ प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधिगण की भागीदारी रही।

## शिक्षा आपके भविष्य को दिशा देती है :- आयुक्त

**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**

दरभंगा 18 दिसंबर शहर के प्रतिष्ठित होली क्रॉस स्कूल में दो दिवसीय तीसवें वार्षिक उत्सव के पहले दिन जहां शांति रहती है वहां सद्भाव पनपता है के मूल मंत्र पर आयोजित कार्यक्रम का बुधवार को दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त मनीष कुमार ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत ईश्वर की अराधना नृत्य से किया गया। दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त मनीष कुमार ने स्कूली शिक्षा की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा आपके भविष्य को दिशा देती है। यह वह आधार है, जिस पर आपका संपूर्ण जीवन टिका होता है। होली क्रॉस स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त मनीष कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन से सभी को प्रभावित किया। आयुक्त ने एक अमेरिकन लेखक का उद्धरण देते हुए कहा कि वह रोमांचकारी क्षण होता है जब एक सुबह आपको एहसास हो कि हाई स्कूल की कक्षा पूरे देश को चला रही है। उन्होंने इस उद्धरण को विद्यालय से जोड़ते हुए कहा कि मैं चाहता हूं कि होली क्रॉस स्कूल के लिए भी वह रोमांचकारी क्षण आए, जब यह महसूस हो कि इस स्कूल की कक्षा पूरे देश को चला रही है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि वे खुद एक औसत छात्र रहे, लेकिन सही मूल्यों और मार्गदर्शन के सहारे किसी भी ऊंचाई को छुआ जा सकता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय यीशु समाज के अधीन विद्यालय को देते हुए कहा कि इस विद्यालय ने मेरे जीवन को आकार दिया और दरभंगा ने मुझे मेरी पत्नी से भी मिलाया। मेरी पत्नी और उनकी बहन ने इस स्कूल में पढ़ाई की है और मैं भाग्यशाली हूं कि उन्होंने मुझे एक बेहतर इंसान बनने में मदद की। आज यहां उपस्थित होकर मैं उनका आभार व्यक्त कर रहा हूं। विशिष्ट अतिथि बिहार गृह रक्षा वाहिनी के समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद ने भी छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। स्कूल की प्रथम वर्ग से लेकर पांचवी वर्ग की छात्राओं ने विश्व अमन का संदेश देते हुए रंगारंग प्रस्तुतियों से समा बांधा जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक, लोकनृत्य, लोक संस्कृति की मनोहर झांकी प्रस्तुत की। नृत्य नाटिका के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि शांति, सौहार्द, सद्भाव, प्रेम ही जीवन के मूलभूत मूल्य है। इनपर चलकर ही हम शांतिपूर्ण विश्व की स्थापना कर सकते है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य सिस्टर जैंसी ने विद्यालय की उपलब्धि बताते हुए छात्राएं एवं अभिभावकों से विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इस विद्यालय की पढ़ाई, अनुशासन और हमारी संरचनाएं काफी अच्छी है और इसी का परिणाम है कि हमारे बच्चे भी अच्छा रिजल्ट ला रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सिस्टर नीली, प्राचार्चा सिस्टर जैसी, होली क्रॉस की नॉर्थ ईस्ट समन्वयक सिस्टर एलसीट, उप प्राचार्या सिस्टर सुरीना उपस्थित थी। स्कूल की शिक्षिका मिस नीता माइकल, मिसेज सुनीता सहित अन्य अध्यापिकाओं के निर्देशन में कार्यक्रम का संचालन किया गया। अतिथियों का स्वागत स्कूल की शिक्षिका रश्मि ठाकुर ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन फातिमा जफर ने किया।

## रांची के शहीद स्मारक से राज भवन तक पैदल मार्च में शामिल हुए देवघर के कांग्रेसी

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में रांची के शहीद स्मारक से राजभवन तक प्रदेश अध्यक्ष के सब महतो कमलेश तथा विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला गया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अडानी के बीच के संबंध का उजागर करने, अडानी के द्वारा संपूर्ण देश में किए जा रहे भ्रष्टाचार तथा जल रहे मणिपुर पर केंद्र सरकार की चुप्पी के खिलाफ इस विरोध प्रदर्शन में देवघर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी के सैकड़ों नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। अडानी-अम्बानी की गुलामी करना बन्द करो।प्रधानमंत्री मणिपुर मुद्दे पर चुप्पी तोडे।

**संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करना बन्द करो।**

लोकतंत्र की हत्या करना बन्द करो । देश के संसाधनों को अडानी-अम्बानी को बेचना बन्द करो। अडानी घोटाले पर चर्चा से दूरी-आखिर क्या है मोदी की मजबूरी ? जो मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई के नेतृत्व में हो। मोडानी को बचाना, एडीएनएल की जांच करना जैसे नारों एवं मांगों को लेकर देवघर जिला के मुख्य रूप से पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख,जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय जी के साथ जिला महासचिव दिनेश कुमार मंडल, नगर अध्यक्ष रवि केसरी,प्रदेश सचिव अवधेश प्रजापति,अशोक सिंह, युवा अध्यक्ष कुमार राज,सेवा दल केबासुकी पंडित, अल्पसंख्यक विभाग के मो बेलालुद्दीन, राकेश जायसवाल,प्रियांशु सिंह, संतोष यादव,मिथुन कुमार,मो मोबीन आदि पैदल मार्च में शामिल हुए।

## कोडरमा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम, सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं सुनी गई

**कोडरमा विजय यादव**



कोडरमा जिले के बिरसा स-ांस्कृतिक भवन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीआईजी मयूर पटेल, कोडरमा डीसी, एसपी और संबंधित थानों के प्रभारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कोडरमा थाना, डोमचांच थाना, तिलैया थाना और मरकच्चो थाना क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जमीन विवाद, सड़क पर मारपीट, अवैध शराब बिक्री, और भूमिया से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने आम जनता की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सैकड़ों फरियादी मौजूद थे, जिन्होंने अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं।

## विधान से समाधान कार्यक्रम आयोजित

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवीपुर प्रखंड सभागार में विधान से समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ड्यूटी चीफ एलएडीसी राहुल कुमार के देखरेख में किया गया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण पर विशेष फोकस करते हुए जानकारी दी गई। उससे जुड़े कानून की जानकारी दी गई।इस मौके पर जिला से ममता शाह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संत मर्सी टुडू, कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार, बीटीएम रामाधार सिंह सहित अंचल के कर्मी, प्रखंड कर्मी, सेविका, महिला व बाल विकास कर्मी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पोर्ट्सविटा -24: तीसरे दिन की खेल प्रतियोगिताओं में जोश और जुनून की जीत

रिपोर्ट– अविनाश मंडल



पाकुड़:पाकुड़ दिल्ली पब्लिक स्कूल में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ₹स्पोर्टसोविटा -24₹ में तीसरे दिन कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के बच्चों ने भाग लिया।एक तरफ जहाँ प्राथमिक कक्षा के विद्यथीर्यों का डक रेस, फ्रॉग रेस, बिस्किस्ट रेस, 50मी,100 मी रेस, रेडी टू स्कूल, ऑन द कोन आदि खेलो में डंका बजाया। वहीं दूसरी तरफ उच्य प्राथमिक और माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने व -14 वर्ग ( बालक एवम्-बालिका) बैडमिंटन, 100 मी. 200मी रेस, आदि में जोश एवम् जुनून के साथ सेमी फाइनल में जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। ₹स्पोर्ट्सोविटा -24 खेल सप्ताह के दौरान डी.पी.एस के चारों सदनों ( डिस्कवरी हाउस, चैलेंजर हाउस, कैलीवर हाउस,एडवेंचर हाउस) के मध्य होने वाले अंतर सदनीय खेलों में भी बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है। खेल के तीसरे दिन हुए अंतर सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग राउंड में ऊर्जा से भरपूर सभी प्रतिभागियों का उत्साह चरम पर था। सभी प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार एवम्-प्रधानाचार्य जे.के. शर्मा कोर मेंबर नेहा चक्रवर्ती के साथ-साथ हाउस इंचार्ज तथा अन्य शिक्षकगण खेल का आनंद लेते हुए अपने अपने सदन का उत्साह वर्धन करते दिखे। खेल के चौथे दिन होने वाले अंतर सदनीय कब्बड्डी, खो खो, वाली बॉल, शॉर्ट पुट, जैवलिन थ्रू एवम् शतरंज के सेमी फाइनल खेलों के लिए बच्चे आज से काफी उत्साहित होकर अपने सदन को जीत दिलाने हेतु अभ्यास करते हुए देखे गए।

### तिलक सेवा समिति ने देवघर विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक सुरेश पासवान का किया स्वागत



देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

आज तिलक सेवा समिति देवघर की ओर से देवघर विधान सभा से नव निर्वाचित विधायक सुरेश पासवान को अंगवस्त्र फूल माला प्रशस्ति पत्र प्रदान कर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया जिस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि आज से समिति को किसी प्रकार के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा समिति कि कार्य सराहनीय है केंद्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण राय ने कहा कि सुरेश पासवान एक समाज सेवी ही नहीं समिति के संरक्षक भी है समिति उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना करती है समिति के मुख्य संरक्षक प्रो रामनंदन सिंह ने कहा कि सरकार इनको मंत्री बनाने पर पुनर्विचार करें समिति के महासचिव बिपुल कुमार मिश्रा ने नवनिर्वाचित विधायक का भूरी भूरी प्रशंसा किया समिति के कोष अध्यक्ष राजेश कुमार शाही ने भी अपनी अंदाज में सभा को संबोधित किया समिति के मुन्ना बाजपेई ने बताया कि भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग विधायक से किया मौके पर समिति के महासची डॉक विक्रम कुमार समिति के पदाधिकारी वशिष्ठ राणा के साथ साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रधानाध्यापक को शराब के नशे मे किया गिरफ्तार

भागलपुर/निबराज आलम



भागलपुर/ अमडंडा थाना पुलिस ने एक सरकारी शिक्षक को शराब के नशे में गिरफ्तार किया । थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि बुधवार की देर शाम प्राथमिक विद्यालय काझा के प्राध्यापक मनोहर हरिजन को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। इस दौरान मुंह से शराब की बदबू आने पर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जिसमें काफी मात्रा में शराब पीने की पुष्टि हुई। जिसके बाद थाना लाकर उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज आगे कीकार्रवाई की जा रही है।

### मारवाड़ी महिला समिति हीरक शाखा ने कराई सामूहिक विवाह



धनबाद अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति हीरक शाखा की ओर से 10 बच्चे बच्चियों की कराई गई शादी हर साल की भांति इस साल भी मारवाड़ी महिला समिति हीरक शाखा की ओर से गरीब बच्चे बच्चियों की सामूहिक विवाह कराया गया इसी दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे बताते चलें यह आयोजन 3 वर्षों से होता आ रहा है महिला बैंक की सचिव ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा के गांव ग्रामीण में जाकर गरीब बच्चे बच्चियों को चिन्हित कर समिति की ओर से उनके माता-पिता से बात कर उनकी शादी करने का निर्णय समिति ने लिया है यह एक अच्छी पहल है जिससे के समाज के भीतर शादी को लेकर लोगों में जागरूक हो सके वही महिला विंग की सचिव कहती है कि शादी के साथ-साथ घर के सारे सामान कपड़े पलंग हरिया बर्तन आदि समिति की ओर से दिया गया है जिसके अपना वैवाहिक जीवन को शुरू करने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाइयों का सामना न करना पड़े

# वृद्ध आश्रम पर बुजुर्गों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

रिपोर्ट अविनाश मंडल




पाकुड़:पाकुड़ सदर के सोनाजोड़ी में स्थित वृद्धाश्रम में मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह ने पहुंच कर वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों का हाल-चाल पूछते हुए उनके बात को सुना। इस क्रम में सभी वृद्धों के बीच फल बांटा गया। साफ सफाई, पानी, बिजली समेत रह रहे वृद्ध के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान मेडिकल कैंप लगवा गया जिसमें सभी वृद्ध जनों का बीपी शुगर समेत अन्य स्वास्थ्य की जांच उपस्थित डॉ से कराई गई। स्वास्थ्य जांच में वृद्ध जनों के बीच दवा का वितरण किया गया। जांच के दौरान वृद्ध आश्रम में खिड़की के शीशे टूटा मिला। इस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह ने मरम्मती को लेकर सचिव अजय कुमार गुड़िया को दुरुस्त करवाने के लिए अग्रसर करवाई का आवश्यक दिशा निर्देश दी गई। साथ ही वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों को किसी प्रकार के स्वास्थ्य को लेकर परेशानी ना हो इसके लिए अटल क्लिनिक खुलवाने का बात कही गई । मेडिकल के टीम को भी सप्ताह में एक बार स्वास्थ जांच को लेकर कैंप लगाने की निर्देश दी गई। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव अजय कुमार गुड़िया, वृद्ध आश्रम के संचालक विनोद प्रमाणिक, कर्मी मो मंगरू अंसारी, डीएलएसए के कर्मी , पैरा लीगल वॉलिंटियर्स उत्पल मंडल, नीरज कुमार राउत समेत वृद्ध जन उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन का काला पट्टी लगाकर पुतला दहन किया

रिपोर्ट अविनाश मंडल



पाकुड़ः खररउ कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं छात्रों को पुलिस के द्वारा बर्बरता पूर्वक पीटे जाने के विरोध में आज भाजयुमो के नेतृत्व में पाकुड़ के गांधी चौक में मंगलवार को हेमंत सोरेन सरकार का काला पट्टी लगाकर सरकार का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि खररउ-उत्रूछ परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध करने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध का समाधान निकालने की बजाय लाठी और हिंसा के सहारे दमन करने की यह कोशिश संवेदनहीनता को उजागर करता है। यह लाठी केवल छात्रों पर नहीं चली है, बल्कि सरकार से न्याय की उम्मीद पर भी प्रहार है। जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी यह मांग करती है कि अपनी हठधर्मिता और अहंकार त्याग कर आंदोलन करने वाले गरीब, मेहनती छात्रों की मांग पर संवेदनापूर्वक विचार करिए। उत्रूछ परीक्षा को अपनी नाक, अपनी प्रतिष्ठा का मुद्दा मत बनाइए। छात्रहित में सीबीआई जांच की सिफारिश कर गतिरोध समाप्त करिए। इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री रूपेश भगत, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी नगर अध्यक्ष सोहन मंडल,पूर्व जिला मंत्री पार्वती देवी, पवन भगत दुलाल कुमार सिंह, बाबू पहाड़िया, राज पहाड़िया , सूरज भगत, विवेक सरदार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# संसद के अंदर संविधान को लिखने वाले बाबा साहेब आंबेडकर का मजाक उड़ाने वाले गृहमंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री बर्खास्त करे और मुकदमा दायर करे- मनोवर आलम

रिपोर्ट– अविनाश मंडल



पाकुड़ःबाबा साहब का नही पूरे देश संविधान लोकतंत्र का अपमान कर रही है बीजेपी दलितों से बीजेपी को है नफरत मनोवर आलम कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष हिरणपुर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा मंगलवार को संसद के अंदर गृह मंत्री अमित शाह ने जिस तरह के बयान दिया है वो उनका परवरिस दलितों के प्रति सोच संविधान से नफरत दिखा रहा है असल में संघ ने हमेशा संविधान से इतर काम किया है बाबा साहेब के लिखे संविधान से नफरत नही है बीजेपी को बल्कि बाबा साहब दलित थे दलित के हाथ से लिखे संविधान से नफरत है बीजेपी हमेशा से अपने संविधान विरोधी नीति को समय समय पर दर्शाते रहा है जिस संविधान के वजह से अमित शाह बोल रहे थे संसद के अंदर उसी संविधान के निमार्ता को अपमान किया है और बीजेपी की खामोशी बता रहा है की बीजेपी के सहमति से बोला गया है अगर मोदी जी नड्डा जी और बीजेपी संविधान को मानती है तो अमित शाह का इस्तफा ले या बर्खास्त करे मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया से मांग करता हूं की अमित शाह को आजीवन चुनाव लडने पर रोक लगाए हम सबके लिए पहले देश है फिर धर्म है लेकिन अमित शाह का बयान से लगता है की उनके बीजेपी के लिए पहले धर्म फिर देश है बाबा साहेब भगवान ही थे है और रहेंगे इस लोकतंत्र के अमित शाह जी इस बात को समझिए दलितों से नफरत करना बंद कीजिए नही तो जिस संविधान की वजह से आप सत्ता में है उसी संविधान के नियम से आपको बाहर फेक देगी जनता लोकतंत्र में भाषा की मयार्दा होती है लेकिन आपने जिस भाषा का प्रयोग किया उसे कभी स्वीकार नहीं सकते आखिर बाबा साहेब के नाम से चीड़ कियू है बीजेपी को दलितों को समान अधिकार मिला इस लिए या दलितों को जीने का बोलने का आजादी मिला इस लिए दलित भी इस देश के अभिन्न अंग है इस सच्चाई को जितना जल्दी स्वीकार ले उतना बेहतर होगा.

# धनबाद में डीजीपी के निर्देश पर जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन



धनबाद जिले के पांच स्थानों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत कतरास स्थित राजस्थानी धर्मशाला में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सिटी एसपी अजीत कुमार और बाघमारा पुलिस उपाधीक्षक पुरुषोत्तम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मीडिया से बातचीत में सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में खासकर साइबर अपराध से जुड़ी कई शिकायतें आ रही हैं। लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे अज्ञात नंबरों से आई कॉल या संदेशों पर प्रतिक्रिया न दें। जमीन विवाद से जुड़ी समस्याओं को संबंधित विभाग को भेजा जा रहा है। डीजीपी के निर्देश पर राज्य के सभी 24 जिलों में इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को काफी लाभ हो रहा है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस पहल से पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल स्थापित हो रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से जनता को त्वरित न्याय और प्रशासनिक सहयोग मिल रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे और पुलिस द्वारा उन्हें तुरंत समाधान का भरोसा दिलाया गया।

### प्रिया ऑटो में पॉलिसी बाजार इंश्योरेंस कंपनी का हुआ उद्घाटन



**झरिया :** भागा स्थित प्रिया ऑटो में बुधवार को पॉलिसी बाजार इंश्योरेंस कंपनी का उद्घाटन पॉलिसी बाजार के ईस्ट जॉन के जोनल मैनेजर सैफुल्ला नवाज और वैकेल केयर के मुकुंद कुमार और प्रिय ऑटो के प्रबंधन प्रमोद कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर श्री नवाज ने बताया कि पॉलिसी बाजार बहुत अच्छी इंश्योरेंस कंपनी है। आज लोगों को अच्छे झुकाव पॉलिसी बाजार की ओर हो रही है और आज धनबाद जिले में प्रिय ऑटो में ये सुविधा उपलब्ध की जा रही है, जहां पर लोग सीधा सुविधा लोगों को मिल सके। इस मौके पर प्रबंधन प्रमोद ने बताया कि हमारा प्रिया ऑटो लगभग 20 वर्षों से वाहन मालिकों को अच्छी सुविधा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज पॉलिसी बाजार की सुविधा लोगों को मिल सके इसकी शुरूआत आज से की जा रही है। इस मौके पर विक्की झा, दशरथ कुमार भी मौजूद थे।

# दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आर मित्रा उत्कृष्ट विद्यालय में संपन्न

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा



झारखंड शिक्षा परियोजना देवघर के द्वारा उत्कृष्ट एवं आदर्श विद्यालय के प्रबंधन समिति सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आर. मित्रा उत्कृष्ट विद्यालय , देवघर के सभागार में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का विधिवत आरंभ ए पी ओ रानू बॉस डीजीसीआभा मंडल एवं डायट संकाय सदस्य डॉ.परशुराम तिवारी ,डॉ.इति कुमारी एवं अनुभूति , जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों के सचिव एवं अध्यक्ष के संयुक्त करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर डॉक्टर परशुराम तिवारी द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्य, गठन तथा दायित्वों की विधिवत चर्चा की गई ,इसमें बताया गया कि उच्चतर विद्यालय में प्रबंधन समिति सदस्यों की कुल संख्या 19 एवं प्राथमिक विद्यालय में प्रबंधन समिति की संख्या 16 होनी चाहिए इसमें यह भी सुनिश्चित होना चाहिए। यदि कोई सदस्य तीन दिन बैठक में अनुपस्थित रहता हो तो किसी नए सदस्य का चुनाव किया जाना चाहिए ।साथ ही प्रबंधन समिति में 50% संख्या बल महिलाओं का होना चाहिए। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मेरा विद्यालय मेरा अभियान संकाय सदस्य अनुभूति कुमारी द्वारा लिया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियां उस विद्यालय के प्रणभूत होते हैं। समय-समय पर समिति सदस्यों के सहयोग से इसे और भी जीवंत बनाए जाना चाहिए। इसी प्रकार जिले के महत्वपूर्ण शैक्षिक योजना प्रोजेक्ट रेल पर चर्चा करते हुए मास्टर ट्रेनर डॉ.इति कुमारी ने परीक्षा की समुचित क्रियान्वयन को लेकर बताया कि परीक्षा में बच्चों की सत प्रतिशत उपस्थित होनी चाहिए। बच्चों की कॉपियों का मूल्यांकन एवं समुचित संधारण । साथ ही परीक्षा परिणाम को नोटिस बोर्ड में प्रदर्शित करना तथा प्रथम तीन स्थान आए छात्रों को प्रार्थना सभा में पुरस्कृत किया जाना आवश्यक है ।इसी प्रकार जामताड़ा एवं देवघर के संयुक्त स्वास्थ्य और कल्याण रलहढ कार्यक्रम के ३ जिला प्रतिनिधि उज्जवल पाठक ने 16 मॉड्यूल पर चर्चा करते हुए झारखंड राज्य के परिपेक्ष में व्याप्त दहेज प्रथा एवं बाल विवाह आदि कुरीतियों के विषय में विस्तृत चर्चा की ।और समिति के सदस्यों द्वारा इसमें हस्तक्षेप कर बचने का सुझाव दिया गया क्योंकि प्रत्येक सदस्य गांव का एक अंगभूत प्रतिनिधि होते हैं। गुब्बारा एवं कप गतिविधियों द्वारा विद्यालयों में सहयोग की भावना विकसित हो तथा सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना प्रबंधन समिति कर सके का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से तपोवन हाई स्कूल के उमेश यादव ,प्लस टू स्कूल ककरहा के सचिव उपेंद्र मिश्रा , बावनगामा प्लस टू स्कूल के सचिव अंग्रेज मंडल, प्लस टू सुनहरा खादी के सचिव सूची दुबे प्लस टू शर्मा +2स्कूल सारवा के पाठक सर तथा अंची देवी मधुपुर प्लस टू स्कूल के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रशिक्षण का समापन हुआ।

### जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो नेयाज असर्फी को जदयू ने सौंपा कमान

रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह

औरंगाबाद :- पटना में औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड के युवा जदयू नेता मो नेयाज असर्फी को मुख्य कार्यालय कपूरी सभागार पटना जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने उमेश सिंह कुशवाहा के अध्यक्षा में प्रदेश पदाधिकारियों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया ,ईस कार्यक्रम के दौरान औरंगाबाद जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो नेयाज असर्फी को मनोनीत किया गया,समारोह में उपस्थित विधान परिषद सदस्य ललन सराफ , विधान परिषद सदस्य सह मुख्य सचेतक संजय सिंह उर्फ गांधी , मोहतरमा अंजुम आरा प्रदेश प्रवक्ता ,जदयू बिहार,प्रदेश प्रभारी मोहतरम जनाब इकबाल मेजर साहब,पूर्व शिया वक्फ बोर्ड अध्यक्ष इरशाद अली एवं जदयू के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे,ईस बात की औरंगाबाद जदयू प्रकोष्ठ के अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मो नेयाज असर्फी ने मिडिया से बताई, और जदयू के तमाम पदाधिकारियों को कहा धन्यवाद।

# शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने हेतु जिला स्तर पर शुरू हुआ अभियान



**धनबाद** : जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने तथा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के लिए आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलॉपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के तकनीकी सहयोग से सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जिला+2 स्कूल के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी के आदेशानुसार किया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि तम्बाकू सेवन की आदत जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रुप में वैश्विक स्तर पर उभर रही है। इसलिए तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के प्रति अवयस्क और युवा वर्ग में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आनेवाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तम्बाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के मार्गदर्शन में सोशिओ इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) झारखण्ड द्वारा ह्लतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निदेशों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई।

जिसमें सभी शिक्षण संस्थानों में धूम्रपान मुक्त एवं तंबाकू मुक्त परिसर का साइनेज का प्रदर्शन एवं नामित किए गए पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर अंकित होना, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का साइनेज शिक्षण संस्थान के मुख्य द्वार पर लगाना, तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों से संबंधित पोस्टर का प्रदर्शन, हर छः माह पर तम्बाकू नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करना, तम्बाकू मोनिटर शिक्षक एवं विद्यार्थि नामित करना एवं उनका नाम पदनाम एवं मोबाईल नम्बर को साइनेज पर प्रदर्शित करना, तम्बाकू मुक्त विद्यालय हेतु आचार संहिता विकसित किया जाना, स्कूल के बाहरी दीवारों से 100 गज के दायरे को पीली रेखा से रेखांकित कर तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करना तथा स्कूल के बाहरी दीवारों से 100 गज के दायरे में अवस्थित दूकानों में किसी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों की बिक्री न होना सुनिश्चित किया जाना शामिल हैं। उन्होंने तम्बाकू मुक्त पीढ़ी एवं तम्बाकू मुक्त गांव बनाए जाने की पूर्ण जानकारी दी।

### हत्या और जानलेवा हमला के विरोध में तेली समाज का धरना



**धनबाद :** हाल के दिनों में हुए व्यापारी अमन साव की हत्या एवं कारोबारी चेतन साव पर जानलेवा हमला करने वाले अपराधियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में धनबाद जिला तेली साहू समाज ने बुधवार को रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया। जिला अध्यक्ष जगदीश साव ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर समाज के दो दो कारोबारी पर अपराधियों ने गोली चलाई जहाँ अमन साव की हत्या कर दी गई। तो वहीं चेतन साव गंभीर हालत में अस्पताल में इलाजरत हैं। पुलिस अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी, इससे पुलिस की निष्क्रियता का पता चलता है। प्रिंस खान के आतंक से धनबाद के व्यापारी खौफजदा हैं। समाज आज के इस धरने के माध्यम से पुलिस प्रशासन को चेतावनी देने का काम कर रही है कि एक सप्ताह के भीतर अगर अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए तो राजभवन का घेराव किया जायेगा।धरना में समाज के अंकेश राज, हीरामन नायकु, जानकी प्रसाद महतो, देबू महतो, तालेश्वर साव, राजीव साव, उदय साव, कुलदीप साव, गुप्तेश्वर साव, सतीश महतो, रोहित महतो, सुदर्शन साव, भारती देवी गीता देवी इत्यादि थे।

# आर्थिक रोडमैप के साथ दिल्ली से लौटे दिसानायके

## >> विचार

> “ अडानी समूह कोलंबो में श्रीलंका के सबसे बड़े बंदरगाह पर 700 मिलियन डॉलर की टर्मिनल परियोजना के निर्माण में भी शामिल है। सितंबर 2021 में शुरू की गई सीडब्ल्यूआईटी परियोजना, श्रीलंका के बंदरगाह क्षेत्र में सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश है। 35 साल के समझौते की कीमत 1 बिलियन डॉलर है। यह टर्मिनल श्रीलंका की सबसे बड़ी और सबसे गहरी कंटेनर सुविधा वाली होगी, जो अल्ट्रा लार्ज कंटेनर वेसल्स को संभालने में सक्षम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अडानी पोर्ट्स के पास श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी और जॉन कील्स होल्डिंग्स के साथ साझा उद्यम में 51 फीसद हिस्सेदारी है।

**पुष्परंजन**

सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ‘हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि कॉमरेड दिसानायके ने अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के लिए भारत को चुना। इससे हमारे संबंधों में नई गति और ऊर्जा आएगी।’ मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका बिजली ग्रिड संपर्क और बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करेंगे, जिससे दोनों देशों के बीच निवेश और वाणिज्यिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा। दिसानायके की पार्टी, ‘नेशनल पीपुल्स पावर’ (एनपीपी) की मार्क्सवादी विचारधारा में जड़ें होने के कारण नई दिल्ली में कुछ चिंताएं पैदा हुई थीं, कि उनका झुकाव चीन की ओर होगा। लेकिन, कोलंबो में ‘सेंटर फॉर पॉलिसी अल्टरनेटिव्स’ के कार्यकारी निदेशक पैकियासोथी सरवनमुट्ठु के अनुसार, ‘नई दिल्ली को अपना पहला विदेशी पड़ाव बनाकर उन्होंने संकेत दिया, कि भारत वास्तव में हमारा सबसे करीबी सहयोगी होगा। यह इस यात्रा का प्रतीकात्मक आयाम है।’ सबसे दिलचस्प यह है कि दिसानायके की रविवार से आरम्भ तीन दिवसीय भारत यात्रा पर चीन से अधिक, अमेरिका की नज़र रही है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की दिल्ली यात्रा से दस दिन पहले, दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के अमेरिकी सहायक मंत्री डोनाल्ड लू, अमेरिकी वित्त विभाग में एशिया-प्रशांत के उप सहायक मंत्री रॉबर्ट कैप्रोथ, और अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) में एशिया ब्यूरो की उप सहायक प्रशासक अंजलि कौर कोलम्बो आये, और उन्होंने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या, विदेश रोजगार-पर्यटन मंत्री विजिता हेराथ के साथ चर्चा की। अंजलि कौर ने यूएसएआईडी परियोजनाओं को अमल करने में अमेरिकी रुचि का इज़हार किया। मतलब, अमेरिका ने बता दिया कि हिन्द महासागर में श्रीलंकन सहयोग हमें मिलते रहना चाहिए। सोमवार को नई दिल्ली में दिसानायके का दिया बयान महत्वपूर्ण है, ‘हमने दो साल पहले एक अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना किया था, और भारत ने उस दलदल से बाहर निकलने में हमारा भरपूर समर्थन किया था।’ इस समय श्रीलंका के लिए लाइन ऑफ़ क्रेडिट (देय भुगतानों) से निपटना सबसे बड़ी चुनौती है। दिसानायके ने इसके लिए 20.66 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता देने के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया, जिससे उस पर ऋण बोझ काफी कम हो गया। नई दिल्ली की सुरक्षा चिंताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा, ‘हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमारी भूमि का किसी भी तरह से उपयोग नहीं किया जाना चाहिए, जो भारत के हित के लिए हानिकारक हो। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा, ‘मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत को हमारा समर्थन और सहयोग निरंतर मिलेगा।’ सेंटर फॉर पॉलिसी अल्टरनेटिव्स के कार्यकारी निदेशक सरवनमुट्ठु के अनुसार, ‘श्रीलंका को भारत और चीन के बीच संतुलन बनाना है, लेकिन दिसानायके बहुत व्यावहारिक हैं। वे कट्टर वामपंथियों की तरह विचारक नहीं हैं। वह जानते हैं कि भारत उसका सबसे करीबी और मुसीबत में मददगार पड़ोसी है। चीन भी श्रीलंका में होगा। लेकिन इस सवाल पर कि क्या चीन को बड़ी हिस्सेदारी मिलेगी? सरवनमुट्ठु बोलते हैं, ‘मुझे नहीं लगता, कि ऐसा जरूरी होगा। राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके की यात्रा से पहले, कोलंबो की ओर से स्पष्ट किया गया कि अडानी समूह द्वारा विकसित किए जा रहे बंदरगाह परियोजना को हमें आगे बढ़ाना है। इससे पहले दिसानायके के कार्यालय ने कहा था, कि हम अडानी परियोजना की समीक्षा करेंगे, क्योंकि हमसे यह छिपाया था कि भारत में एक विशाल सौर ऊर्जा परियोजना को कथित तौर पर 250 मिलियन डॉलर की रिश्वत योजना के तहत सुविधा प्रदान की जा रही थी। बहरहाल, ‘अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड’ के शेयर मंगलवार सुबह से चर्चा में हैं। क्योंकि, अडानी समूह की इस कंपनी ने कहा है कि वह अमेरिकी फंडिंग की मांग नहीं करेगी। इसके बजाय, श्रीलंकाई बंदरगाह परियोजना के लिए अपने संसाधनों का इस्तेमाल करेगी। अडानी पोर्ट्स ने कहा कि श्रीलंका में कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल (सीडब्ल्यूआईटी) परियोजना अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है, और अगले साल की शुरुआत तक चालू होने की राह पर है। अडानी पोर्ट्स ने कहा, ‘हमने डीएफसी से वित्तपोषण के लिए अपना अनुरोध वापस ले लिया है। अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड के एमडी और सीईओ अनिल सरदाना ने बताया, ‘श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों मन्नार और पूनरी में 500 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजना प्रगति पर है।’ मंगलवार को श्रीलंकाई कैबिनेट द्वारा जारी बयान में कहा गया, ‘अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी समूह की अक्षय ऊर्जा इकाई अडानी ग्रीन एनर्जी को फरवरी, 2023 में 442 मिलियन डॉलर निवेश करने, और मन्नार शहर और पूनरी गांव में 484 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्र विकसित करने की मंजूरी मिली थी, जो दोनों श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में स्थित हैं। अडानी समूह कोलंबो में श्रीलंका के सबसे बड़े बंदरगाह पर 700 मिलियन डॉलर की टर्मिनल परियोजना के निर्माण में भी शामिल है। सितंबर 2021 में शुरू की गई ‘सीडब्ल्यूआईटी’ परियोजना, श्रीलंका के बंदरगाह क्षेत्र में सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश है। 35 साल के समझौते की कीमत 1 बिलियन डॉलर है। यह टर्मिनल श्रीलंका की सबसे बड़ी और सबसे गहरी कंटेनर सुविधा वाली होगी, जो अल्ट्रा लार्ज कंटेनर वेसल्स को संभालने में सक्षम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अडानी पोर्ट्स के पास श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी और जॉन कील्स होल्डिंग्स के साथ साझा उद्यम में 51 फीसद हिस्सेदारी है। यह परियोजना 2025 की शुरुआत में चालू होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पीएम मोदी के अलावा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ राष्ट्रपति दिसानायके की बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। डॉ. जयशंकर ने पर्यटन, निवेश और ऊर्जा क्षेत्रों में श्रीलंका का समर्थन करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। चर्चा में मत्स्य उद्योग को आगे बढ़ाना, समुद्र सीमा उल्लंघन करने वाले मछुआरों को कैसे अलर्ट करना है, और श्रीलंका में राष्ट्रीय एकता को कैसे बढ़ावा देना है, जैसे विषय थे। श्रीलंका के रणनीतिकार महसूस करते हैं, कि रामायण ट्रेल के माध्यम से अधिक भारतीय पर्यटकों को लाने के उपाय भी तलाशे जाने चाहिए। मन्नार में दोनों देशों को जोड़ने वाले प्रस्तावित पुल के निर्माण तेज़ हुआ, तो पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी। दोनों देशों के बीच बौद्ध विरासत को विकसित करने की ज़रूरत है। भारत, श्रीलंका में राष्ट्रीय एकता के निर्माण में भी प्रमुख भूमिका निभा सकता है। इस वास्ते तमिल नेताओं के साथ निरंतर संवाद करना चाहिए। तमिल नेता भड़काऊ बयान देने से बचें, यह प्रयास हो। दक्षिण में कुछ अतिवादी नेता हैं, जिन्होंने अतीत में भारत-श्रीलंका के बीच सम्बन्ध ख़राब किये हैं। राष्ट्रपति दिसानायके को उन पर लगाम लगानी चाहिए, क्योंकि उन्होंने नस्लवाद या धार्मिक अतिवाद को बढ़ावा देने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का वादा किया है।



**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

## संपादकीय

# शतरंज का बादशाह

भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर गुकेश डी का वर्ल्ड चैंपियन बनना हर भारतीय को उल्लास से भर गया। वजह है कि वह दुनिया में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। जो बताता है कि भारत अब शतरंज के ग्रैंड मास्टरों की खान बनता जा रहा है। वीरवार को उसने सिंगापुर में खेली गई विश्व चैंपियनशिप की 14वीं अंतिम बाजी में चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिझेन को हराया। बचपन में किसी पत्रकार ने उनसे पूछा था कि उनका सपना क्या है तो बालक गुकेश ने दो टूक शब्दों में कहा था कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। यह तो तय था कि वे विश्व चैंपियन बनेंगे, लेकिन इतनी जल्दी बनेंगे यह उम्मीद उनके अलावा किसी को नहीं थी। विश्वनाथन भी विश्व चैंपियन बने मगर वे 31 साल की उम्र में यह करिश्मा दिखा पाए। यही वजह है कि 14वीं व अंतिम बाजी जीतने के बाद वे भाव-विभोर होकर अपनी अप्रत्याशित जीत के बाद खुशी से सार्वजनिक रूप से रो पड़े। बेहद सहज व सरल स्वभाव के गुकेश का बड़प्पन देखिए कि इस बड़ी जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि हारने वाले डिंग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। बहरहाल, आज गुकेश निर्विवाद रूप से शतरंज के बादशाह हैं। उनकी साधना ने सफलता की नई इबारत लिखी है। उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का भरपूर संबल रहा। यहां तक कि बेटे की सुनहरी कामयाबी के लिये पिता ने अपना कैरियर तक दांव पर लगा दिया। वैसे सिंगापुर में तेरह दिसंबर तक चलने वाली चेस चैंपियनशिप का एक सुखद पहलू यह भी है कि शतरंज में एशिया का वर्चस्व नजर आया। यह इस विश्वस्पर्धा के 138 साल के इतिहास में पहली बार हुआ कि दो एशियाई शतरंज के माहिर खिताबी जीत के लिये मुकाबला कर रहे थे। वहीं मुकाबला इतना कड़ा था कि गुकेश डी और पूर्व चैंपियन डिंग के बीच तेरह मुकाबलों तक बाजी बराबरी पर छूटी। जिससे शतरंज प्रेमियों में खेल का रोमांच बराबर बना रहा। बहरहाल, इस कड़े मुकाबले का निष्कर्ष यह है कि इस मुकाबले के बाद गुकेश शतरंज की दुनिया के बेताज बादशाह बन गए हैं। उन अंतर्राष्ट्रीय माहिरों को मुंह की खानी पड़ी जो कुछ राउंड के बाद गुकेश को कमतर आंक रहे थे। वैसे पूर्व विश्व चैंपियन आनंद ने इस मुकाबले को जटिल व कठिन बताया था। बहरहाल, चेन्नई के गुकेश डी की इस कामयाबी ने एक संकेत यह दिया कि चेन्नई देश को लगातार विश्वस्तरीय ग्रैंडमास्टर दे रहा है। यहां तक कि कई चैंपियन देने वाले चेन्नई को भारत की शतरंज की राजधानी तक कहा जाने लगा है। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि गुकेश के परिवार में कभी किसी ने शतरंज नहीं खेला। उनके खेल के प्रति जुनून ने ही उन्हें विश्व चैंपियन बनाया है। यहां तक कि स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने ग्रैंड मास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। वे 2019 में भारत के सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बनने वाले मोहरों के माहिर थे। कालांतर उनकी प्रतिभा निखारने के लिये पिता ने उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण दिलाया। उनके प्रशिक्षकों ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन पर विशेष ध्यान दिया। परिवार व स्कूल के संबल से प्रतिभा निखरी। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने से कामयाबी का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह आज विश्व चैंपियनशिप जीतने के मुकाम तक जा पहुंचा है। वैसे वे इससे पहले कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप में गोल्ड, स्पेन में संपन्न अंडर-12 चैंपियनशिप, यूरोपियन चेस क्लब कप के अलावा कई ओपन टाइटल समेत कई खिताब भी जीत चुके हैं। निस्संदेह, इस शिखर की कामयाबी में जहां गुकेश की कड़ी मेहनत, एकाग्रता व जुनून शामिल है, वहीं सर्जन पिता डॉ.रजनीकांत के त्याग का भी बड़ा योगदान है, जिन्होंने अपना कैरियर ही बेटे के भविष्य के लिये छोड़ दिया था। वहीं गुकेश के कैरियर को बुलंदियों तक पहुंचाने में योग का भी योगदान है, जिसने उन्हें गहरी एकाग्रता दी है। एक अंतर्राष्ट्रीय चैनल से भेटवार्ता में उन्होंने स्वीकार किया था कि योगाभ्यास ने उनकी एकाग्रता को संबल देकर मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। जिससे किसी भी असफलता से वे जल्दी ही उबर जाते हैं। बहरहाल, देश को उनसे और बड़ी कामयाबी की उम्मीदे हैं।

# हर थाप में थी भावनाओं की गहराई

**विवेक शुक्ला**



उस्ताद जाकिर हुसैन का एक चित्र महान कत्थक नृतक बिरजू महाराज के राजधानी के शाहजहां रोड के फ्लैट में ड्राइंग रूम में लगा हुआ था। उसमें उस्ताद जाकिर हुसैन और बिरजू महाराज खिलखिला रहे हैं। उसे देखकर बिरजू महाराज कहते थे, उस्ताद जाकिर हुसैन से बेहतर तबला वादक अब कोई पैदा नहीं होगा। ये दोनों ही अपनी-अपनी कलाओं के महारथी थे, और जब वे साथ में प्रस्तुति करते, तो एक जादुई माहौल बन जाता था। उस्ताद जाकिर हुसैन की मृत्यु से सारा देश उदास है। उस्ताद जाकिर हुसैन अपनी अद्भुत तकनीक और तबले पर महारत के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उनकी लय और ताल की समझ अविश्वसनीय थी। वे जटिल तालों को भी सहजता से बजाते थे, जिससे संगीत में एक अलग ही रंगत आ जाती थी। जाकिर हुसैन का संगीत सिर्फ तकनीकी कौशल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनाओं की गहराई भी है। उनकी हर थाप में एक कहानी छिपी होती है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाती है। वो फरवरी का महीना था और साल था 2012 । दिल्ली में जाड़ा पड़ रहा था। उस दिन राजधानी के शास्त्रीय संगीत के रसिया नेहरू पार्क का रुख कर रहे थे उस्ताद जाकिर हुसैन के जादू को देखने के लिए। उस्ताद जाकिर हुसैन ने अपनी उंगलियों और हथेलियों से ऐसी ध्वनियां निकालीं, जो पहले कभी नहीं सुनी गईं थीं। दरअसल उस दिन तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन ने नेहरू पार्क में शिव कुमार शर्मा के साथ जुगलबंदी पेश की थी। करीब सैकड़ों संगीत प्रेमियों के बीच जब दोनों उस्तादों ने तान छेड़ी तो फिर जो समां बंधा, उसे कौन शब्दों में बयां कर सकता है। करीब दो घंटे की जुगलबंदी में दोनों उस्तादों ने अपने चाहने वालों की भरपूर तालियां बटोरीं। अफसोस कि उस जुगलबंदी के दोनों उस्ताद अब संसार में नहीं रहे। उस्ताद जाकिर हुसैन दिल्ली में बीती आधी सदी से भी अधिक समय से अपने कार्यक्रम दे रहे थे। भारतीय संगीत को उनके खास अंदाज की वजह से अतंर्राष्ट्रीय पहचान मिली थी। उन्होंने दिल्ली में दर्जनों कंसर्ट पेश किए। जाकिर हुसैन ने कमानी सभागार में 2019 में एक यादगार प्रस्तुति दी थी। मौका था श्रीराम कला केन्द्र के संस्थापक लाला चरत राम की याद में आयोजित एक कार्यक्रम का। उसमें श्रीराम कला केन्द्र की प्रमुख शोभा दीपक सिंह ने बताया था कि जाकिर हुसैन श्रीराम कला केन्द्र के कार्यक्रमों में अपने पिता उस्ताद अल्लाह रखा खान के साथ आते थे। जाकिर हुसैन ने जब दिल्ली के कमानी सभागार में प्रस्तुति दी, तो वह एक अविस्मरणीय शाम थी। उनके तबले की गूंज पूरे सभागार में गूंजी व दर्शक मंत्रमुग्ध हुए। कला मर्मज्ञ डॉ. रविन्द्र कुमार उस्ताद के निधन का समाचार सुनकर कहने लगे, जाकिर हुसैन का कोई सानी नहीं था। उनकी उंगलियां तबले पर ऐसे चलती थी जैसे कोई जादू हो। उनकी लयकारी व ताल की समझ अद्भुत थी। वे हर ताल को नए अंदाज में पेश करने में माहिर थे । उस्ताद जाकिर हुसैन की लय पर पकड़ अद्भुत थी। उनकी उंगलियां तबले पर इस तरह नाचती थीं कि हर ताल और लय स्पष्ट और सटीक होती थी। वह पारंपरिक तबला वादन में तो माहिर थे ही, साथ ही उन्होंने अपनी तकनीक में कई नए तत्वों को भी जोड़ा। वे विभिन्न प्रकार की तालों और लय में कुशलता से तबला बजाते थे। उनकी गति अविश्वसनीय थी। वे बहुत तेज गति से तबला बजा सकते थे, लेकिन उनकी सटीकता और स्पष्टता कभी कम नहीं होती। जाकिर हुसैन सिर्फ तबला नहीं बजाते थे, बल्कि संगीत के साथ संवाद करते थे। वे अन्य संगीतकारों के साथ मिलकर शानदार संगीत बनाते थे। उनके तबला वादन में गहरी भावनाएं होती थीं। वे अपनी कला से खुशी, दुख, उत्साह और शांति जैसे विभिन्न भावों को व्यक्त कर सकते थे । वे भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ जैज़ और फ्यूजन संगीत में भी माहिर थे। उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों के संगीत को एक साथ मिलाकर एक नई शैली बनाई। जाकिर हुसैन ने कई युवा तबला वादकों को प्रेरित किया। उन्होंने तबला वादन को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाया। वे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते थे। उन्होंने तबले वादन के क्षेत्र में कई नए प्रयोग किए और इस कला को आगे बढ़ाया। वे दुनिया के सबसे प्रसिद्ध और सम्मानित तबला वादकों में से एक थे। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान जीते हैं। इतने बड़े कलाकार होने के बावजूद, जाकिर हुसैन बहुत ही सरल और विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने संगीत के प्रति पूरी तरह से समर्पित थे और हमेशा सीखने के लिए तैयार रहते थे। वे अपने संगीत और दर्शकों के प्रति गहरा प्यार रखते थे। वे दर्शकों के सवालों के जवाब देते थे, उनसे बतियाते थे। उस्ताद जाकिर हुसैन को भारत और दुनियाभर में बसे उनके चाहने वाले सदैव याद रखेंगे।

# चट मंगनी पट तलाक से हलकान जिंदगी

**व्यंग्य**

**राकेश सोहम**



उसके सिर पर बड़ा-सा व्हाइट-क्रॉस चिपका हुआ था। मैंने छेड़ा, ‘भाभी जी से झगड़कर आए हो?’ वह चौंका, ‘तुम्हें कैसे मालूम?’ मैं समझा मज़ाक कर रहा है। दिलो-दिमाग में उसकी सुखी वैवाहिक जीवन की छवि बनी हुई थी। उसने खुद बताया था कि उनकी आपसी समझ कितनी अच्छी है। मैं उनकी ‘अंडर-स्टैंडिंग’ से प्रभावित था- बीवी हो तो ऐसी। तभी वह उदास-सा बोला, ‘नहीं यार, तेरी भाभी ने सिर पर फूल मार दिया।’ मैं चौंका, ‘अरे! फूल से ऐसी चोट लगती है भला?’ वह रुआंसा होकर बोला, ‘दरअसल, फूल गमले में लगा था और गुस्से में गमला सहित सिर पर दे मारा।’ एक सुखी विवाहित का ऐसा रूप! जब उसकी शादी न हुई थी तब वह मर-मिटने को तैयार था, कहता था- यदि उससे शादी न हुई तो मर जाएगा। अब मर रहा है तो रोता है? यह घटना चुटकुले-सी लगती है। वास्तव में सच्चाई से चुटकुले जनमते हैं। जिसे लोग समाज, राजनीति, व्यवस्था या धर्म के डर से सीधे नहीं सुन पाते, उसे चुटकुला कहकर स्वीकारते हैं। चुटकुले सच्चाई को बेअसर कर देते हैं। आपसी अंडर-स्टैंडिंग का ज़ामा पहने पति-पत्नी घर के बाहर अच्छे लगते हैं। अच्छी पोशाकें, कॉस्मेटिक्स व परफ्यूम का जादू हटते ही सब कुछ बदल जाता है। कुंठाएं, अनबन, तनाव, तू-तू, मैं-मैं, मारपीट और प्रताड़नाएं नर्तन करने लगती हैं। विवाहित जीवन की मधुरता दूसरा खूबसूरत पहलू भी है। खबर है एक विवाहिता ने ज़हर खाकर जान दे दी तो उसके दुखी पति ने इमारत की चौथी मंज़िल से कूदकर जान दे दी। अनोखी है विवाहित जीवन की ऐसी लालसा। प्यार के चरमोत्कर्ष का ऐसा अनूठा रूप है। हालांकि, मसखरे कहते हैं- बगैर शादी मुक्ति नहीं मिलती। शादी पूर्व स्वर्ग से उतरी अप्सरा-सी वधू पति के घर को स्वर्ग बनाती है तथा पति को स्वर्गवासी! बहरहाल, आज मैं कुंवारे दिनों को याद करता हूं तो नाक से ‘घर-घर जल’ के नलों की तरह सूं-सूं कर हवा निकलती है। मन के नल से आंसुओं की सप्लाई नहीं होती। हमें याद है, हमारी शादी ‘चट मंगनी पट ब्याह’ के दौर में हुई थी। हमने लड़की देखी और हां कर दी। चट मंगनी हो गई। पंडित ने 27 गुणों का मिलान करके पट ब्याह करा दिया। बस, यहीं गड़बड़ी हो गई। पंडित की गुण-मिलान-एक्यूरेसी ने कठिनाई पैदा कर दी। मेरी प्रत्येक पसंद न-पसंद पत्नी की पसंद न-पसंद से बिल्कुल मिलती है। मुझे खाना-बनाना पसंद नहीं, उसे भी नहीं। मुझे आराम अच्छा लगता है, वह भी आराम-परस्त है। बहरहाल, अब पछताने से क्या होगा? पत्नियां नाराज़ न हों। उनका दोष नहीं है। विवाहित जीवन के सवालों का कोई अचूक जवाब नहीं होता। कुछ दिनों से पश्चिमी सभ्यता ने नई सोच दी है- चट शादी, पट तलाक़।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा विजय प्रेस, नया टोला पटना से मुद्रित तथा 302, मां तारा कंपलेक्स, नारायण मूर्ति पथ, नागेश्वर कॉलोनी, बोरिंग रोड पटना से प्रकाशित! संपादक सरोज चौधरी, R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168

सर्दियां आ गई हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि तुम सिर्फ गर्म कपड़े लाद लो या फिर छुट्टियों के दौरान रजाई में दुबके रहो। इस मौसम में तुम कई ऐसे एडवेंचर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते हो, जो सिर्फ इसी मौसम में संभव हैं।

# सर्दियों में खेलो ये खेल



यह खास तरह का विंटर स्पोर्ट है, जिसमें स्की करने वाले लोगों को हेलीकॉप्टर से एक पहाड़ की चोटी पर पहुंचा दिया जाता है। इससे स्की करने वाले स्कीइंग के जरिये ऊपर जाने की मेहनत से बच जाते हैं। इसमें बहुत अनुभव और हिम्मत की जरूरत होती है, साथ ही फिजिकल फीचर्स और हवा की दिशा की जानकारी भी जरूर होनी चाहिए। भारत हेली स्कीइंग की सुविधा प्रदान करने वाला पहला देश है। इस स्पोर्ट का सबसे ज्यादा मजा कश्मीर की हिमालय रेंज में आता है। यहां कर सकते हो हेली स्कीइंग- हनुमान टिब्बा मनाली हिमाचल प्रदेश, औली उत्तराखंड, पिथौरागढ़ उत्तराखंड, रोहतांग पास मनाली हिमाचल प्रदेश, चंद्रखानी पास कुल्लू और मनाली हिमाचल प्रदेश, गुलमर्ग जम्मू एवं कश्मीर, देव टिब्बा मनाली,हिमाचल प्रदेश




## मोटर रैली

यह विंटर स्पोर्ट काफी मशहूर है, क्योंकि भारत में मोटर रैलीज के लिए शानदार इलाके हैं। पहाड़ी इलाकों से शुरू होकर समुद्र तटों (सी बीच) तक। जो लोग ड्राइविंग और एडवेंचर पसंद करते हैं, उनके लिए यह शानदार स्पोर्ट है। पहाड़ी इलाकों में ड्राइविंग करना काफी मुश्किल होता है, इसलिए ड्राइवर को काफी स्मार्ट होना पड़ता है। भारत में होने वाली कुछ मशहूर कार रैली हैं- हिमालयन कार रैली, विंटेज कार रैली, द मानसून रैली, द चारमीनार चैलेंज रैली, कनार्टक 1000 रैली और रैली डी' एंड्योरेंस आदि।

## कैमल सफारी

यह जाड़े का एक लोकप्रिय स्पोर्ट है। सबसे बढ़िया कैमल सफारी का मजा लेना है तो राजस्थान के थार रेगिस्तान में पहुंच जाओ। जोधपुर, जैसलमेर और बीकानेर में कैमल सफारी का बढ़िया मजा ले सकते हो। इन जगहों के अलावा रामगढ़, नवलगढ़ और चुरू आदि शहरों में भी इसका मजा लिया जा सकता है। सफारी टूर आयोजित करने वाले सफारी के दौरान पुराने जमाने के कारवां सफर की तरह का माहौल पैदा करने की कोशिश करते है, जिसमें सफारी के साथ-साथ म्यूजिशियन भी चलते हैं। साथ ही वे बीच में कहीं-कहीं कैंप फायर का आयोजन भी करते हैं, ताकि टूरिस्ट कैमल सफारी को पूरा एंज्वॉय कर सकें।



# दुनिया के अजब-गजब सांप

सामान्यत- सांप को एक बेहद विषैला और खतरनाक जंतु माना जाता है. कई लोग तो सांप का नाम सुनते ही भय से घिर जाते हैं. लेकिन सभी सांप जहरीले नहीं होते, बल्कि कई बहुत सीधे और शांत भी होते हैं. मगर इनका आकार, रंग-रूप हमें भयभीत कर देता है. पुरानी मान्यता है कि सांप दुनिया के सबसे पहले और सबसे पुराने सरीसृप (रेपटाइल्स) हैं. वैसे अगर जहरीले सांपों का जिक्र किया जाये, तो दुनिया में कुल चार तरह के जहरीले सांप होते हैं- पहला एलापिड्स, दूसरा वैपरिड्स, तीसरा कोलुब्रिड्स और चौथा हाइड्रोफाइडी.

**एलापिड्स** – इस परिवार के सांप दुनिया में उष्णकटिबंधीय इलाकों में पाये जाते हैं. इस परिवार में 231 जातियां होती हैं. कुछ एलापिड्स के सदस्यों का नाम है- कोबरा, किंग कोबरा, करैत. ये सभी बेहद जहरीले होते हैं. दक्षिण और पूर्वी अफ्रीका के पर्वतीय इलाकों में पाया जानेवाला ब्लैक माम्बा दुनिया का खतरनाक जहरीला सांप इसी परिवार का अंग है.

**वैपरिड्स (वाइपर)** – ये दुनिया भर में पाये जाते हैं सिवाय ऑस्ट्रेलिया और मेडागास्कर के. इनका मुंह अपेक्षाकृत थोड़ा बड़ा होता है, जिससे ये शिकार को आसानी से पकड़ लेते हैं. इस परिवार में चार जातियां होती हैं- आजेमिओपिनि, वाइपरनी, क्रोटेलिनी और काउसिनी.

**कोलुब्रिड** – इनकी खासियत है कि इनका पूरा शरीर स्केल्स से ढंका होता है. सामान्यत- इनमें जहर नहीं पाया जाता, लेकिन कुछ सांप इनमें ऐसे भी हैं, जिनके नुकीले दांत उनके मुंह के पीछे की तरफ होते हैं और वे नुकसानदायक होते हैं. ऐसे केवल अफ्रीकन ही होते हैं. इस परिवार के सदस्यों में कुछ सांप रानी सांप, राजा सांप, ताज सांप, बैल सांप, चूहा सांप, मोजाबंध सांप, चिकना सांप, पानी सांप, दुधहिया सांप, पेड़ पर रहनेवाले सांप हैं. रानी सांप जहरीला नहीं होता. गहरे भूरे रंग का यह सांप 60 सेंटीमीटर से ज्यादा लंबा नहीं होता है.

**हाइड्रोफाइडी** – इन्हें समुद्री सांप भी कहते हैं. समुद्री सांप में कई तरह की प्रजातियां होती हैं. वे जमीन की तुलना में पानी में ज्यादा रहते हैं. समुद्री सांप कोबरा समूह से होता है. ये दो मीटर तक लंबे होते हैं. इनके परिवार में 50 से ज्यादा प्रजातियां होती हैं. इनमें से अधिकतर जहरीली होती हैं. इनके ऊपरे जबड़े में अपेक्षाकृत छोटे, नुकीले और थोड़े खोखले दांत होते हैं. इनमें लगभग 1.5 मिलीग्राम तक जहर होता है. समुद्री सांप थलीय सांप की अपेक्षा ज्यादा जहरीले होते हैं.





## हैंग ग्लाइडिंग

भारत में यह भी एक अहम विंटर स्पोर्ट है। यह एक ऐसा गेम है, जहां खेलने वाले पर्वत श्रृंखलाओं (माउंटेन रेंजेस) की ऊंचाई से भी आगे, नदियों, जंगलों और यहां तक कि मैदानी इलाकों के शानदार दृश्यों का मजा ले सकते हैं। अगर आसमान साफ है तो हैंग ग्लाइडर नदियों के रूट को भी देख सकते हैं, जब तक कि वे धुंध में गायब नहीं हो जातीं। हैंग ग्लाइडिंग जम्मू एवं कश्मीर राज्य के श्रीनगर घाटी क्षेत्र में बहुत लोकप्रिय है। इसके अलावा तमिलनाडु में नीलगिरी पहाडियों, कर्नाटक के मैसूर और मेघालय के शिलांग में भी काफी लोकप्रिय है।



## बैलूनिंग

भारत में इसे एक फैंसी विंटर स्पोर्ट के रूप में देखा जाता है। हर साल नवंबर में पूरी दुनिया में बैलून फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है और इसमें भाग लेने वाले सभी लोग इसे काफी एंज्वॉय करते हैं। दिल्ली के सफदरजंग एयरपोर्ट स्थित बैलून क्लब ऑफ इंडिया इस हवाई स्पोर्ट का हेडक्वार्टर है।

### यहां कर सकते हो बैलूनिंग

आगरा उत्तर प्रदेश, पुष्कर राजस्थान, बेनेश्वर राजस्थान, नागौर

## रॉक क्लाइंबिंग

इस गेम में साहस की जरूरत होती है। इसमें ढेरों मुश्किलों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचना होता है और फिर वहां से उसी तरह वापस लौटना पड़ता है। कुछ लोगों में इस खेल को लेकर काफी पैशन होता है। इस खेल में कंसन्ट्रेशन, को-ऑर्डिनेशन और मजबूती का इम्तिहान होता है, साथ ही टेक्निक और स्किल की भी परीक्षा होती है। एक अनुभवी क्लाइंबर जानता है कि पहाड़ों को कभी हल्के में नहीं लिया जा सकता। रॉक क्लाइंबिंग के कुछ प्रसिद्ध सेंटर उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में हिमालय रेंज में हैं। इसके अलावा पुणे, माउंट आबू के पास वेस्टर्न घाट और राजस्थान में सरिस्का इसके लिए काफी मशहूर है। दुर्घटना से बचने के लिए अपने साथ एक प्रोफेशनल क्लाइंबर रखना बहुत जरूरी है।



# गिरगिट का रंग बदलना

गिरगिट समय-समय पर अपना रंग बदलने के लिए जाना जाता है. पर आपने कभी सोचा है कि गिरगिट अपना रंग कैसे बदल लेता है? क्या गिरगिट के भीतर रंगों का भंडार होता है, जो जरूरत के अनुसार उनका इस्तेमाल कर लेता है? दरअसल, इस प्राणी की त्वचा में एक विशेष गुण होता है.



हम अकसर किसी से कहते हैं कि तुम भी गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हो! जाहिर है ऐसा हम गिरगिट के स्वभाव को ध्यान में रख कर कहते हैं, जो समय-समय पर अपना रंग बदलने के लिए जाना जाता है. पर आपने कभी सोचा है कि गिरगिट अपना रंग कैसे बदल लेता है? क्या गिरगिट के भीतर रंगों का भंडार होता है, जो जरूरत के अनुसार उनका इस्तेमाल कर लेता है? दरअसल, इस प्राणी की त्वचा में एक विशेष गुण होता है.

वह गुण होता है उसकी विशेष प्रकार की कोशिकाएं यानी सेल क्रोमाटाफोरस में. ये सेल क्रोमाटाफोरस दिमाग द्वारा नियंत्रित होती हैं. किसी भी खतरे को भांप कर गिरगिट का दिमाग इन कोशिकाओं को संदेश भेजता है. कोशिकाएं इसी के अनुरूप फैलने या सिकुड़ने लगती हैं, तो ये सेल क्रोमाटाफोरस अपना आकार बदल कर छोटी या बड़ी हो जाती हैं और पिगमेंट के कारण गिरगिट का रंग बदल जाता है. वह फौरन चारों तरफ के रंगों में घुल-मिल कर अपने शत्रुओं से अपनी रक्षा कर लेती है. शिकार को पकड़ने के लिए भी पत्तों या स्थानीय रंग को धारण कर लेती है. तापमान कम या ज्यादा होने पर भी इसका असर उसकी त्वचा पर दिखाई देने लगता है.

इसके शरीर से विशेष प्रकार के हार्मोन के निकलने से कोशिकाएं उत्तेजित होने लगती हैं. गिरगिट की त्वचा में ऊपर से नीचे पीली, भूरी, काली और सफेद रंग के पिगमेंट से भरी कोशिकाएं होती हैं. इंटरमेडिन, एसीटिलकोलिन व एड्रीनेलिन नाम से हार्मोन ही उन कोशिकाओं को उत्तेजित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं. दिलचस्प बात है कि गिरगिट अकेलापन पसंद करते हैं. जब उसका शत्रु से सामना होता है, तो अपने पीले धारियों के साथ लाल रंग में बदल जाते हैं और जब वह बीमार होते हैं, तो उनका रंग पीला हो जाता है, क्योंकि अब उसमें रंग बदलने के लिए ऊर्जा बहुत कम बचती हैं.



### प्रजातियां

मुख्य रूप से दो जातियां वर्णित हैं- ब्रूकेसिया (19 प्रजातियां) और कैमेलियो (70 प्रजातियां). इनमें से लगभग आधी प्रजातियां सिर्फ मेडागास्कर में पायी जाती है, अन्य अफ्रीका में सहारा के दक्षिण में. पश्चिमी एशिया में दो प्रजातियां पझ्झायी जाती हैं, एक दक्षिण भारत और श्रीलंका में और दूसरी (यूरोपीय गिरिगट, कैमेलियो, कैमलियॉन) उत्तरी अफ्रीका से लेकर दक्षिणी स्पेन तक. अधिकांश गिरिगट 17-25 सेमी लंबे होते हैं, अधिकतम लंबाई 60 सेमी तक हो सकती है. कुछ में घुमावदार पूंछ भी पायी जाती है. इसकी बाहर ओर निकली हुई आंखें एक-दूसरे से भिन्न दिशा में घूम सकती हैं. दक्षिण अफ्रीका की कुछ प्रजातियां अंडों के बजाय बच्चों को ही जन्म देती हैं.

## आर्मेनिया की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सिमोनियन ने राज्यसभा के सभापति धनखड़ से मुलाकात की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष एलन सिमोनियन ने उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से संसद भवन में मुलाकात की। दोनों की चर्चा के मुख्य विषय अंतर-संसदीय संबंध, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और द्विपक्षीय हित के अन्य विषय थे। धनखड़ ने एक्स पोस्ट में कहा कि चर्चा लोकतंत्रों के बीच इतिहास में निहित दीर्घकालिक संबंधों पर केंद्रित रही और द्विपक्षीय व्यापार एवं संपर्क को मजबूत करने के महत्व को रेखांकित किया गया। दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने में भारत और आर्मेनिया के बीच संसदीय आदान-प्रदान की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। आर्मेनिया की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सिमोनियन ने भारतीय संसद के उच्च सदन का भी दौरा किया और मानद अतिथियों की विजिटर बुक में एक नोट लिखा। भारत की आधिकारिक यात्रा पर आये आर्मेनिया के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने इससे पहले सोमवार को आर्मेनिया की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सिमोनियन के नेतृत्व में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात की थी।

## आईपीयू में एआई, मशीन लर्निंग और आईओटी के अनुप्रयोग पर एफ़डीपी का आयोजन

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी में एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (एटीएएल) अकादमी के सौजन्य से दो सप्ताह का एडवांस्ड फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) टेक्नोलॉजिकल ब्रेकथ्रू के लिए जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग और आईओटी का उपयोग विषय पर आयोजित किया जा रहा है।इस कार्यक्रम का उद्घाटन आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो महेश वर्मा और दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) के कुलपति प्रो प्रतीक शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इसे यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (यूएसआईसीटी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। देश भर के 1000 से अधिक आवेदकों में से केवल 25 संस्थानों को एआईसीटीई द्वारा ऐसे एफडीपी की मेजबानी के लिए चुना गया था, जिसमें आईपीयू भी शामिल था। इस एफडीपी का उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण, अनुसंधान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग और आईओटी को एकीकृत करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना था। आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो महेश वर्मा ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। वहीं प्रो प्रतीक शर्मा ने कहा कि जनरेटिव एआई और आईओटी के पास दबाव डालने वाली वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की क्षमता है।

## विशाखापट्टनम में शुरू हुआ भारत-श्रीलंका का द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'स्लिनेक्स'

**नई दिल्ली।** पूर्वी नौसेना कमान के तत्वावधान में श्रीलंका और भारत के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'स्लिनेक्स' शुरू हुआ। विशाखापट्टनम में 20 दिसंबर तक चलने वाला यह अभ्यास दो चरणों में होगा। इसमें 18 दिसंबर तक बंदरगाह चरण और 19 दिसंबर से समुद्री चरण होगा। यह द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यासों का महत्वपूर्ण संस्करण है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सहयोग को मजबूत किया है। अभ्यास में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का जहाज आईएनएस सुमित्रा, एक अपतटीय गश्ती पोत विशेष बल के साथ शामिल हो रहा है। इसी तरह श्रीलंका से एसएलएनएस सयूरा, एक अपतटीय गश्ती पोत विशेष बल के साथ अभ्यास में शामिल होगा। सुकन्या श्रेणी का ओपीवी 'स्लिनेक्स' के 11वें संस्करण के लिए विशाखापट्टनम पहुंच गया है। अभ्यास के आज हुए उद्घाटन समारोह के साथ बंदरगाह चरण की शुरुआत हो गई है। इस समुद्री अभ्यास का मकसद सुरक्षित, संरक्षित और नियम-आधारित समुद्री वातावरण को बढ़ावा देना है। इस चरण के दौरान प्रतिभागी नौसेनाएं आपसी समझ को मजबूत करने के लिए पेशेवर और सामाजिक आदान-प्रदान में संलग्न होंगी। इसके बाद 19 दिसंबर को शुरू होने वाले समुद्री चरण में विशेष बलों के संचालन, बंदूक फायरिंग, संचार अभ्यास, नाविक अभ्यास, नेविगेशन विकास और हेलीकॉप्टर संचालन सहित संयुक्त अभ्यास शामिल होंगे। पिछले कुछ वर्षों में स्लिनेक्स का दायरा बढ़ा है, जिससे दोनों नौसेनाओं को अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में मदद मिली है। वर्ष 2024 के इस संस्करण का उद्देश्य भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री संबंधों को और मजबूत करना है।

## भाजपा ने नरेश बाल्यान को झूठे केस में फंसाकर भेजा जेल : पूजा बाल्यान

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव अगले साल होने हैं। उससे पहले ही दिल्ली में सियासत तेज हो गई है। दिल्ली की उत्तम नगर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार पूजा बाल्यान ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनके पति नरेश बाल्यान को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजा है। आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार पूजा बाल्यान ने खास बात की। उन्होंने कहा कि मैं यह चुनाव सच्चाई पर लड़ रही हूं। मेरे पति के साथ जो अन्याय हुआ है, उसके खिलाफ ही चुनाव लड़ा जा रहा है। मेरे पति के साथ जो षड्यंत्र रचा गया है, उस षड़यंत्र का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा, राजनीति का स्तर इतना गिर गया है कि उन्होंने एक निर्दोष आदमी को मोहरा बना दिया है।

# कांग्रेस ने संविधान को भी निजी जागीदारी समझा: अमित शाह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर हुई चर्चा में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी संविधान और संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर का सम्मान नहीं किया और साथ ही आरक्षण एवं धर्मनिरपेक्षता का ही सम्मान रखा। पार्टी ने संविधान को भी निजी जागीदारी समझा और आज केवल वोट पाने के लिए संविधान लहराती है और आरक्षण की बात करती है। संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा के तहत सोमवार और राज्यसभा में चर्चा हुई। इस चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने देश में 55 साल राज किया और 77 संविधान संशोधन किये जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 16 साल राज



किया और 22 बार संविधान को संशोधित किया। कांग्रेस का जहां संविधान संशोधन के पीछे उद्देश्य अपनी सत्ता और वोट बैंक को बचाना था वहीं भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य एकता बढ़ाना और पिछड़ों को आगे लाना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, स्वामी विवेकानंद जी और महर्षि अरविंद जी की भविष्यवाणी आज सच हो रही हैं। भारत माता अपने दिव्यमान और ओजस्वी स्वरूप में खड़ी हैं और पूरी दुनिया उसकी अद्भुत शक्ति एवं प्रगति को देखकर चकित रह गई है। गृह मंत्री ने इस दौरान कांग्रेस की ओर से लाए गए कुछ संविधान संशोधनों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि इसमें अभिव्यक्ति की आजादी छीनी गई। प्रधानमंत्री को न्यायिक जांच से बाहर किया गया, देश की विधानसभा का कार्यकाल 5 से 6 साल किया गया और राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाई गई। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने अपने संविधान संशोधनों में वस्तु एवं सेवा कर लाए, पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया।

## उर्दू डेवलपमेंट आर्गनाइज़ेशन ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, एनसीपीयूएल की गवर्निंग बॉडी के गठन की मांग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उर्दू डेवलपमेंट आर्गनाइज़ेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सैयद अहमद खान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद (एनसीपीयूएल) जैसी महान संस्था को बर्बाद होने से बचाने की अपील की है।

उन्होंने देश में उर्दू भाषा के विकास और उत्थान के लिए केन्द्र सरकार के जरिए स्थापित किए जाने वाले इस संस्थान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि एशिया ही नहीं पूरे उर्दू जगत में भारत की प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ाने वाली इस परिषद को उचित सम्मान दिया जाना चाहिए। उन्होंने इस मामले पर आश्चर्य व्यक्त किया कि परिषद के उपाध्यक्ष का पद तीन साल से खाली पड़ा रहने के कारण यह संस्थान पूरी तरह से ठप हो गया है, जिसकी वजह से परिषद के गठन का मकसद ही समाप्त होता जा रहा है और उर्दू भाषा को बढ़ावा देने के लिए परिषद पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। इसलिए यथाशीघ्र परिषद की गवर्निंग बाडी का गठन कर उपाध्यक्ष की नियुक्ति की जानी चाहिए ताकि उर्दू जगत में परिषद की जो प्रतिष्ठा एवं गौरव कायम है, उसे बरकरार रखा जा सके। उर्दू जगत में भारत का नाम रोशन करने में एनसीपीयूएल की बहुत अहम भूमिका है। इस लिए संस्थान को जानबूझकर नष्ट किए जाने से बचाया जाना चाहिए।

## हज यात्रा के लिए 500 खुशनसीब महरम महिला यात्रियों का हुआ चयन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने महरम कोटे की 500 महिलाओं का लकी ड्रॉ करके चयन किया है। इसमें सबसे अधिक महाराष्ट्र की महिलाओं को हज पर जाने का मौका मिला है। देश भर से महरम श्रेणी में कुल 739 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसका आज कंप्यूटराइज्ड तरीके से लकी ड्रॉ कर के चयन किया गया। इसमें महाराष्ट्र से 92, केरल से 63, कर्नाटक से 56, उत्तर प्रदेश से 46, गुजरात से 41, मध्य प्रदेश से 34, तेलंगाना से 31, जम्मू-कश्मीर से 26, राजस्थान से 22, तमिलनाडु से 18, दिल्ली से 16, पश्चिम बंगाल से 15, आंध्र प्रदेश से 10, बिहार से 9, छत्तीसगढ़ से 4, असम, हरियाणा और दादर-नगर हवेली से 3-3, लक्षद्वीप और उत्तराखंड से 2-2 तथा अंडमान-निकोबार और पुदुचेरी से 1-1 महिला यात्रियों का चयन हुआ है। चयनित यात्रियों की सूची हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने महरम कोटे में चयनित महिला यात्रियों और वेटिंग लिस्ट में शामिल यात्रियों से अपील की है कि वे 30 दिसंबर 2024 तक हज खर्च की पहली और दूसरी किस्त की कुल राशि 2,72,300 रुपये जमा कराने की कोशिश करें। पूर्व में चयनित उन सभी यात्रियों को भी 30 दिसंबर तक राशि जमा करने की सुविधा दी गई है जिन्होंने अभी तक दूसरी किस्त 1,42,000 रुपये जमा नहीं किया है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने भुगतान के लिए ई-पेमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। हज यात्री हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या हज सुविधा ऐप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।

# किसानों को कीटनाशकों से होने वाले स्वास्थ खतरों से बचाने के लिए 'किसान कवच' लॉन्च

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत का स्वदेशी कीटनाशक रोधी सूट 'किसान कवच' लॉन्च किया। किसान कवच किसानों को कीटनाशकों से होने वाले स्वास्थ्य खतरों से बचाएगा। इसकी कीमत चार हजार रुपये है और इसे 150 बार धोया जा सकता है। यह कवच लगभग दो साल तक चलेगा।यह कवच खास कपड़े और तकनी से बना है सूट है। नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित लॉन्च कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कुछ किसानों को किट दिए। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह कवच किसानों को बीमारियों से बचाएगा। यह प्रीवेंटिव तकनीक है। इसकी कीमत अभी 4 हजार रुपये है लेकिन आने वाले दिनों में इसकी कीमत में कमी




आएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के स्वास्थ्य के लिए यह कवच उनके लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

उल्लेखनीय है कि किसान कवच किट को बेंगलुरू की कंपनी बीआरआईसी इंस्टेम ने सेपियो हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से विकसित किया है। कीटनाशक रोधी बॉडीसूट किसान कवच किसानों को कीटनाशकों से होने वाले स्वास्थ खतरों से बचाने में मदद करेगा। कंपनी की ओर से कहा गया है कि किसान कवच अपनी श्रेणी की पहली तकनीक है। इस बॉडीसूट में ऐसे कपड़े और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कीटनाशक को शरीर में जाने से रोकता है और खतरनाक तत्वों को नष्ट कर देता है।

किसान देश में लगभग 65 फीसदी लोग सीधे कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों में लगे हुए हैं। भारत और विकासशील देशों के किसान खेतों में छिड़काव करते समय त्वचा और नाक के रास्ते जहरीले कीटनाशकों के संपर्क में आते हैं। कीटनाशकों में न्यूरोटॉक्सिन होते हैं, जो ह्यूमन बॉडी को खतरनाक बीमारियों से ग्रसित कर देते हैं। इससे बुखार, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, सांस लेने में दिक्कत, देखने में दिक्कत जैसे खतरे देखने को मिलते हैं।

## राज्यसभा में चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष ने संविधान को बताया सर्वोपरि और एक - दूसरे को बताया उससे खिलवाड़ करने वाला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा में भाग लेते हुए पूर्व प्रधानमंत्री और जेडी (एस) नेता एच.डी. देवेगौड़ा ने सदन को इस बात पर विचार करने का आह्वान किया कि क्या जाति के आधार पर आरक्षण दिया जाना जारी रखा जाना चाहिए या इसे आर्थिक आधार पर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन को खुद इस पर विचार करना होगा कि अतीत में क्या हुआ था और क्या हमें इस देश में सिर्फ गरीबी के आधार पर आरक्षण देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमारे द्वारा अतीत में दिए गए आरक्षण के बावजूद लोग पीड़ति हैं। इससे उन लोगों को कोई राहत नहीं मिली जो अभी भी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।' पूर्व प्रधानमंत्री ने आपातकाल को इतिहास का काला दौर बताया। उन्होंने कहा कि पचास साल पहले, जब आपातकाल घोषित किया गया था, तो इस देश का लगभग पूरा राजनीतिक विपक्ष जेल भेज दिया गया था। देवेगौड़ा ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, मुझे भी जेल भेजा गया था। मेरे कारावास के मानसिक दबाव ने मेरे पिता पर भारी असर डाला और आखिरकार उनका निधन हो गया। यह उन लोगों के लिए एक दर्दनाक




समय था जो लोकतंत्र में विश्वास करते थे और अपनी राजनीतिक मान्यताओं पर अडिग थे। उन्होंने कहा, आपातकाल के दौरान ही देश को उन स्वतंत्रताओं और आजादी का अहसास हुआ, जिनकी गारंटी संविधान ने हमें दी है। उन्होंने युवा पीढ़ी से लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए उस दौरान किए गए बलिदानों को याद रखने का आग्रह किया। देवेगौड़ा ने कहा कि संविधान उनके लिए सब कुछ है। यदि एक गरीब किसान का बेटा, एक सुदूर गांव से और जाति व्यवस्था के सबसे निचले तबके से, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बन सका, तो यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि हमारे संविधान ने इसे संभव बनाया। राज्यसभा में संविधान पर बहस में समानता के अधिकार पर बोलते हुए तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव ने कहा कि 1 प्रतिशत आबादी के पास 40 प्रतिशत संपत्ति है।

# पंजाब में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त, अपराधियों के हौसले बुलंद: चुघ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कड़ी नाराजगी जताई है। चुघ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे पुलिस थानों तक को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने आज तड़के अमृतसर के इस्लामाबाद थाने में हुए धमाके को भगवंत मान सरकार की नाकामी और आम आदमी पार्टी के कुशासन का सीधा नतीजा बताया। चुघ ने कहा कि ऐसी घटनाएं साबित करती हैं कि पंजाब में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और अपराधियों के मन में कानून और प्रशासन का कोई डर नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनावों के समय पर इस तरह की घटनाएं यह दिखाती हैं कि आम आदमी पार्टी का शासन पूरी तरह से विफल हो चुका है। इस विस्फोट के बाद पंजाब के लोगों के दिलों में भय का माहौल बन गया है। केजरीवाल और भगवंत मान को इस पर जवाब देना चाहिए कि आखिर प्रदेश को किस दिशा में ले जाया जा रहा है? चुघ ने इस घटना के तुरंत बाद इस्लामाबाद थाने का दौरा कर



स्थिति का जायजा लिया और पुलिस प्रशासन से इस मामले पर जवाब तलब किया। उन्होंने कहा कि गुरु नगरी की देवतुल्य जनता अपने बहादुर पुलिस जवानों के साथ खड़ी है। लेकिन अगर पुलिस थानों पर ही हमले होने लगें तो यह भगवंत मान सरकार के लिए चेतावनी की घंटी है। दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए और इसके पीछे की साजिश का पर्दाफाश होना चाहिए। चुघ ने कहा की भगवंत मान ने जब से पंजाब के मुख्यमंत्री की कमान संभाली हैं, प्रदेश की कानून व्यवस्था को ग्रहण लग गया है, कभी गैंगस्टर जेलों से इंटरव्यू दे रहे होते है तो कभी माफिया खुले आम रंगदारी मांग रहे होते हैं, हमने देखा की पहले पंचायत चुनाव के समय कैसे हिंसा की घटनाएं हुई और अब नगर निकाय के चुनावों में भी कानून व्यवस्था का जनाजा निकला जा रहा है, ये इस महीने की चौथी घटना है जब किसी थाने में इस प्रकार की घटना हुई है।

## विष्णुदत्त शर्मा ने गिनवाई नई शिक्षा नीति की उपलब्धियां, कहा- मोदी सरकार ने शिक्षा का किया भारतीयकरण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष और खजुराहो से सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने राजधानी दिल्ली में आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की उपलब्धियां गिनवाई। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने शिक्षा का वामपंथीकरण, तुष्टीकरण किया था जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने शिक्षा का भारतीयकरण किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। नई शिक्षा नीति को लागू करते हुए शिक्षा को समावेशी, सुलभ और वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनाने की निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है।

**नई शिक्षा नीति से छात्रों की संख्या में वृद्धि**

भाजपा सांसद ने कहा कि इस शिक्षा नीति के लागू होने से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछ?ा वर्ग के छात्रों की संख्या में भी 50.1 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नई शिक्षा से अनुसूचित जाति की महिला नामांकन में 61 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति में नामांकन में 75 और कुल महिला नामांकन में 96.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पूर्वांचल के क्षेत्र में भी महिलाओं की नामांकन संख्या में लगभग 43 प्रतिशत की वृद्धि होना क्षेत्र के लिए एक बेहतर प्रयास है। मान्यता प्राप्त कॉलेज की संख्या 2015 में 6241 से आज 2024 में 9807 हुई है। इसी प्रकार से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों की संख्या में नई शिक्षा नीति आने के बाद दोगुनी से अधिक 120 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।वीडी शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति लाने की प्रक्रिया 2015 से शुरू हुई थी, जिसमें ढाई लाख ग्राम पंचायतों, 6600 विकासखंड, 6000 नगरीय निकाय और 6 हजार 76 जिलों से करीब दो लाख सुझावों के बाद यह नई शिक्षा नीति लाने का कार्य किया गया है। नई शिक्षा नीति व्यक्ति के समग्र विकास, सभी को सुलभ शिक्षा देने और भारत में ज्ञान आधारित समाज बनाने की परिकल्पना को साकार करने के लिए बनाया गया है। केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति में खेल आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने कहा, एनसीईआरटी द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत जो पाठ्यक्रम, शिक्षा ढांचा तैयार किया गया है, वह बदलते समय के साथ छात्रों को शिक्षा देने के अनुकूल करने और 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करेगा। इनमें कला, विज्ञान, मानविकी विज्ञान को स्थान मिला है।

इसमें मातृभाषा आधारित शिक्षा के महत्व को स्वीकार किया गया है। शिक्षा मातृभाषा, स्थानीय भाषा और क्षेत्रीय भाषा में स्किल डेवलपमेंट का पूरा समायोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि 2022 में उच्च शिक्षा संस्थानों में कुल फैकल्टी की संख्या में 12.1 प्रतिशत की वृद्धि एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही महिला फैकल्टी की संख्या में 29.1 की वृद्धि भी हुई है। 2014-15 में उच्च शिक्षा में 3.2 करोड नामांकन था, जो वर्ष 2022 में बडकर 4.6 करोड़ हुआ है। महिला नामांकन में 30.4 प्रतिशत की वृद्धि होना यह दर्शाता है ।

## भ्रामक विज्ञापन के लिए 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए भ्रामक विज्ञापन के मामले में 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया किए हैं। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने 19 कोचिंग संस्थानों पर 61,60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं को बंद करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने 13 नवंबर को कोचिंग सेंटरों को माल या सेवा की बिक्री को बढ़ावा देने और भ्रामक या अनुचित प्रथाओं में संलग्न होने के लिए झूठे या भ्रामक दावे व विज्ञापन करने से रोकने के लिए कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश, 2024 जारी किए हैं। वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के माध्यम से यूपीएससी सिविल सेवा, आईआईटी और अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए नामांकन कराने वाले छात्रों और उम्मीदवारों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए मुकदमेबाजी से पहले के चरण में सफलतापूर्वक हस्तक्षेप किया है। विभिन्न कोचिंग सेंटरों द्वारा अनुचित व्यवहार, विशेष रूप से छात्रों व अभ्यर्थियों की नामांकन फीस वापस न करने के संबंध में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन में दर्ज की गई कई शिकायतों के बाद, एनसीएच ने प्रभावित छात्रों को कुल 1.15 करोड़ रुपये की वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए मिशन-मोड पर इन शिकायतों को हल करने के लिए एक अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता मामले विभाग प्रगतिशील कानून बनाकर उपभोक्ता संरक्षण और उपभोक्ताओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रहा है। वैश्वीकरण, प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स बाजार आदि के नए युग में उपभोक्ता संरक्षण को नियंत्रित करने वाले ढांचे को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को निरस्त कर दिया गया और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया।

## राहुल गांधी ने हाथरस का वीडियो जारी कर बताया, भाजपा सरकार ने नहीं पूरा किया अपना वादा : अलका लांबा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं दिग्गज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाथरस जाने का वीडियो जारी किया है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा नेबात करते हुए कहा, भाजपा सरकार ने पीड़ित परिवार के साथ धोखा किया और उसको राहुल गांधी ने उजागर किया।

अलका लांबा ने कहा, वीडियो जारी कर राहुल गांधी बताना चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में हाथरस में दलित बेटी के साथ सामूहिक बलात्कार होता है और उसकी मौत हो जाती है। सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का वादा करती है। परिवार के सदस्य को सरकारी पक्की नौकरी, मुआवजा, फास्टट्रैक कोर्ट में केस चलाने और परिवार को रिलोकेट करने की बात की गई। लेकिन घटना के चार साल बाद पता चलता है कि सरकार ने इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया। परिवार कष्ट की जिंदगी जी रहा है और उसके साथ नाइंसाफी हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने इस घटना के बाद एक अक्टूबर को हाथरस पहुंचने की कोशिश की, लेकिन सरकार उन्हें रोका। लेकिन चार साल बाद राहुल गांधी को पता चला कि न्याय नहीं



मिला, तो 12 दिसंबर को परिवार से मिलते हैं और एक वीडियो भी जारी कर?या। लोगों को देखना चाहिए कि किस तरीके से पूरी सरकार एक दलित बेटी के सामूहिक बलात्कारियों को बचाने में खड़ी रही। अलका लांबा ने कहा, नेता विपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने सदन में खड़े होकर इस बात को दोहराया कि संविधान में न्याय की बात है, हम उसको दिलाकर रहेंगे। हम परिवार को रिलोकेट करने की जिम्मेदारी ले रहे हैं। उनको सुरक्षा देंगे और हाईकोर्ट में दोषियों को बरी कर दिया गया, हम अगली अदालतों में जाएंगे। लेकिन भाजपा की सरकार इस मामले में झूठ साबित हुई है। कांग्रेस नेता ने सीएम योगी घेरते हुए कहा, वो झूठे साबित हुए हैं। उन्होंने टेलीविजन चैनल पर कहा कि परिवार की सहमति के साथ दलित बेटी का अंतिम संस्कार हुआ, जो झूठ है। भाजपा शासित राज्यों में कई सारी बेटियों के साथ अन्याय हो रहा है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डिफेंस पीएसयू के कार्यों की समीक्षा की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा मंत्रालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण व आधुनिकीकरण की भी चर्चा हुई। रक्षा क्षेत्र से जुड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की भूमिका की भी समीक्षा की गई।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक बैठक के दौरान पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमीकरण के बाद बनाए गए नए डीपीएसयू की भूमिका और कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों को वित्तीय आंकड़ों, आधुनिकीकरण, पूंजीगत व्यय, निर्यात की जानकारी दी गई। इसके अलावा विकसित किए गए नए उत्पादों और मौजूदा समय के अनुसंधानों एवं विकास परियोजनाओं से अवगत कराया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महत्वपूर्ण रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण, उत्पादन सुविधाओं के आधुनिकीकरण और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा देने में नए डिफेंस पीएसयू द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस तथ्य की सराहना की कि निगमीकरण के बाद नए डीपीएसयू ने उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया है।उन्होंने कहा कि बहुत कम समय में इन रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) की बिक्री और लाभ में अच्छी प्रगति हुई है। इसके साथ ही राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि नए डीपीएसयू आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि डिफेंस पीएसयू विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकियों को शामिल करके गुणवत्ता, कारोबार, लाभप्रदता और अन्य वित्तीय मापदंडों में नए आयाम स्थापित करेंगे। हमारे नए डीपीएसयू रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाएंगे। नए रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में मानव संसाधन से संबंधित कुछ मुद्दों पर समिति के कुछ सदस्यों ने सुझाव दिए। इन सुझावों पर प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि डीपीएसयू के निगमीकरण से उत्पन्न सभी मुद्दों को हितधारकों के परामर्श से संबोधित किया जा रहा है। उन्होंने सुझावों की सराहना की और कहा कि कार्यान्वयन के लिए इनकी जांच की जाएगी।

## सोना चांदी के भाव में कमी

इंदौर। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना तथा चांदी गिरावट लिए बताई गई। आज चांदी सिक्का स्थिर रहा। विदेशी बाजार में सोना 2640 डालर व चांदी 3030 सेन्ट प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना-चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। सोना 78400 रुपये प्रति 10 ग्राम। चांदी 90700 रुपये प्रति किलोग्राम। चांदी सिक्का 1125 रुपये प्रति नग।

## एस्सार की ग्रीनलाइन ने एक्साइड इंडस्ट्रीज के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। एस्सार की ग्रीन मोबिलिटी पहल का हिस्सा ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने बैटरी निर्माता एक्साइड इंडस्ट्रीज के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि यह सहयोग ग्रीनलाइन के पर्यावरण के अनुकूल एलएनजी-संचालित ट्रकों को एक्साइड के लॉजिस्टिक्स संचालन में एकीकृत करेगा, जो एक्साइड की आपूर्ति श्रृंखला को इसके स्थिरता लक्ष्यों के साथ संरेखित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रीनलाइन के एलएनजी-संचालित बेड़े को अपनाकर एक्साइड ने अपने पर्यावरण फुटप्रिंट को कम करने की दिशा में एक साहसिक कदम उठाया है। ग्रीनलाइन का एलएनजी-संचालित बेड़ा उन्नत तकनीक, वास्तविक समय वाहन निगरानी, विष्फसूचक विश्लेषण और बढ़ी हुई सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। ये ट्रक पारंपरिक डीजल से चलने वाले वाहनों का लागत प्रभावी, विश्वसनीय और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करते हैं, जिनकी एक टैंक पर रेंज 1,200 किलोमीटर तक है, जो उन्हें एक्साइड की लंबी दूरी की परिवहन आवश्यकताओं के लिए आदर्श बनाता है। ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आनंद मिमानी ने कहा, यह सहयोग इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स समाधान बैटरी उद्योग की अनूठी मांगों के साथ तालमेल बिठा सकते हैं और पर्यावरण पर मापने योग्य प्रभाव डाल सकते हैं।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिका रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.05 प्रतिशत लुढ़ककर 69.97 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह इस दौरान लंदन ब्रेंट क्रूड 0.83 प्रतिशत उतरकर 73.30 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

## मारुति सुजुकी एक वर्ष में बनाये 20 लाख वाहन

नयी दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने इतिहास में पहली बार एक कैलेंडर वर्ष में 20 लाख वाहनों का उत्पादन करने की घोषणा करते हुये आज कहा कि हरियाणा के खरखौदा में 10 लाख वाहन निर्माण का संयंत्र का काम चल रहा है तथा 10 लाख वाहन उत्पादन क्षमता का एक और ग्रीन फील्ड संयंत्र लगाने के लिए स्थान का तलाश किया जा रहा है। कंपनी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि मारुति सुजुकी वर्तमान में तीन विनिर्माण सुविधाएं संचालित करती है। हरियाणा में दो (गुड़गांव और मानेसर) और गुजरात में एक (हंसलपुर)। इन सुविधाओं की संयुक्त वार्षिक उत्पादन क्षमता 23.5 लाख वाहन है। भारत और दुनिया भर में ऑटोमोबाइल की बढ़ती मांग की प्रत्याशा में, कंपनी अपनी वार्षिक उत्पादन क्षमता को 40 लाख यूनिट तक बढ़ाने की योजना बना रही है। इसके लिए, यह हरियाणा के खरखौदा में एक नई ग्रीनफील्ड विनिर्माण सुविधा स्थापित कर रही है। खरखौदा साइट पर निर्माण कार्य योजना के अनुसार आगे बढ़ रहा है और 2.50 लाख इकाइयों की वार्षिक क्षमता वाला पहला संयंत्र 2025 में चालू होने की उम्मीद है। एक बार पूरी तरह से चालू होने के बाद, खरखौदा सुविधा की योजना प्रति वर्ष 10 लाख यूनिट की होगी। इसके अतिरिक्त, मारुति सुजुकी 10 लाख यूनिट की वार्षिक क्षमता वाली एक और ग्रीनफील्ड सुविधा की योजना बना रही है और इस नई सुविधा के लिए उपयुक्त स्थान की पहचान करने की प्रक्रिया में है।

## इनोवेशन , निवेश और विशेषज्ञता द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ा रहे हैं निजी संस्थान

नयी दिल्ली। विशेषज्ञों ने उच्च शिक्षा में कौशल की खामियों को दूर करने और इसे सुलभ बनाने के लिए आधुनिक दृष्टिकोण पर विचार करने की अपील करते हुये कहा है कि निजी संस्थान इनोवेशन, निवेश एवं विशेषज्ञता के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एजुकेशन प्रोमोशन सोसाइटी फॉर इंडिया (ईपीएसआई) ने आज यहां इस विषय पर गोलमेज चर्चा और सम्मान समारोह का आयोजन किया जहां विशेषज्ञों ने ये बातें की। इस कार्यक्रम में विचारक, नीतिनिर्माता और शिक्षा क्षेत्र के उद्यमी एक मंच पर इकट्ठा हुए, जिन्होंने भारत में उच्च शिक्षा में प्राइवेट सेक्टर की भूमिका पर विचार-विमर्श किया।

# दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि में कमी अस्थायी झटका, अर्थव्यवस्था में बेहतर ग्रोथ देखने को मिलेगी: सीतारमण

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 5.4 फीसदी रही है। यह आंकड़ा उम्मीद से कम है, लेकिन आने वाली तिमाहियों में इसमें सुधार होगा। वित्त मंत्री ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों पर अपने जवाब में कहा कि दूसरी तिमाही में वृद्धि की प्रवृत्ति एक अस्थायी झटका है और अगली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में बेहतर वृद्धि देखने को मिलेगी। सीतारमण ने कहा कि सरकार पूंजीगत व्यय के जरिए विकास को आगे बढ़ा रही है, ताकि अर्थव्यवस्था में इसके गुणक प्रभाव को फैलाया जा सके।सीतारमण ने कहा कि दूसरी



तिमाही भारत और दुनिया की अधिकांश अन्य अर्थव्यवस्थाओं के लिए चुनौतीपूर्ण रही है। पिछले तीन वर्षों में देश की जीडीपी वृद्धि औसतन 8.3 फीसदी रही है। वैश्विक मानकों के हिसाब से यह एक बेहतरीन संख्या है। वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.7 फीसदी और जुलाई-सितंबर अवधि में 5.4 फीसदी की दर से बढ़ी है। सीतारमण ने कहा कि दूसरी तिमाही में उम्मीद से कम 5.4 फीसदी की जीडीपी वृद्धि दर एक ''अस्थायी झटका'' है, लेकिन आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में अच्छी वृद्धि देखने को मिलेगी।सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि एनडीए शासन में इस पर बेहतर नियंत्रण है, जबकि यूपीए के शासन में यह दोहरे अंक को छू गई थी। विनिर्माण क्षेत्र में कोई सामान्य मंदी नहीं है, आधे विनिर्माण क्षेत्र मजबूत वृद्धि के संकेत दे रहे हैं। अप्रैल से अक्?टूबर 2024-25 के दौरान खुदरा महंगाई 4.8 फीसदी रही, यह कोरोना महामारी के बाद सबसे कम है। वित्त मंत्री ने कहा कि बेरोजगारी दर वित्त वर्ष 2017-18 में 6 फीसदी से घटकर अब 3.2 फीसदी हो गई है। वित्त मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रथम अनुपूरक मांग राशि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में काफी कम है, जो बजट निर्माण के बजट अनुमान में अधिक सटीकता दर्शाती है। लोकसभा ने चर्चा के बाद करीब 87,762 करोड़ रुपये के सकल अतिरिक्त व्यय के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के पहले बैच के सरकार के प्रस्ताव को पारित कर दिया, जिसमें 44,123 करोड़ रुपये का शुद्ध नकद व्यय शामिल है।

# कैरारो इंडिया का आईपीओ 20 दिसंबर को खुलेगा, प्राइस बैंड 668-704 रुपये प्रति शेयर

एजेंसी

मुंबई/नई दिल्ली। ऑटो पार्ट निर्माता कंपनी कैरारो इंडिया लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए 20 दिसंबर को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 668-704 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि कैरारो इंडिया लिमिटेड का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 20 दिसंबर को खुलेगा और 24 दिसंबर को बंद होगा। इस शेयर के लिए बड़े (एंकर) निवेशक 19 दिसंबर को बोली लगा सकेंगे। कंपनी की योजना इसके जरिए 1,250 करोड़ रुपये जुटाने की है। कैरारो इंडिया लिमिटेड के शेयर बीएसई और एनएसई पर 30 दिसंबर को सूचीबद्ध होंगे। कैरारो इंडिया के मुताबिक 10 रुपये प्रति शेयर अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में निवेशक न्यूनतम 21




इक्विटी शेयरों और उसके बाद 21 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। आईपीओ से प्राप्त पूरी धन राशि कंपनी के बजाय सीधे कैरारो इंटरनेशनल एस ई को ही मिलेगी।

# देश में 15 दिसंबर तक चीनी का उत्पादन 17 फीसदी घटकर 61.39 लाख टन

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में चालू चीनी विपणन सत्र 2024-25 में 15 दिसंबर 2024 तक 61.39 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। पिछले चीनी विपणन सत्र में इसी अवधि तक 74.05 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस तरह चीनी के उत्पादन में अब तक 17 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है। हालांकि, उत्पादन के आंकड़ों में चीनी का इथेनॉल निर्माण के लिए उपयोग की मात्रा शामिल नहीं है।

चीनी उद्योग के प्रमुख निकाय भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने जारी एक बयान में बताया कि महाराष्ट्र में चीनी के उत्पादन में आई गिरावट के कारण अक्टूबर में शुरू हुए चालू विपणन सत्र 2024-25 में 15 दिसंबर 2024 तक चीनी का उत्पादन 17 फीसदी घटकर 61.39 लाख टन रहा है। इस्मा के मुताबिक इस साल चालू कारखानों की संख्या 477 है, जबकि पिछले साल इसी तारीख को 496 चीनी मिलें चालू थीं। इस्मा के जारी आंकड़ों के मुताबिक 15 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन 22.11 लाख टन से बढ़कर 23.04 लाख टन पर पहुंच गया है। हालांकि, महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन 24.45 लाख टन



से घटकर 16.78 लाख टन रहा। वहीं, कर्नाटक में चीनी का उत्पादन 17.56 लाख टन से घटकर 13.85 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाय इस्मा ने कहा कि ''इस साल चीनी का इथेनॉल के निर्माण में इस्तेमाल पिछले साल के 21.5 लाख टन के मुकाबले करीब 40 लाख टन ज्यादा रहने का अनुमान है।''

इस्मा ने कहा कि इस साल कर्नाटक में चीनी मिलें पिछले साल की तुलना में करीब 7-12 दिन देरी से शुरू हुई, जबकि एक अन्य प्रमुख राज्य महाराष्ट्र में चीनी मिलें पिछले साल की तुलना में 15-20 दिन देरी से चालू हुईं। हालांकि, इन प्रमुख राज्यों में देरी से पेराई शुरू होने के बावजूद चालू मिलों की संख्या और संबंधित पेराई दर में तेजी से वृद्धि हो रही है।

# आय फाइनेंस लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

एजेंसी

नई दिल्ली। गुरुग्राम स्थित एमएसएमई ऋणदाता कंपनी आय फाइनेंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की योजना इस आईपीओ के माध्यम से 1,450 करोड़ रुपये जुटाने की है।

सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के अनुसार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी आय फाइनेंस लिमिटेड ने 1,450 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए अपना डीआरएचपी दाखिल किया है। कंपनी के 02 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाले प्रस्?तावित इस आईपीओ में 885 करोड़ रुपये तक का नया इश्यू और कॉर्पोरेट और व्यक्तिगत विक्रय शेयरधारकों द्वारा 565 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। ओएफएस में भाग लेने वालों में मुख?य रूप से एलजीटी कैपिटल, कैपिटलजी एलपी, ए91 इमर्जिंग फंड आई एलएलपी और अल्फा वेव वेंचर्स जैसे प्रमुख निवेशक शामिल




हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 में 43.9 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024 में कर पश्चात लाभ (पीएटी) में 291.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए 171.7 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की है। आया फाइनेंस का शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात 0.9 फीसदी और प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 72 फीसदी है, जो अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। उल्लेखनीय है कि गुरुग्राम स्थित आय फाइनेंस लिमिटेड एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। यह कंपनी पूरे भारत में सूक्ष्म-स्तरीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण प्रदान करने पर केंद्रित है। यह कंपनी इस क्षेत्र में देश की बढ़ती हुई ऋण मांग का लाभ उठाने के लिए तैयार है।

## टॉस द कॉइन और जंगल कैंप्स इंडिया की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में एसएमई सेगमेंट की दो कंपनियों ने लिस्टिंग के जरिए कारोबार की शुरुआत की। दोनों कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ हुई। इनमें से टॉस द कॉइन के शेयर खरीददारी के सपोर्ट से अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। जंगल कैंप्स इंडिया के शेयर मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण गिरावट का शिकार होकर लोअर सर्किट पर पहुंच गए। मार्केटिंग कंसल्टिंग फर्म टॉस द कॉइन के शेयर की आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ जोरदार एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी ने 182 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज कंपनी के शेयर 345.80 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से टॉस द कॉइन के शेयर उछल कर 363.05 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा पहले दिन ही लगभग दोगुना हो गया है। टॉस द कॉइन का 9.17 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 12 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिलने के कारण ये ओवरऑल 1,025.76 गुना सब्सक्राइब हुआ था?। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 147.69 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 964.18 गुना सब्सक्राइब हुआ था, जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 1,550.76 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 5.04 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं।

# आईटीआर और एआईएस में अंतर को लेकर आयकर विभाग ने चलाया अभियान

एजेंसी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने आयकर रिटर्न (आईटीआर) और वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) में अंतर के बारे में सूचित करने के लिए अभियान चलाया है। आईटीआर और एआईएस में अंतर को लेकर टैक्सपेयर्स और रिटर्न दाखिल नहीं करने वालों को एसएमएस और ई-मेल भेजा जा रहा है।आयकर विभाग ये एसएमएस और ई-मेल उन मामलों में भेज रहा है, जहां वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए एआईएस में लेनदेन के बारे में दी गई जानकारी और आईटीआर में बताई गई इनकम के बीच अंतर पाया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्त वर्ष 2023-24 और वित?त वर्ष 2021-22 के लिए एआईएस में रिपोर्ट की गई आय और लेन-देन




तथा आयकर रिटर्न में इनकम और लेन-देन के बीच अंतर को हल करने में करदाताओं की सहायता के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसके जरिए उन व्यक्तियों को भी चिन्हित किया गया है, जिनकी कर योग्य इनकम या महत्वपूर्ण उच्च-मूल्य लेन-देन उनके एआईएस में रिपोर्ट किए गए हैं, लेकिन उन्होंने संबंधित वित्त वर्ष के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किया है। सीबीडीटी ने कहा कि ये पहल ई-सत्यापन योजना, 2021 के कार्यान्वयन का हिस्सा है। इस अभियान के तहत उन मामलों में करदाताओं और आयकर रिटर्न जमा नहीं करने वालों को एसएमएस और ई-मेल के जरिए सूचनात्मक संदेश भेजे गए हैं, जहां वार्षिक सूचना विवरण में लेन-देन के बारे में दी गई जानकारी और आईटीआर की सूचना के बीच अंतर है। सीबीडीटी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य उन करदाताओं को इसके बारे में याद दिलाना और उनका मार्गदर्शन करना है। इससे वे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए संशोधित आईटीआर दाखिल कर सकेंगे, जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024 है। वित्त वर्ष 2021-22 से संबंधित मामलों के लिए करदाता 31 मार्च, 2025 की समय-सीमा तक अद्यतन आईटीआर दाखिल कर सकते हैं। सीबीडीटी ने पिछले महीने एक अभियान शुरू किया था। इसके तहत उन करदाताओं को संदेश भेजे गए थे जिन्होंने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपने आईटीआर में उच्च मूल्य वाली विदेशी आय या संपत्ति का खुलासा नहीं किया है।

# जेम के माध्यम से खरीद को बढ़ावा देने के लिए देहरादून में बूट कैंप आयोजित

एजेंसी

नई दिल्ली। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) ने खरीद को बढ़ावा देने के लिए देहरादून के आईआरडीटी ऑडिटोरियम में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 'जीईएम विक्रेता संवाद 2024 उत्तराखंड' का आयोजन किया।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस जेम के समावेशिता के मुख्य आधार पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तराखंड के विक्रेताओं, उद्यमियों, एफपीओ आदि के सामने जेम पोर्टल को प्रभावी ढंग से उपयोग करने के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों की पहचान करना और उनका समाधान करना था। इस संवाद कार्यक्रम में 60 से ज्?यादा विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। मंत्रालय के मुताबिक इससे क्षेत्र के विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के बीच जागरुकता बढ़ाने तथा पोर्टल




को अपनाने में सहायता मिली। संवाद के दौरान हितधारकों को गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म की डिजिटल क्षमताओं, विशेषताओं और कार्यात्मकताओं की सूक्ष्म समझ प्रदान करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा विक्रेता यात्रा की प्रमुख उपलब्धियों पर गहन चर्चा की गई और सूचनात्मक प्रश्नोत्तर सत्रों के दौरान हितधारकों की कई समस्याओं का तुरंत समाधान किया गया। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम में त्वरित सहायता के लिए एक समर्पित गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस हेल्पडेस्क की व्यवस्था की गई। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस इको-सिस्टम में नए विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को शामिल करने के लिए पंजीकरण अभियान भी चलाया गया। वर्तमान में उत्तराखंड के लगभग 20 हजार विक्रेता और सेवा प्रदाता गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इनमें से 10,500 से अधिक एमएसई और 1900 से अधिक महिला-नेतृत्व वाले उद्यम डेढ़ लाख से अधिक सरकारी खरीदारों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस का लाभ उठा रहे हैं। 11 दिसंबर, 2024 तक उत्तराखंड स्थित विक्रेताओं द्वारा देशभर में सरकारी खरीदारों के लिए गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पर 8950 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पूरे किए गए हैं। इस हिस्से का करीब 50 फीसदी हिस्सा राज्य के एमएसई द्वारा दिया जाता है। राज्य में अपनी पहुंच बढ़ाने और क्षमता निर्माण उपायों को बढ़ाने पर केंद्रित इस संवाद कार्यक्रम का प्रस्ताव आउटरीच बढ़ाने और क्षमता निर्माण उपायों को बढ़ाने के लिए रखा गया था। मुख्य खरीद अधिकारी (राज्य) एवी मुरलीधरन ने कहा कि इस तरह की पहल जागरुकता बढ़ाने और क्षेत्र के विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं की डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने के लिए उपयोगी है।

# भारत बनेगा विश्व की अक्षय ऊर्जा राजधानी : प्रल्हाद जोशी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि भारत न केवल ऊर्जा क्रांति का साक्षी बन रहा है, बल्कि दुनिया की अक्षय ऊर्जा राजधानी भी बन रहा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-नवंबर अवधि में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता सालाना आधार पर लगभग दोगुना होकर 15 गीगावाट हो गई है। यह 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता के लक्ष्य के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने नई दिल्ली में 5वें भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (आईईसीई) को संबोधित करते हुए कहा, भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में जो कुछ कर रहा है, उस पर न केवल दुनिया की निगाह है, बल्कि कई देशों ने इसे अपनाया भी है। उन्होंने भारत की पहल के तहत वैश्विक सहयोग के




लिए एक औपचारिक व्यवस्था के रूप में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की भूमिका पर प्रकाश डाला, जिस पर 120 देश हस्ताक्षरकर्ता हैं।

इस अवसर पर उन्होंने ऊर्जा संक्रमण निवेश मॉनिटर पर सीआईआई-ईवाई रिपोर्ट का दूसरा संस्करण भी लॉन्च किया। ये व्यापक रिपोर्ट भारत के गतिशील ऊर्जा परिदृश्य में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय ऊर्जा परिवर्तन पर वैश्विक संवाद, विकसित हो रहे वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

## उद्योग प्रशिक्षण के लिए एआईसीटीई और सीआईआई ने की साझेदारी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने कौशल विकास पर 11वें सीआईआई वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया। इस सहयोग का उद्देश्य सभी एआईसीटीई अनुमोदित तकनीकी संस्थानों में वर्तमान और भविष्य में उद्योग जगत की जरूरतों पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना है। इस दौरान कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सचिव एवं राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के अध्यक्ष अतुल कुमार तिवारी, एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम, भारत में ऑस्ट्रेलिया के उप उच्चायुक्त निकोलस मैककैफ्रे, सीआईआई राष्ट्रीय कौशल विकास और आजीविका समिति के अध्यक्ष, सीआईआई विमानन समिति, आकासा एयरलाइंस के सह-संस्थापक और बोर्ड सदस्य, होमेज के संस्थापक व निरंतर सेवा की केंद्रीय क्षमता टीम के अध्यक्ष आदित्य घोष समेत कई गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रो. टी.जी. सीताराम ने भारत के विकास को गति देने के लिए कौशल विकास को एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि हम अपने अद्वितीय जनसांख्यिकीय परिस्थिति का लाभ उठाने के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू कर रहे हैं।

# चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में कोहराम, बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली और हेवीवेट शेयरों में आई कमजोरी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बिकवालों ने दबाव बढ़ा दिया। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.30 प्रतिशत और निफ्टी 1.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज के कारोबार में सबसे अधिक गिरावट बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, मेटल, ऑयल एंड गैस और एनर्जी सेक्टर में दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 5 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 455.08 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.06 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.98 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,107 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,576 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,441 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 90 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,521 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 794 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,727 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल सभी 30 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से सिर्फ 1 शेयर हरे निशान में और 49 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 236.76 अंक की कमजोरी के साथ 81,511.81 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 81,613.64 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 1,136.37 अंक टूट कर 80,612.20 अंक तक गिर गया। हालांकि आखिरी 5 मिनट के कारोबार में हुई खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से करीब 70 अंक की रिकवरी करके 1,064.12 अंक की गिरावट के साथ 80,684.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 83.45 अंक की कमजोरी के साथ 24,584.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 24,624.10 अंक तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले 364.80 अंक की गिरावट के साथ 24,303.45 अंक तक लुढ़क गया।

## हरियाणा के पूर्व विधायकों की मांग, छत्तीसगढ़ व राजस्थान की तर्ज पर मिलें सुविधाएं

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व विधायकों ने अपनी पेंशन को रिवाइज करने की मांग की है। पूर्व विधायक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से मुलाकात कर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उनकी प्रमुख मांगों में पेंशन रिवाइज करना और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर चिकित्सा भत्ता और अन्य सुविधाएं प्राप्त करना है। विस अध्यक्ष ने उनकी मांगों को प्रदेश सरकार के संज्ञान में लाने का आश्वासन दिया है। मांगों की समीक्षा के लिए विस अध्यक्ष ने देश की दूसरी विधानसभाओं से भी जानकारी संग्रहित करने के भी निर्देश दिए हैं। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामबीर सिंह और महासचिव रणबीर मंदौला ने पूर्व विधायकों की मांगों के बारे में विस्तार से बात रखी। पूर्व विधायकों के प्रति सरकारी अधिकारियों के उपेक्षापूर्ण व्यवहार की शिकायत पर विस अध्यक्ष ने कहा कि हम सब एक ही समाज के घटक हैं इसलिए हम सभी को समाज में एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना विकसित करनी चाहिए। ऐसा वातावरण बनाना होगा जिसमें कि बड़े बुजुर्ग अधिकारपूर्वक युवाओं को समझा सकें। नैतिकता का विकास धरातल स्तर से होना चाहिए।

## हरियाणा सरकार का फैसला, 2014 की पॉलिसी में रेगुलर हुई कर्मचारी एसीपी स्केल के लिए होंगे पात्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। सरकार की 2014 की रेगुलराइजेशन पॉलिसी के तहत रेगुलर हुए कर्मचारी 13 जून 2024 से प्रथम एसीपी स्केल के लाभ के लिए पात्र होंगे। कर्मचारी के लिए पात्रता की शर्तों को पूरा करना जरूरी होगा। इसके अलावा, 13 जून से पहले पात्रता की तिथि से पदोन्नति या प्रथम एसीपी स्केल के लाभ के संबंध में निर्णय बाद में लिया जाएगा। हरियाणा मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के छह मार्च, 2024 के अंतरिम आदेश में जारी निर्देशों के बाद विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों से काफी मामले आ रहे हैं, जिनमें स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है कि 2014 की रेगुलराइजेशन पॉलिसी के तहत नियमित हुए कर्मचारियों को पदोन्नति या प्रथम एसीपी स्केल के लाभ के लिए दावे स्वीकार किए जाएं या नहीं।

## किसानों की मांगों को अनसुना न करे सरकार : शिवकुमार कक्का

**जींद।** यहां जाट धर्मशाला में चार राज्यों से आए किसान नेताओं, किसान संघर्ष समिति, जनता सरकार मोर्चा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मध्यप्रदेश से राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के किसान नेता शिवकुमार कक्का ने कहा कि सरकार ने जल्द ही खनौरी बार्डर पर आमरण अनशन कर रहे जगजीत डल्लेवाल के साथ बातचीत कर किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया तो यह आंदोलन केवल पंजाब, हरियाणा तक नही बल्कि पूरे देश में फैलेगा। एमएसपी के मुद्दे पर देश के सभी किसान संगठन एक साथ हैं। बैठक में मध्य प्रदेश के शिवकुमार कक्का, केरला से केवी बीजू, उड़ीसा से सचिन महापात्रा, बुंदेलखंड से मनीष राजा, अक्षय नरवाल, प्रियंका खरकरामजी सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिवकुमार कक्का ने कहा कि सभी किसान संगठन वैचारिक रूप से अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन एमएसपी के मुद्दे पर सभी किसान संगठन एक हैं। सरकार अपने वायदे से मुकर रही है और एमएसपी को लागू नहीं किया जा रहा है। जो किसानों के साथ वादाखिलाफी है। सरकार को अपनी हठधर्मिता छोड़ कर किसानों के साथ बातचीत आगे बढ़ानी चाहिए। केरला से आए बीजू ने कहा कि दो दिन पहले गृहमंत्री अमित शाह ने एमएसपी लेकर ब्यान दिया कि एमएसपी 40 प्रतिशत बढ़ा है, जो निराधार है। उड़ीसा से आए सचिन महापात्रा और बुंदेलखंड से मनीष राजा ने सरकार ने जल्द ही बातचीत कर जगजीत डल्लेवाल को अनशन समाप्त नहीं करवाया तो वह अपने राज्यों में आंदोलन शुरू कर देंगे और यह आंदोलन पूरे देश में फैल सकता है।

## वातावरण में प्रदूषण बढ़ने पर ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू

**झज्जर।** जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद जिले में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के चौथे चरण की पाबंदियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी हैं। जिला प्रशासन ने जिला वासियों से आह्वान किया है कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नागरिक सिटीजन चार्टर का पालन करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत नागरिकों को जरूरी सावधानी बरतना जरूरी है। नागरिक वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक होने के कारण जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर आवागमन करें। अस्थमा के रोगी दवा को अपनी पहुंच में रखें, यदि कफ,सांस फूलने व बेहोशी जैसी समस्या आती है,तो चिकित्सकों के परामर्श अनुरूप दवा लें। एडीसी ने कहा कि एनसीआर के वातावरण में प्रदूषण का स्तर निर्धारित मानकों से ज्यादा बढ़ गया है। कुछ दिन पूर्व ही प्रदूषण का स्तर कम होने पर ग्रेप-4 की पाबंदियों को हटाया गया था। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर जिला प्रशासन द्वारा फिर से ग्रेप 4 की पाबंदियों को लागू करते हुए विभिन्न विभागों को प्रदूषण नियंत्रण हेतु कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# विभागीय योजनाओं का चार्ट बनाकर काम करेंगे मंत्री

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री के अलावा सभी मंत्री और विधायक अब फील्ड में नजर आएंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री ने आज मंत्रिमंडल के सहयोगियों तथा विधायकों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री के सभी हलकों में होने वाले 'धन्यवादी दौरों' को लेकर भी चर्चा हुई। साथ ही, विकास का रोडमैप भी बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर लम्बे समय तक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अधिकारियों को भी वार्डबंदी का काम जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कुछ विधायकों ने परिवार पहचान-पत्र की त्रुटियों का



मुद्दा भी उठाया। मुख्यमंत्री को बताया गया कि जिलों में लगाए जा रहे समाधान शिविरों पर और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने हलकावार किए जाने वाले धन्यवादी दौरे को लेकर भी मंत्रियों व विधायकों से चर्चा की। उन्होंने मंत्रियों को कहा कि वे अपने-अपने विभागों से जुड़ी योजनाओं की मॉनिटरिंग करें। विकास परियोजनाओं को सिरे चढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाएं। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व विधायकों से भी हलका की प्राथमिकता के आधार पर सूची देने को कहा है। मार्च में हरियाणा की नायब सरकार अपना पहला वार्षिक बजट पेश करेगी। मंत्रियों व विधायकों से इसलिए विकास योजनाओं की लिस्ट बनाने को कहा है ताकि उन्हें बजट में शामिल किया जा सके। उन्होंने ग्राउंड पर चल रहे विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी मंत्रियों व विधायकों को दिए। बैठक में कुछ मंत्रियों के अलावा विधायकों ने अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले की मांग उठाई। मुख्यमंत्री के सामने यह मुद्दा रखते हुए कहा कि सामान्य ट्रांसफर के लिए मंत्रियों को कुछ समय के लिए अधिकार दिए जाने चाहिए। कुछ विधायकों ने तर्क दिया कि फील्ड में अभी भी ऐसे कई अधिकारी व कर्मचारी मुख्य पदों पर बैठे हैं।

## जम्मू-कटरा एक्सप्रेस व अन्य एक्सप्रेसवे के संदर्भ में डीआरओ को शिकायत दें

**एजेंसी**
**सोनीपत।** जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे, सोनीपत-गोहाना- जींद ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे, बड़वासनी से दिल्ली यूईआर-2, मेरठ-खरखोदा-लोहारू सहित जितने भी एक्सप्रेसवे जिला से गुजरते हैं। उनके नीचे से अगर किसी किसान को चकबंदी रिकॉर्ड के अनुसार रास्ते व खाल बंद होने से दिक्कत आ रही है तो वह इसके लिए लघु सचिवालय सोनीपत स्थित डीआरओ कार्यालय के कमरा नंबर 115 में अपनी शिकायत दे सकते हैं। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि किसान अपनी शिकायत लिखित में दें, ताकि जल्द से जल्द उनका समाधान किया जासके। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में मिली शिकायतों के बाद यह निर्देश दे रहे थे। समाधान शिविर में आई 20 शिकायतों में से आठ शिकायतों को मौके पर ही समाधान करवाया गया। इसके अलावा 12 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों में भेजा गया। समाधान शिविर में राजस्व विभाग, परिवार पहचान पत्र, स्वास्थ्य विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, पुलिस इत्यादि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। डीसीपी नरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम अमित कुमार, नगराधीश रेणुका नांदल, डीआरओ हरिओम अत्री तथा डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पलवल के व्यापारी वर्ग में बदमाशों की धमकी का खौफ ,खेल राज्यमंत्री से मिलकर मांगी सुरक्षा

**एजेंसी**
**पलवल।** पलवल में व्यापार मंडल ने शहर के व्यापारियों से रंगदारी मांगने की वारदातों पर रोष व्यक्त किया है। व्यापारियों ने इसको लेकर खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल के प्रधान बलराम गुप्ता की अध्यक्षता में व्यापारियों ने मंत्री से आरोपियों को पकड़ कर सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की है।

पलवल जिला व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने बताया कि पलवल शहर में व्यापारियों को फिरौती के लिए लगातार धमकियां मिल रही हैं। व्यापारियों के पास विदेश में बैठे बदमाशों के फोन आते हैं। इससे व्यापारियों में भय का माहौल है। रंगदारी मांगने की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं, मगर पुलिस मुख्य आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि अनजान फोन से धमकी देने वाले बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तार हो। व्यापार मंडल ने मंत्री से मांग की कि शहर में पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। पलवल शहर के बाजारों के प्रत्येक चौराहे पर कैमरे लगाए जाएं और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए उन्हें



निजी हथियारों के लिए लाइसेंस दिए जाएं। साथ ही बाजारों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही व्यापार मंडल एसपी से मुलाकात कर व्यापारियों को सुरक्षित वातावरण देने की मांग करेगा।वहीं मंत्री गौरव गौतम ने कहा व्यापारी वर्ग के साथ खड़े हैं। किसी भी व्यापारी भाई को कोई नहीं आने दी जायेगी। उनके यथासंभव निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश संगठन सचिव प्रवीण गर्ग, अध्यक्ष अन्नू गर्ग, अध्यक्ष रेडिमेट एसोसिएशन विजय तायल जरनल मर्चेंट, देवेंद्र गुप्ता, मंदीप तायल, पीयूष दिलवाली, राजकुमार गुप्ता व दीपक गोयल आदि शामिल थे।

## शहरी स्थानीय निकाय अधिकारियों की बैठक में डीसी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**एजेंसी**
**रोहतक।** शहरी स्थानीय निकाय अधिकारियों की अहम बैठक लघु सचिवालय स्थित कॉफ्रेन्स हाल में हुई। उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा ने अधिकारियों को निर्देश दिए की वे शहर में भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पंजीकृत रेहड़ी संचालकों के लिए पहले से निर्धारित स्थानों के अलावा नए वेडिंग जोन चिन्हित करें, ऐसा करने वे व्यवस्थित ढंग से अपनी रेहड़ी लगा सकें ताकि शहर में जगह-जगह पर भीड़ न हो। इसके साथ ही शहर में नो वेडिंग जोन भी बनाए जाएं, ताकि वहां पर कोई किसी प्रकार की रेहड़ी ना लगा सकें।उन्होंने कहा कि वेडिंग जोन में वैकल्पिक बिजली का कनेक्शन और पेयजल की सुविधा हो। इसके साथ ही वैकल्पिक शौचालय की भी सुविधा होनी चाहिए। वेंडिंग जॉन में कूड़ा कचरा डालने के लिए डस्टबिन भी रखे जाएं ताकि वहां पर आने वाले आमजन के अलावा रेहड़ी और ठेला संचालक इधर-उधर कचरा ना फेंक कर डस्टबिन में ही कचरा डाल सकें। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं की शहर में बड़े वेंडिंग जॉन स्थापित हों, बल्कि पांच या दस रेहड़ी की क्षमता के वेंडिंग जोन बनाए जा सकते है, जहां पर यह रेहड़ी आसानी से खड़ी हो सकें। वेंडिंग जोन में केवल पंजीकृत रेहड़ी संचालकों को ही




जगह दी जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेहड़ी संचालकों को पहचान पत्र जारी किए जाएं। साथ ही रेहडी संचालकों को सख्त चेतावनी भी दे कि वे जहां पर रेहडी लगा रहे है, वहां पर किसी प्रकार का पक्का निर्माण नही करे, क्योकि जो जगह उन्हें रेहडी लगाने के लिए दी जा रही है, वह अस्थाई तौर पर रहेगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को वेंडिंग जोन के लिए पूरे शहर में सभी वार्डो में सर्वे करने के भी निर्देश दिए। सामान्य वार्डो के साथ-साथ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के वार्डो में भी सर्वे किया जाए तथा जरूरत के अनुरूप सक्षम के तहत युवाओं को शामिल करें।बैठक में नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, एचएसबीसी के संपदा अधिकारी मुकुंद तंवर, पुलिस उपाधीक्षक वीरेंद्र सिंह, जिला नगर योजनाकार सुमनदीप प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्रतिभागियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए महत्वपूर्ण कौशल से युक्त करना ही उद्देश्यः प्रो. सुनीता

**एजेंसी**
**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) में 'क्षमता निर्माण एवं शैक्षणिक नेतृत्व' विषय पर लघु अवधि कार्यक्रम शुरू किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रायोजित यह ऑनलाइन कार्यक्रम 21 दिसंबर तक चलेगा। एमएमटीटीसी की निदेशिका प्रो. सुनीता रानी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को शैक्षणिक एवं प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए महत्वपूर्ण कौशल से युक्त करना है। प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिदिन आयोजित होने वाले चार सत्रों में संचार, नैतिक नेतृत्व,



वित्तीय कौशल, निर्णय लेने और सहयोगी नेतृत्व जैसे विषयों को शामिल किया जाएगा। इन सत्रों में उद्योग भागीदारी, समावेशी शिक्षा और परिवर्तनकारी नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी, जिससे उच्च शिक्षा की चुनौतियों का सामना करने के लिए रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम में 80 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।एमएमटीटीसी के उप निदेशक डॉ. हरदेव सैनी ने कहा कि कार्यक्रम की उपयोगिता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के डॉ. मणि श्रेष्ठ और रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. महावीर प्रसाद द्वारा समन्वित यह कार्यक्रम विभिन्न शैक्षणिक और प्रशासनिक भूमिकाओं में लगे संकाय सदस्यों के लिए तैयार किया गया है।कार्यक्रम के पहले दिन आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. रामकुमार काकानी ने 'उच्च शिक्षा प्रणाली में करियर के विभिन्न चरणों में अकादमिक क्षेत्र में सफलता की खोज' विषय पर प्रतिभागियों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा की। कार्यक्रम के समन्वयकों ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रतिभागियों की योग्यता और शैक्षणिक कौशल को बढ़ाने के लिए ऐसे कई और सत्रों की योजना बनाई गई है।

## फर्जी सर्टिफिकेट से सोहना नप का चुनाव जीती चेयरपर्सन अंजू देवी की गई कुर्सी

**एजेंसी**
**गुरुग्राम।** सोहना नगर परिषद की चेयरपर्सन भाजपा नेत्री अंजू देवी की आखिरकार कुर्सी पर संकट आ ही गया। आठवीं कक्षा का फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर उन्होंने चुनाव लड़ा था। आम आदमी पार्टी की टिकट पर चुनाव लडने वाली प्रत्याशी ललिता ने अंजू देवी की शिकायत करके केस दर्ज कराया था। अंजू देवी 30 दिन राजस्थान में जेल में भी रहीं। जमानत पर रिहा होकर भाजपा सरकार ने उन्हें फिर से चेयरपर्सन पद पर बिठा दिया था। 19 जून 2022 को नगर परिषद सोहना के चुनाव हुए थे। इस चुनाव में अंजू देवी ने जीत दर्ज की थी। अंजू देवी द्वारा चुनाव प्रक्रिया में जमा कराए गए दस्तावेजों में से 8वीं कक्षा की मार्कशीट को फर्जी बताते हुए आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार ललिता ने राजस्थान में केस दर्ज कराया था। साथ ही पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की थी। अंजू देवी को 28 मई 2023 को नगर परिषद सोहना के वार्ड-2 स्थित गलोबल हाईट सोसायटी के फ्लैट से राजस्थान पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया था। उन्हें अदालत ने जमानत ना देकर जेल भेज दिया। 30 दिन तक वे राजस्थान में जेल में रहीं। जेल जाने के साथ ही हरियाणा सरकार ने अंजू देवी को चेयरपर्सन पद से निलंबित कर दिया था। चेयरपर्सन का चार्ज वाईस चेयरपर्सन को दे दिया गया। चार जुलाई को अंजू देवी की जमानत याचिका को अदालत ने स्वीकार करके जमानत दे दी थी।

# जिला योजनाकार विभाग ने दो निर्माणों पर चलाया पीला पंजा

**एजेंसी**
**हिसार।** हिसार जिला योजनाकार विभाग की टीम ने हांसी में दो स्थानों पर जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण ध्वस्त किए। इस दौरान काफी संख्या पुलिस कर्मचारी मौजूद थे। जिला योजनाकार विभाग की टीम सुबह पहले राजमार्ग स्थित शेरे पंजाब होटल पहुंची और कंट्रोल्ड एरिया में बिना अनुमति के किए गए निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। जिला योजनाकार अधिकारी गुंजन वर्मा ने बताया कि हिसार दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शेरे पंजाब होटल के द्वारा किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि शेरे पंजाब होटल जिला योजनाकार विभाग के कंट्रोल्ड एरिया में बिना अनुमति के बनाया हुआ था। उसके बाद जिला योजनाकार विभाग की टीम ने तोशाम रोड स्थित हरियाणा गौशाला के सामने पैट्रोल पंप पहुंची और पैट्रोल पंप के बनाए गए एक मकान को जेसीबी की मदद से गिरा दिया गया। जिला योजनाकार विभाग की कार्रवाई का आवास मालिक उत्तम नगर निवासी बलजीत ने विरोध किया और उनके मकान को गिरा रही जेसीबी को रोकने का प्रयास किया लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बलजीत को पकड़ लिया। योजनाकार विभाग से भवन निर्माण करने की अनुमति नहीं ले रखी थी और विभाग के कंट्रोल्ड एरिया में बनाए गए भवन को तोड़ने के मकान मालिक को नोटिस भी दे रखा था। मकान मालिक



इसी दौरान बलजीत के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के सामने उनकी एक नहीं चली और योजनाकार विभाग ने मकान को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया।जिला योजना कर अधिकारी गुंजन वर्मा ने बताया कि बलजीत सिंह द्वारा उनके विभाग के कंट्रोल्ड एरिया की जमीन पर मकान बनाया हुआ था। मकान मालिक बलजीत ने जिला द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाया जिसकी वजह से मकान पर पीला पंजा चलाया गया है। उधर, मकान मालिक बलजीत ने बताया कि इस निर्माण से संबंधित मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। बलजीत ने बताया कि इस मामले को लेकर अब वे उच्चतम न्यायालय में जाएंगे। बलजीत ने बताया कि जब उन्होंने पुलिस प्रशासन से मकान तोड़ने के आदेश की कॉपी मांगी तो पुलिस प्रशासन ने आदेश की कॉपी नहीं दिखाई।

## बांग्लादेशी घुसपैटियो एवं रोहिंग्या मुसलमानों को लेकर फरीदाबाद पुलिस अलर्ट

**एजेंसी**
**फरीदाबाद।** बांग्लादेशी घुसपैटियो एवं रोहिंग्या मुसलमानों को लेकर फरीदाबाद पुलिस अलर्ट हो गई है और पुलिस ने सर्च अभियान चलाया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली में अवैध रुप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर छापेमारी की गई है। जिसके कारण दिल्ली में रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्या मुसलमानों का फरीदाबाद में आगमन की संभावना से इंकार नही किया जा सकता, जिसपर संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त सौरभ सिंह ने फरीदाबाद पुलिस के सभी पुलिस उपायुक्त को निर्देशित किया है कि अपने अपने क्षेत्र में इस ओर विशेष ध्यान देकर निगरानी का स्तर बढ़ाया जाए तथा लगातार चेकिंग कराई जाए। दिल्ली से बांग्लादेशी व रोहिंग्या मुसलमानों का फरीदाबाद में आगमन की संभावना के मध्यनगर पुलिस आयुक्त फरीदाबाद के दिशा निर्देशों के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए सभी थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारियों व अपराध शाखा की टीमों द्वारा दिल्ली के सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही फरीदाबाद स्थित होटलों/धर्मशालाओं/सराय इत्यादि की चैकिंग के साथ-साथ यातायात व लोकल पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर वाहनों की



भी चेकिंग की जा रही है। मामले को लेकर फरीदाबाद पुलिस गम्भीर है किसी भी घुसपैटिया को फरीदाबाद में प्रवेश नही करने दिया जाएगा। फरीदाबाद पुलिस के गुप्त तंत्रों अलर्ट है और सभी प्रबंधक थाना, चौकी प्रभारी व अपराध शाखा द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सर्च की जा रही है।

# एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने लिया राखीगढ़ी महोत्सव की तैयारी का जायजा

**एजेंसी**
**हिसार।** जिला प्रशासन की ओर से 20 से 22 दिसंबर तक तीन दिवसीय राखीगढ़ी महोत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा एवं हांसी पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर समारोह स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महोत्सव बारे की जा रही तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को 19 दिसंबर तक तमाम प्रबंध पूर्ण करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि राखीगढ़ी महोत्सव की तैयारियां तेजी से की जा रही है।

सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित कर उन्हें निर्देश दे दिए गए हैं कि 19 दिसंबर तक सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में विभिन्न प्रकार के खेलो, सांस्कृतिक गतिविधियां तथा सेमिनारों का आयोजन किया जाएगा। इनके अलावा लगभग सभी विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाले भी लगाई जाएगी। राखी गढ़ी



महोत्सव को देखने के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। लोगों की सुविधा के लिए वाहन पार्किंग की अलग से व्यवस्था की गई है। हांसी पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा ने बताया कि महोत्सव में सुरक्षा को लेकर व्यापक कड़े प्रबंध किए जाएंगे। इसको लेकर समारोह स्थल का जायजा ले लिया गया है और पर्याप्त पुलिस अधिकारी तथा कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करने के निर्देश दे दिए गए हैं। इस अवसर पर एसीयूटी कनिका गोयल, नारनौंद उपमंडल के एसडीएम मोहित महराणा, हिसार एसडीएम हरबीर सिंह, डीएसपी राज सिंह, जीएम रोडवेज हिसार डॉ. मंगल सेन, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रोहित कुमार सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# हरियाणा में जल्द बनेंगे नए जिले व उपमंडल

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने नए जिलों के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नायब सरकार द्वारा विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार की अध्यक्षता में बनाई गई कैबिनेट सब-कमेटी की पहली बैठक चंडीगढ़ में हुई। बैठक में कमेटी के सदस्यों के रूप में राजस्व एवं शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल, संसदीय कार्य मामले मंत्री महीपाल सिंह ढांडा व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मौजूद रहे। एफसीआर तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी तथा विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव अनुराग अग्रवाल के अलावा कई वरिष्ठ अधिकारी बैठक में मौजूद थे। बैठक में नये जिलों, उपमंडलों, तहसील व उप-तहसील की मांग से जुड़े लगभग एक दर्जन एजेंडे रखे गए। कैबिनेट सब-कमेटी ने सभी मांगों को लेकर संबंधित जिलों के डीसी से रिपोर्ट मांगने का निर्णय लिया है। डीसी द्वारा जिले, उपमंडल, तहसील व उप-तहसील निर्माण से जुड़ी मांगों का ग्राउंड पर अध्ययन करवाया जाएगा। डीसी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर भेजेंगे। जिस शहर को नया जिला बनाया जाना है, उसमें कौन-कौन से हलके, उपमंडल, शहर, कस्बे, तहसील, उप-तहसील, ब्लाक समिति व गांव शामिल होंगे। इसकी रिपोर्ट भी जिला उपायुक्तों को भेजनी होगी। इसी तरह उपमंडल को लेकर भी पूरी रिपोर्ट जिलों से आएगी।जिला उपायुक्तों के पास से रिपोर्ट आने के बाद कैबिनेट सब-कमेटी उस पर मंथन करेगी। इसके बाद ही कमेटी द्वारा कोई निर्णय लिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया को पूरी करने के बाद कमेटी भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अपनी रिपोर्ट देगी। प्रदेश में अभी तक 2011 की जनगणना के हिसाब से काम चल रहा है। ऐसे में नई जनगणना हुए बिना नये जिलों, उपमंडल व तहसील आदि के बनने की मांग में और भी देरी हो सकती है। इससे पहले सब-कमेटी अपनी बाकी प्रक्रिया पूरी कर लेना चाहती है। प्रदेश में हांसी, गोहाना, असंध, डबवाली और मानेसर को नया जिला बनाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है।

## मां बनने के बाद काम पर लौटीं

# राधिका आप्टे

## बेबी को ब्रेस्टफीड करते हुए की मीटिंग





बॉलीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे ने हाल ही में एक नन्ही परी को जन्म दिया है। उन्होंने अपने बेबी की तस्वीर भी अपने फैंस के साथ शेयर की है। राधिका ने बेटी को जन्म देने के एक हफ्ते बाद अपने फैंस के साथ तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें गुडन्यूज दी है। राधिका आप्टे बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती नजर आईं थीं। राधिका के बेबी बंप को देख उनके फैंस हैरान रह गए थे। अब राधिका ने अपने बेबी की पहली झनक दिखाई है।

**राधिका ने शेयर की अपने बेबी की पहली तस्वीर**

राधिका आप्टे ने अपनी नन्ही परी की जो तस्वीर शेयर की है उसमें वो बेटी को ब्रेस्टफीड कराती नजर आ रही हैं। बेटी के जन्म के एक हफ्ते बाद ही राधिका आप्टे काम पर लौट आई हैं। उन्होंने फोटो को शेयर करते हुए लिखा- जन्म के बाद पहली मीटिंग अपने एक सप्ताह के बच्चे के साथ। उन्होंने हैशटैग ब्रेस्टफीडिंग, मदर्स एट वर्क, इट्स अ गर्ल लिखा।

**राधिका आप्टे को दोस्तों ने दी बधाई**

राधिका आप्टे के इस पोस्ट पर फैंस और उनके दोस्तों ने कमेंट्स किए हैं। कोंकणा सेन शर्मा ने राधिका के पोस्ट पर कमेंट करते हुए उन्हें बधाई दी है। विजय वर्मा, दिव्येंदु शर्मा, राजीव मसंद, ईशा तलवार और जोया अख्तर जैसे कलाकारों ने भी राधिका को बधाई दी है।

**साल 2012 में बेनेडिक्ट टेलर संग राधिका ने रचाई थी शादी**

राधिका आप्टे ने साल 2012 में बेनेडिक्ट टेलर के साथ शादी रचाई थी। अब शादी के 12 साल राधिका एक बच्ची की मां बनी हैं। राधिका आप्टे के काम की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2005 में फिल्म वाह लाइफ हो तो ऐसी से से की थी। हालांकि, फिल्म में उनका रोल काफी छोटा था।

## फॉर्मर प्रोटेस्ट के बीच

# गुरु रंधावा

## ने सरकार से अपील में किया ट्वीट, ट्रोल बोला- पैसे मिल गए या...?

गुरु रंधावा शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हो रहे किसान प्रोटेस्ट पर कई ट्वीट्स कर चुके हैं। उनके एक ट्वीट पर शख्स ने ट्रोल करते हुए नेगेटिव कमेंट लिखा जिसका गुरु ने काफी शालीनता से जवाब दिया है। गुरु ने भारतीय सरकार से रिक्वेस्ट की है कि शांति से बैठकर एक बार किसानों की बात सुन लें। इस पर



कई तरह के कमेंट्स दिख रहे हैं।

**गुरु ने किया था ये ट्वीट**

गुरु रंधावा ने ट्वीट किया था, किसान हमारे देश के हर घर को खाना देते हैं। उनकी आवाज सुनी जानी चाहिए। सरकार के अधिकारियों से दरख्वास्त करता हूं कि प्लीज किसानों के साथ बैठकर उनसे बात कर लें।

**मैं किसान परिवार से हूं**

गुरु के ट्वीट पर एक शख्स ने कमेंट किया है, पैसे मिल गए या धमकी ? इस पर गुरु ने जवाब दिया है, मैं खुद किसान परिवार से हूं मेरे भाई, दोनों में से कुछ नहीं मिला।

सिर्फ रिक्वेस्ट कर रहा हूं एक भारतीय के नाते। खुश रहो। पता नहीं लग रहा है क्या हो रहा है हमारे देश में, कुछ भी लिखो नफरत तो मिलनी ही है। खुश रहो भाई।

**किया ये भी पोस्ट**

एक और पोस्ट में गुरु ने लिखा है, एक साथ होकर अपने देश को सपोर्ट करते हैं। मेरी मिट्टी, मेरा देश दुनिया का बेस्ट देश है।



## राजेश खन्ना के साथ ये दो फिल्म शूट करते वक्त प्रेग्नेंट थीं शर्मिला, बोलीं- हम साथ में...



शर्मिला टैगोर और राजेश खन्ना बॉलीवुड की आइकॉनिक जोड़ी मानी जाती है। शर्मिला और राजेश खन्ना ने कई फिल्मों में साथ काम किया। इनकी जोड़ी फैंस को खूब पसंद थी। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में शर्मिला टैगोर ने राजेश खन्ना के साथ अपनी ऑनस्क्रीन केमेस्ट्री को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि राजेश खन्ना के साथ की गई दो आइकॉनिक फिल्मों के दौरान शर्मिला प्रेग्नेंट थीं। इसी के साथ उन्होंने बताया कि राजेश खन्ना के साथ शूट करते वक्त उन्हें क्या दिक्कत होती थी।

**दो आइकॉनिक फिल्मों के वक्त प्रेग्नेंट थीं शर्मिला टैगोर**

द फ्री प्रेस जर्नल के साथ खास बातचीत में शर्मिला टैगोर ने बताया कि जब वो राजेश खन्ना के साथ फिल्म अराधना शूट कर रही थीं। उस वक्त वो प्रेग्नेंट थीं। वो तब सैफ अली खान को जन्म देने वाली थीं। उन्होंने कहा, काका और मैनें कई फिल्में साथ में की हैं। हम साथ में अच्छे से काम करते थे। अराधना के वक्त मैं सैफ के साथ प्रेग्नेंट थीं। वहीं, छोटी बहू के वक्त उनके पेट में सोहा अली खान थीं।

**सेट पर टाइम से नहीं आते थे राजेश खन्ना**

राजेश खन्ना के साथ काम करने पर शर्मिला टैगोर ने कहा, काका और मेरे बीच दो बड़ी समस्याएं थीं। वो सेट पर बहुत देरी से आते थे और कैमरे पर हमारी बेस्ट प्रोफाइल सेम ही थीं। तो हम जब भी एक फ्रेम होते थे तो कोशिश करते थे की कैमरामैन हमारी राइट प्रोफाइल शूट करे।

**इन फिल्मों में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर साथ आए नजर**

राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर की फिल्म अराधना साल 1969 में रिलीज हुई थी। वहीं, फिल्म छोटी बहू साल 1971 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। इसके अलावा राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर सफर (1970) और दाग (1973) जैसी फिल्मों में भी साथ नजर आए थे।

## राजकुमार राव करने वाले थे यह खास किरदार, इसी फिल्म से बदली विकी कौशल की किस्मत



बॉलीवुड फिल्मों में कई बार चीजें इतनी नाटकीय ढंग से होती हैं कि असल कहानी भी फिल्मों के ट्विस्ट जैसी ही मालूम देती है। स्टार बन चुके एक्टर विकी कौशल की जिंदगी में इस तरह के ट्विस्ट कई बार आए हैं। कटरीना कैफ से शादी हो या फिर इंडस्ट्री में उनकी शुरुआत, विकी कौशल ने एक-दो नहीं बल्कि कई बार वो ट्विस्ट देखे हैं। क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड एक्टर विकी कौशल की फिल्म %मसान% जिसने उन्हें पहली बार फेम दिलाया, वो असल में राजकुमार राव को मिलने वाली थी। फिल्म में संजय मिश्रा ने जो किरदार निभाया वो दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी करने वाले थे।

**जब घूमा विकी की किस्मत का पहिया**

कम लोग जानते हैं कि जिस फिल्म ने विकी कौशल की जिंदगी बदल दी, वो असल में राजकुमार राव करने वाले थे। बात इतनी आगे बढ़ चुकी थी कि मेकर्स ने उनके और मनोज बाजपेयी के साथ प्रोमो भी शूट कर लिया था। लेकिन फिर किस्मत का पहिया ऐसा घूमा कि चीजें बड़े जादुई ढंग से विकी कौशल के पक्ष में आनी शुरू हो गईं। विकी कौशल ने खुद यह किस्सा एक इंटरव्यू में बताया था कि कैसे वो फिल्म उन्हें आखिरी वक्त पर ऑडिशन के बाद मिली थी क्योंकि राजकुमार राव के साथ बात नहीं बन रही थी।

**राजकुमार राव को मिलना था वह रोल**

विकी कौशल ने अपने एक इंटरव्यू में बताया, तब इस फिल्म का नाम सांड़ सीड़ी सन्यासी था। विकी कौशल ने बताया कि बनारस को असल में इन चार-पांच चीजों के लिए ही जाना जाता है। बनारस में यह चीजें खूब मिलती हैं। राजकुमार राव ने वह रोल करने वाले थे जो मैंने किया था। संजय मिश्रा जी का रोल मनोज बाजपेयी जी करने वाले थे। उन्होंने राजकुमार राव को बुलाकर प्रोमो वीडियो भी शूट कर लिया था। मनोज सर के लिए उन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर से लुक लेकर फिल्म में डालने की कोशिश की थी। कुछ-कुछ करके उन्होंने प्रोमो तैयार कर दिया था।

**अक्टूबर में ही होनी थी फिल्म की शूटिंग**

विकी कौशल ने बताया, हमें वो फिल्म अक्टूबर में ही शूट करनी थी जब वहां पर दुर्गा पूजा होती है। बजट इतना कम था कि हम वो माहौल खुद से नहीं बना पाते। अगर वो मिस कर जाते तो उन्हें एक साल और इंतजार करना पड़ता ताकि दुर्गा पूजा आए और फिर से हमें वही माहौल शूटिंग के लिए मिले। मुझे लगता है कि राजकुमार राव की डेट्स क्लैश कर रही थीं और बात बन नहीं रही थी। स्लॉट खाली था और वह अब एक नया एक्टर ढूंढ रहे थे। मैंने ऑडिशन दिया और बात बन गई। तो इस तरह जो फिल्म राजकुमार राव के हिस्से आनी थी, वो विकी कौशल को मिली और इस तरह उनके करियर की ब्रेक थ्रू फिल्म उन्हें मिली।


राँची और दिल्ली के साथ–साथ
अब
रायपुर (छत्तीसगढ़)
से
प्रकाशित
आदिवासी एक्सप्रेस
आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अख़बार
सत्य और निष्पक्ष समाचारों के लिए पढ़ें !
सम्पर्क सूत्र :–
aadivasiexpress@gmail.com
birsatimes@gmail.com
8084674042
6202611859
8084674042